संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 09 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में केदार जाधव भाजपा में शामिल हो गए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 96 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया: राहुल

● सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है: मल्लिकार्जुन खरगे

**अधिवेशन**

▶▶ हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद:** मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। रिपोर्ट के मुताबिक राहुल ने यह भी कहा- हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है। मुद्दे उठाते रहना है।

**खड़गे बोले- भाजपा-संघ के लोग गांधीजी का चश्मा-छड़ी चुरा सकते हैं, उनके आदर्श नहीं**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ।खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते। खड़गे अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे। भाजपा जानबूझकर नेहरू-पटेल को एक-दूसरे का विरोधी बताती है उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है, जिसका पिछले 140 वर्षों से देश की सेवा और लड़ाई का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने भाजपा-संघ पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के रूप में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह दिखाने की साजिश की कि सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच ऐसा रिश्ता था कि दोनों नायक एक-दूसरे के खिलाफ थे। सच्चाई यह है कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू थे। पटेल और नेहरू के किस्से सुनाए खड़गे ने कहा- कई घटनाएं और दस्तावेज पटेल और नेहरू के सौहार्दपूर्ण संबंधों के गवाह हैं। खड़गे ने 1937 में गुजरात विद्यापीठ में सरदार पटेल के भाषण का हवाला देते हुए एक घटना सुनाई। उन्होंने बताया- उस दौरान नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष थे और गुजरात के युवा चाहते थे कि उन्हें प्रांतीय चुनावों में प्रचार के लिए बुलाया जाए। सरदार पटेल ने 7 मार्च 1937 को कहा था कि जिस दिन गुजरात इस चुनाव आंदोलन में विजयी होकर कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी साबित करेगा, हम कांग्रेस अध्यक्ष नेहरूजी का फूलों से स्वागत करेंगे। आप इस बात से समझ सकते हैं कि सरदार नेहरूजी से कितना प्यार करते थे। सरदार पटेल ने नेहरू की सराहना की खड़गे ने कहा- 14 अक्टूबर 1949 को सरदार पटेल ने नेहरूजी के लिए एक किताब में कहा था- पिछले दो कठिन वर्षों में नेहरूजी ने देश के लिए जो अथक प्रयास किए हैं, उसे मुझसे बेहतर कोई नहीं जानता।

### गुजरात में 64 साल बाद हो रहा अधिवेशन

गुजरात में 64 साल बाद पार्टी यह कार्यक्रम कर रही है। इससे पहले 1961 में भावनगर में अधिवेशन हुआ था। यह आजादी के बाद गुजरात में कांग्रेस का पहला कार्यक्रम था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी सुबह करीब 10.30 बजे अहमदाबाद पहुंचे।

**बुधवार को साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन होगा:** 9 अप्रैल को मुख्य अधिवेशन होगा, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह कार्यक्रम साबरमती रिवर फ्रंट पर होगा।

### गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे: जयराम रमेश



पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे। आज सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ। गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरु आधुनिक भारत के निमार्ता थे। इन दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं होने का दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। मीटिंग में सरदार वल्लभभाई पटेल को लेकर एक विशेष प्रस्ताव पास किया गया है। कल दो दो मुद्दों पर चर्चा होगी। हमारे प्रस्ताव से मालूम होगा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के बीच कैसे रिश्ते थे। इन्होंने गांधीजी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी और बाद में भारत की नींव रखी। आज किसानों की बातें नहीं सुनी जा रही हैं। ये सरदार पटेल की अवमानना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं।

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस ऐतिहासिक जगह पर मीटिंग और की एक्सटेंडेड मीटिंग की। यह मीटिंग पार्टी की जर्नी में बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरदार पटेल की जयंती के मौके पर हो रही है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल हैं।

# लागू हुआ वक्फ कानून

पश्चिम बंगाल में हिंसा, प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, गाड़ियां जलाईं; पुलिस ने लाठीचार्ज किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुर्शिदाबाद:** वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से, 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। इससे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

### सुप्रीम कोर्ट में 11 याचिकाएं दर्ज

नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 7 अप्रैल तक 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि हमारी राज्य इकाइयां भी हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई को लेकर सोमवार को कहा- वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को लिस्ट करने यानी सुनवाई पर फैसला करेंगे। कपिल सिब्बल ने अदालत से अर्जेंट हियरिंग की मांग की थी।

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 गौरवशाली वर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने 10 वर्षों में लाखों उद्यमियों को सशक्त बनाया है। इसके तहत बिना किसी जमानत के ऋण प्रदान किया गया है। इस योजना के तहत एक दशक से भी कम समय में 33.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि 52.37 करोड़ ऋणों के जरिए प्रदान की गई है। पीएमएमवाई 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना के 10 साल पूरा होने पर इसके लाभार्थियों से बात किया और उन्हें बधाई दी। वित्त मंत्रालय ने मंलवार को एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ किया था। इस योजना से संपूर्ण भारत में छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को सशक्त बनाने के 10 गौरवशाली वर्ष पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय अर्जित करने वाली गतिविधियों के लिए आसानी से और बिना किसी जमानत के 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है।

## केंद्र ने 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय को किया अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने एक राज्य-एक आरआरबी के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को मंजूरी दे दी है, जिसे अधिसूचित भी कर दिया गया है। इस अधिसूचना के बाद एक मई, 2025 से देश के प्रत्येक राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होगा। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक एक मई, 2025 से देश के प्रत्येक राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) मौजूद होगा। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा, जिसके पूरा होते ही आरआरबी की मौजूदा संख्या 43 से घटकर 28 रह जाएगी। देश के 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं राजस्थान में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक इकाई के रूप में विलय किया जाएगा।



**विलय**

▶▶ इस अधिसूचना के बाद एक मई, 2025 से देश के प्रत्येक राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होगा

## भाजपा 14 अप्रैल से शुरू करेगी डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 14 से 25 अप्रैल तक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर स्वाभिमान अभियान चलाएगी। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को एक राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अभियान की राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।

## तमिलनाडु के राज्यपाल पर सुप्रीम कोर्ट की कठोर टिप्पणी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने आज तमिलनाडु के राज्यपाल पर कठोर टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल का तमिलनाडु विधानसभा में पारित 10 विधेयकों को लंबित रखना 'असंवैधानिक' है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इन विधेयकों पर राष्ट्रपति की ओर से उठाए गए कदम का कोई मतलब नहीं है। इन विधेयकों को विधानसभा की ओर से दोबारा पारित करने के बाद इन्हें राज्यपाल की सहमति मिला हुआ माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की मंशा ठीक नहीं थी। उन्होंने इन विधेयकों को लंबे समय तक अपने पास रखने के बाद राष्ट्रपति के पास भेजा।राष्ट्रपति के पास भी तब भेजा गया जब सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल वाले मामले में अपना फैसला सुनाया। पंजाब के राज्यपाल वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल किसी विधेयक को लंबे समय तक रखकर उस पर अपना वीटो नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत विधानसभा की ओर से पारित विधेयकों पर राज्यपाल को फैसला लेने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। दिशा-निर्देश के मुताबिक राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए किसी विधेयक पर फैसला लेने या राज्यपाल के पास भेजने के लिए अधिकतम एक महीने के अंदर फैसला लेना होगा।



## सेना प्रमुख पहुंचे एलओसी, तैयारियों का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सुरक्षा स्थिति और परिचालन तत्परता की समीक्षा करने के लिए मंगलवार को श्रीनगर का दौरा करके चिनार कोर कमांडर से ताजा हालात की जानकारी ली। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों और उच्च परिचालन मानकों को बनाए रखने पर चर्चा की। इससे पहले जनरल द्विवेदी ने वेलिंगटन के डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता और आधुनिक युद्ध की तैयारियों पर जोर दिया। भारतीय सेना के मुताबिक थल सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति और बलों की परिचालन तत्परता का आकलन करने के लिए श्रीनगर का दौरा किया और वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य पर व्यापक मुद्दों पर चर्चा की। जनरल द्विवेदी को चिनार कॉर्प्स कमांडर ने क्षेत्र के नवीनतम घटनाक्रम और परिचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सेना प्रमुख ने फॉर्मेशन कमांडर के साथ भी मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों और समग्र सुरक्षा परिदृश्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह दौरा सेना के उच्च परिचालन मानकों को बनाए रखने के लिए चल रहे उन प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें सेना किसी भी सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है। भारतीय सेना जम्मू और कश्मीर में विकसित सुरक्षा गतिशीलता के प्रति सतर्क है।

**परिचालन**

▶▶ मंगलवार को श्रीनगर का दौरा करके चिनार कोर कमांडर से ताजा हालात की जानकारी ली।

## भविष्य की नौसेना के लिए प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा चरण नई दिल्ली के नौसेना भवन में शुरू हो गया है। कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने भविष्य की नौसेना को तैयार करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने नौसेना कमांडरों से बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय संबंधों से संबंधित व्यापक मुद्दों पर चर्चा की। नौसेना कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में क्षेत्र कमांडरों, कमान और नौसेना मुख्यालय के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीएनएस ने सफल परिचालन अभ्यासों, प्लेटफार्मों की उच्च परिचालन उपलब्धता के लिए नौसेना को सराहा। उन्होंने भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ संयुक्त अभियानों के माध्यम से लड़ाकू तैयार बल बनाए रखने में नौसेना की उपलब्धियों की सराहना की। घरेलू जहाज निर्माण उद्योग पर प्रकाश डालते हुए नौसेना प्रमुख ने भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। नौसेना प्रमुख ने उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारतीय महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना के दायित्व, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय अभ्यासों में शामिल होने के महत्व को दोहराया। उन्होंने तटीय देशों को ह्यऑपरेशन ब्रह्माह्न और आईओएस सागर की तैनाती जैसी गतिविधियों के माध्यम से समर्थन देकर एकजुट होने का आह्वान किया। परिचालन और संगठनात्मक चपलता और अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों और हितधारकों के साथ तालमेल हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने नौसेना कमांडरों से बातचीत की।



**मंथन**

▶▶ नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा चरण नई दिल्ली के नौसेना भवन में हुआ

## विदेश में अध्ययनरत छात्र भारतीय मूल्यों और संस्कृति के दूत : ओम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि विदेश में अध्ययनरत भारतीय छात्र भारतीय मूल्यों और संस्कृति के दूत हैं। हजारों मील दूर रहने के बावजूद ये छात्र भारतीय मूल्यों से जुड़े हुए हैं और इनका प्रचार-प्रसार अपने मेजबान देशों में भी करते हैं। बिरला ने ये टिप्पणियां उज्बेकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा के दौरान समरकंद मेडिकल यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कीं। बिरला इस समय अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व कर रहे हैं। बिरला ने छात्रों को बताया कि भारत दुनिया के हर कोने में रह रहे भारतीयों की बराबर चिंता है।

## बैंक घोटाला मामले में ईडी की कर्नाटक में 10 जगहों पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जिला सहकारी बैंक घोटाले के सिलसिले में कर्नाटक के बेंगलुरु और शिवमोग्गा में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर बेंगलुरु और शिवमोग्गा में इन सभी ठिकानों पर एक साथ तलाशी शुरू की। ईडी की यह कार्रवाई जिला सहकारी बैंक से जुड़े कथित घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है।

**वार्ता** प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, संपर्क और जन संबंधों सहित दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने में दुबई की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की

# यूएई के रक्षा मंत्री ने की मोदी से मुलाकात, संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत यात्रा पर आए यूएई के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, संपर्क और जन संबंधों सहित दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने में दुबई की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विशेष यात्रा हमारी मजबूत दोस्ती की पुष्टि करती है और भविष्य में अधिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। मोहम्मद अल मकतूम ने मुलाकात पर खुशी जाहिर करते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी बातचीत ने यह एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि यूएई-भारत संबंध आपसी विश्वास पर आधारित हैं, इतिहास से प्रेरित हैं, और एक साझा दृष्टिकोण से संचालित हैं, जिसका उद्देश्य अवसरों, नवाचार, और स्थायी समृद्धि से परिपूर्ण भविष्य का निर्माण करना है। यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम भारत यात्रा पर हैं। आज उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वार्ता की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और क्राउन प्रिंस के बीच उत्पादक बैठक रही। भारत के लिए, यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अपार प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बारीकी से काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत और यूएई दोनों इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



**द्विपक्षीय**

▶▶ दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

# जिले में अब सप्ताह में 2 दिन लगेगा जनता समाधान शिविर, शुक्रवार को होगी समीक्षा



**शिविर**

▶▶ अब यह जनता समाधान शिविर सप्ताह में सोमवार व गुरूवार को आयोजित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम जनता समाधान शिविर में मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश पर बदलाव किया गया है। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि अब यह जनता समाधान शिविर सप्ताह में सोमवार व गुरूवार को आयोजित किया जाएगा। इसका समय प्रातः 10 से 12 बजे तक का ही रहेगा। हर शुक्रवार को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। इसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। सरकारी छुट्टी के कारण 15 को लगेगा जनता समाधान शिविर। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों से उनके विभागों के सम्बंध में लोगों द्वारा दी गई शिकायतों के समाधान को लेकर समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों से पूछा कि उनके विभाग की समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हो रहा। अधिकारियों ने उपायुक्त के सामने एक-एक करके अपनी स्थिति स्पष्ट की। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि देरी के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। हर अधिकारी की जिम्मेदारी व जवाबदेही बनती है। उपायुक्त ने कहा कि जो समस्याएं समाधान शिविर में रोजाना नागरिकों द्वारा दी जा रही है। हर अधिकारी इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी समझकर इसका तत्काल समाधान करने का प्रयास करें। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर जनता के हित को लेकर के आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि अब यह समाधान शिविर 15 अप्रैल को लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अधिकारियों के साथ शिविर में आने वाली समस्याओं के सन्दर्भ में समीक्षा बैठक की जाएगी।

# प्रेम सिंह बने भारतीय शिक्षा संस्थान के प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा, ( कुलदीप सिंह )**
समालखा का इकलौता संस्कृत संस्थान भारतीय शिक्षा संस्थान की प्रबंधक के त्री वार्षिक चुनाव सोमवार को सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। रिटायर्ड प्रिंसिपल लाभ सिंह कादियान की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुए चुनाव मे मास्टर प्रेम सिंह पावटी को सर्व सम्मति से प्रधान निर्वाचित किया गया।जबकि सत्यनारायण शर्मा को सचिव, जे बी गर्ग को कैशियर बनाया गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया जाएगा जो चुने हुए पदाधिकारियों की सहमति से बनाये जाएंगे। इस संस्था के अधीन भारतीय शिक्षा संस्थान ओर बी एस एस पब्लिक स्कूल संचालित होते है। इस मौके पर डॉ रणबीर कुरुक्षेत्र, विजय वेद अलंकार सोनीपत, दयालु अरोड़ा, रवि प्रकाश, सत्यवीर गुप्ता, सतबीर शास्त्री, डॉ चांदकौर, डॉ कमलेश व सुरेश शास्त्री आदि उपस्थित रहे।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ शेखर पुत्र** अमर नाथ, **निवासी:** मकान नं0 डी–114, गली नं0–1, गांव–झरोदा बुराड़ी, दिल्ली, ने **FIR No. 196/2023, U/S 380/457/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ शेखर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ शेखर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 196/2023, U/S 380/457/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पवन कुमार उर्फ शेखर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिघंल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09,
कमरा नं.–286, सैंट्रल जिला,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4430/N/2025
(Court Matter)



## उत्तर रेलवे

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 29.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता / संपदा–I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / तिस हज़ारी के कार्य क्षेत्र में सलीम गढ़, गैस फैक्ट्री एवं मोर सराय के अति सघन क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण कार्य हेतु। | रुपये 7985408.00 | रुपये 159700.00 | 06 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता / सम्पदा–II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता / डी.के.जेड.–I के कार्य क्षेत्र में अत्यधिक सघन क्षेत्र में अतिक्रमण को रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण | रुपये 9394612.00 | रुपये 187900.00 | 04 महीने |

1. निविदा दिनांक: 29.04.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या :– 128–डब्लयू / 269 / खुली ई निविदा सूचना / टेंडर. न: 04 (ए.बी. / 2025–26.) डब्लयू. ई दिनांक: 07.04.2025 1060/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

प्रधान प्रमुख चिकित्सा निदेशक का कार्यालय, केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर रेलवे, बंसत लेन, नई दिल्ली–110055

फाईल सं0 ई / मेड / एसआर / 74 / के0चि0 / 2025

विज्ञापन सं0 एनआरसीएच / एसआर / 2025 / 01 दिनांक: 08.04.2025

**सिनियर रेजीडेंट को आबंध करना**

उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय में सीनियर रेजीडेंसी योजना के अंतर्गत सीनियर रेजीडेंट पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है विज्ञापन की विस्तृत जानकारी सेवा शर्ते, आवेदन–पत्र, शपत–पत्र आदि उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in under head News & Recruitment Info) पर उपलब्ध है। 1066/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक पुत्र जय राम मंडल निवासी झुग्गी फलाईओवर के नीचे, आश्रम नेहरू नगर, श्री निवास पुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 296/24 U/s 304(2)/317(2) BNS, थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिषेक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **अभिषेक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 296/24 U/s 304(2)/317(2) BNS, थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिषेक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अदिती राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 508
साकेत कोर्ट परिसर, दिल्ली
DP/4317/SE/2025(Court Matter)


# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन निदेशक ने समीक्षा बैठक की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
मंगलवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन निदेशक, डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पानीपत के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 में की गयी प्रगति की समीक्षा की गई और चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को धयान में रखते हुए कार्य करने बारे प्रेरित किया गया। बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 की प्रगति संतोषजनक पाए, जाने पर सभी स्टाफ को आदेशित किया गया कि चालू वित्त वर्ष में और अधिक मेहनत व लगन के साथ कार्य करते हुए सभी लक्ष्यों को समय रहते पूरा करना है। बैठक में बैंक से सम्बंधित लक्ष्यों की प्रगति कम पाए जाने पर जिला मिशन निदेशक, डॉ. किरण सिंह द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए सम्बंधित बंको के साथ बैठक करने उपरांत प्रगति को सुधारने बारे भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त समूह की महिलाओं को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध करवाते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने बारे भी निर्देशित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुनजिर आलम ने जिला मिशन निदेशक, डॉ. किरण सिंह को बताया कि समूह से जुड़कर महिलाएं कई प्रकार के रोजगार का कार्य कर रही हैं जैसे मिटटी के बर्तन, घर की साज सज्जा का सामान, जूट के बैग, कपडे के बैग, कृत्रिम फूल, फ्लावर पॉट्स, डिस्पोजल डोने पत्तल, मसाले व महिलाओं के द्वारा कैंटीनो का संचालन भी बखूबी किया जा रहा है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ लखपति भी बन रही है। महिलाओं के परिवार की सेहत को धयान में रखते घर घर में किचन गार्डन को भी मिशन के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमे महिलाएं रसायन युक्त फल व सब्जी उगा रही हैं। जो महिलाएं समूह में जुड़कर लखपति बन चुकी है उनको आय के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने पर भी जोर दिया गया।


## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**ई–निविदा सूचना सं० 01 / 2024–25 (खुली) / उमुई I / एमसीएफ / आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर– I / आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं 1 कार्य का नाम** मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली के 3 एसटीपी (टाउनशिप में 1.1 एमएलडी और 0.4 एमएलडी और वर्कशॉप में 1.0 एमएलडी) का 03 वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव। **निविदा सं० 01 / 2025–26 अनुमानित लागत रू०** 2,26,08,558.13 **निविदा खुलने की तिथि** 08.05.2025 **कार्य समापन की अवधि** 36 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर– I

**ई–निविदा सूचना सं० 32 / 2024–25 (खुली) / उमुई I / एमसीएफ / आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर– I / आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं 1 कार्य का नाम** नई दिल्ली में स्थित जी एम कैंप ऑफिस ओआरएच एसआरएच के विशेष मरम्मत और रखखाव का कार्य एक वर्ष के लिए। **निविदा सं०** 25 / 2024–25 **अनुमानित लागत रू०** 24,79,364.30 **निविदा खुलने की तिथि** 28.04.2025 **कार्य समापन की अवधि** 12 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर– I

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं.93 / ईटी / 2024–25 दिनांक: 04.04.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12241468ए | बोगी फ्रेम असेम्बली फॉर नान–एसी एअर स्प्रिंग टाईप एलएचबी फीएट बोगी | 1240 नग | 02 / 05 / 2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 85 / ईटी / 2024–25 दिनांक 07.03.2025 | टेन्डर न. 05251009ए | निविदा खुलने की तिथि 04 / 04 / 2025 स्थान पर तिथि 08 / 04 / 2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक / एम&पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.PC. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेन्दर पाल,** पुत्र जमुना प्रसाद, निवासी मकान नं.-469, गली नं. 8, कांति नगर (पश्चिम), कृष्णा नगर, दिल्ली, दूसरा पता: गाँव गाडिया, तहसील मिलाक, जिला रामपुर (उ.प्र.) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 452/19 धारा 379/411 भा.द.सं. थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **महेन्दर पाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **महेन्दर पाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.PC. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 452/19 धारा 379/411 भा.द.सं. थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **महेन्दर पाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री अखिल मलिक,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी -02, कमरा नं. 38,**
**भू- तल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़ूमा न्यायलय, दिल्ली।**
DP/4373/SHD/2025



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर उर्फ बिन्ना, पुत्र श्री नरेन्द्र, निवासी लाल बाग, झंडे वाला चौक, दिल्ली** ने **FIR No. 140/2024 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर उर्फ बिन्ना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर उर्फ बिन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 140/2024 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर उर्फ बिन्ना** से अपेक्षा की जाती हैं कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.05.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर, कोर्ट नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/4402/NW/2025(Court Matter)



## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड– द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर– 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में 21-04-2025 **को सुबह 10:30 बजे।** जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32638740000420 | Jai Mala Devi | 12.91 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर नं. संपत्ति नं. खसरा नं. 162/12, अनूसूची रोड. नं. 3, दिल्ली मथुरा रोड़, एनएच-2, मौजा, अनंगपुर, फरीदाबाद, हरियाणा- 121101 | | | |
| 2 | 31248740000316 | Rahul Khatri | 113.4 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, खन्ना नं. 1005/1038 तहसील गुड़गांव पटौदी- 122503, भारत | | | |
| 3 | 30808730029750 | Ravi Kumar | 5.05 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, एफसीए-57, फर्स्ट फ्लोर चावला कॉलोनी, 100 फीट रोड़, आईडीबीआई बैंक के ऊपर, बल्लभगढ़. हरियाणा-121004, भारत | | | |
| 4 | 30218740002238 | Ram Rati | 18.28 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड और फर्स्ट फ्लोर प्लॉट नं. 18/192, अग्रवाल कॉलोनी, नहारा नहारी रोड़, बहादुरगढ़- 124507 | | | |

स्थान: हरियाणा
दिनांक: 09.04.2025
एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड



## उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर के स्थान को 02 दो वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. के ई–नीलामी मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 09.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 12459 (F1), 13430 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1, R1), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, F2, R1). |
| 2. | 11.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 12430 (FI), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521,(F1, F2, R1), 14681 (FI), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1), 22438 (F1), 22868 (F1). |
| 3. | 21.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2), 12428 (F1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार), 12444 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12524 (F1), 12874 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20806 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1). |
| 4. | 22.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार & मंगलवार), 12191 (R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 20452 (F1),20914 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22986 (F1). |
| 5. | 23.04.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1). |

**महत्वपूर्ण सूचना:**
**1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2.** निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: a. 22401 (F1). b. 14041 (F1, R1). c. 54076 (F1, F2, R1). d. 22454 (F1, F2, R1). **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधो को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध मे किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधो के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध मे, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 1053/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति से हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने जिलाधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

## नियमित निरीक्षण और जनता से संवाद करने के निर्देश दिए, भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति, लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: सीएम रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सरकार के सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान दिल्ली के सभी 11 राजस्व जिलों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व जिलों में प्रशासनिक और विकासात्मक प्रगति की समीक्षा करना, स्थानीय मुद्दों का समाधान करना और विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, जनसेवा के कार्य, भूमि संबंधी विवादों, अतिक्रमण की स्थिति, भू-स्वामित्व रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण, आपदा प्रबंधन तैयारियों और राजस्व कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को क्षेत्र में नियमित निरीक्षण और जनता से संवाद करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के बारे में अधिक जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के सभी राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ आज की समीक्षा बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस बैठक में नागरिक सेवाओं की स्थिति, ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की प्रगति, जन शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया, भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण और आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को सभी सेवाएं पारदर्शी, समयबद्ध और नागरिकों की सुविधा को केंद्र में रखकर प्रदान की करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने राजधानी की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई अहम निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को एक ऐसी प्रणाली चाहिए जो सुने, समझे और त्वरित कार्रवाई करे। इसी दृष्टिकोण के तहत सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जिले में सप्ताह में कम से कम एक बार जन सुनवाई कैंप लगाया जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में स्पष्ट किया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्रों को जारी करने में पाई जाने वाली अनियमितताओं की त्वरित जांच की जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को झुग्गी क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण और लोगों की बुनियादी जरूरतों की सुनिश्चितता के निर्देश दिए हैं।



### ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल को अपग्रेड किया जाएगा: सीएम रेखा गुप्ता

**नागरिक** सेवाओं को अधिक प्रभावी और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल को अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली की सौंदर्यता और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध बैनर और पोस्टर हटाने का अभियान जारी रहेगा। इस अभियान के तहत सभी सरकारी संपत्तियों जैसे फ्लाईओवर, रोड साइन, स्कूल बाउंड्री वॉल आदि से अवैध बैनर और पोस्टर को भी हटाया जा रहा है। साथ ही उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ प्रॉपर्टी डिफिसमेंट एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली सरकार अब संपत्ति के पंजीकरण को पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस बनाने की दिशा में कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी सेल डीड रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सरल, डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता को सुविधाजनक सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल करने से न केवल समय और श्रम की बचत होगी, बल्कि इससे बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी।
मुख्यमंत्री ने राजस्व जिलों की समीक्षा बैठक के दौरान डीएम कार्यालयों में तकनीकी स्टाफ की नियुक्तियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पटवारी, कानून-गो, सर्वेयर जैसे तकनीकी पदों की नियुक्तियां की जाएं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को अपने-अपने जिलों में जलभराव, स्वच्छता, अतिक्रमण और यातायात जाम जैसी स्थानीय समस्याओं पर नियमित निगरानी रखें और इनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

**समन्वय**

**समीक्षा करना, स्थानीय मुद्दों का समाधान करना और विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना रहा**

# पर्यटन मंत्री ने किया पूर्वी दिल्ली स्थित खजूरी चौक का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली स्थित खजूरी चौक का कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी और घोंडा क्षेत्र से विधायक अजय महावर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कपिल मिश्रा ने खजूरी खास इलाके के वृहद विकास के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए, जिसमें खजूरी चौक के पास यातायात को तेज और सुगम बनाने, सौंदर्यीकरण और अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा शामिल है। इसके अलावा खजूरी पुलिस स्टेशन और सभापुर इलाके में जगह जगह हो रहे जलभराव की समस्या का भी तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि पिछले लम्बे समय से ये क्षेत्र भयंकर ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। दिल्ली सरकार लोगों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। ट्रैफिक जाम, जलभराव और खराब सड़कों की समस्याओं को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के विकास में जनता का सहयोग भी जरूरी है।

**दौरा**

**उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी और घोंडा क्षेत्र से विधायक अजय महावर उपस्थित रहे**

# पुलिस ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पांच अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से प्रतिबंधित आईएमओ ऐप से लैस सात मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। जिनका उपयोग ये अपने परिवारजनों से संपर्क साधने के लिए कर रहे थे।
उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए सभी नागरिकों ने भारत में अवैध रूप से घुसपैठ की थी। ट्रेनों के जरिए दिल्ली पहुंचे थे। जांच में खुलासा हुआ है कि ये लोग अपने असली पहचान को छुपाने के लिए ट्रांसजेंडर का रूप धारण कर भीख मांगने और अन्य गतिविधियों में संलिप्त थे। उन्होंने पुलिस से बचने के लिए हार्मोनल इंजेक्शन व सर्जरी का भी सहारा लिया था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मोहम्मद शकीदुल, मोहम्मद दुलाल, मोहम्मद आमिरुल, मोहम्मद माहिर उर्फ माहि और मोहम्मद सद्दाम हुसैन उर्फ रुबीना के रूप में हुई है।
डीसीपी के अनुसार उत्तर पश्चिम जिले में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया हुआ है। इसी क्रम में जहांगीर पुरी और महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्र में एक विशेष टीम गठित की गई थी। सात दिनों की निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के बाद एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस की टीम ने सुबह तड़के जाल बिछाकर पांच संदिग्धों को दबोचा। पुलिस के मुताबिक इनके पास से सात मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था।



**बरामद हुए**

**इनके पास से प्रतिबंधित आईएमओ ऐप से लैस सात मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं**

# पुलिस को देखकर भागा बदमाश हथियार समेत पकड़ा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग इलाके में गश्त के दौरान पुलिस टीम को देखकर स्कूटी मोड़कर भागे बदमाश को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया है। आरोपित की पहचान रवि कुमार के नाम पर हुई है। उसके कब्जे से एक चोरी की स्कूटी भी बरामद हुई है। आरोपित के खिलाफ 8 मामले पहले से दर्ज हैं। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने मंगलवार को बताया कि पंजाबी बाग पुलिस टीम इलाके में गश्त पर थी। रामपुरा पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी पर आ रहा एक व्यक्ति अचानक पुलिसकर्मियों को देखकर मुड़कर भागने लगा।

# शिक्षा मंत्री ने पटपड़गंज विधानसभा इलाके के चार स्कूलों का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**निरीक्षण में उनके साथ शिक्षा निदेशक लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को पटपड़गंज के स्थानीय विधायक रवींद्र सिंह नेगी के साथ उनके विधानसभा क्षेत्र के चार स्कूलों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के सर्वोदय कन्या विद्यालय, मयूर विहार फेस-2,पॉकेट बी, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-1, सर्वोदय कन्या विद्यालय, मंडावली नंबर-3 और राजकीय सह शिक्षा सर्वोदय विद्यालय, वेस्ट विनोद नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ शिक्षा निदेशक लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्कूलों के निरीक्षण के बाद आशीष सूद ने कहा कि हम अपने विधायकों की शिकायत पर दिल्ली के स्कूलों में जहां-जहां बिल्डिंग में या फिर शिक्षा व्यवस्था में कोई भी खामी है। हम उस जगह खुद जाकर निरीक्षण कर रहे हैं।
पटपड़गंज के विधायक रवींद्र सिंह नेगी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जर्जर स्कूल भवन का जिक्र किया था। जिसे देखने के लिए वह आए है। उन्होंने कहा कि बीते कई सालों से स्कूलों के निर्माण के रूके हुए काम को लेकर वह बेहद चिंतित हैं। यहीं नहीं कई खतरनाक घोषित हो चुके स्कूलों में बच्चों का आज भी आना-जाना है। सूद ने आगे कहा कि पटपड़गंज विधानसभा में 20 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से कई स्कूलों की छते आज भी पक्की नहीं हो सकी हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली के जर्जर हो चुके सभी स्कूलों की बिल्डिंग की मरमम्त या स्कूलो का पनर्निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करने की योजना बना रही है। अंत में सूद ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एलजी के मानहानि मामले में मेधा पाटकर को राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के साकेत सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को राहत दी है। एडिशनल सेशंस जज विशाल सिंह ने मेधा पाटकर को एक साल के लिए परिवीक्षा पर रहने का आदेश दिया। इसका मतलब है कि मेधा पाटकर को मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से मिली तीन महीने की जेल की सजा की जगह एक साल के लिए परिवीक्षा के तहत रहना होगा। कोर्ट ने मेधा पाटकर को अपने अच्छे आचरण की अंडरटेकिंग की शर्त पर परिवीक्षा के रहने की अनुमति दी है। इसी के साथ कोर्ट ने मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से मेधा पाटकर पर लगाए गए दस लाख रुपये के जुमार्ने को कम करते हुए एक लाख रुपये कर दिया है। सेशंस कोर्ट ने कहा कि मेधा पाटकर की उम्र 70 वर्ष हो चुकी है और उन्हें पहले कभी किसी मामले में दोषी नहीं ठहराया गया है। ऐसे में वे सजा और जुमार्ना कम करने की पात्र हैं। सेशंस कोर्ट ने 2 अप्रैल को मेधा पाटकर को मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से मिली सजा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले 27 जुलाई, 2024 को सेशंस कोर्ट ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के फैसले पर रोक लगाते हुए वीके सक्सेना को नोटिस जारी किया था।

# आत्महत्या के इरादे से मेट्रो से लगाई छलांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मयूर विहार** पॉकेट एक मेट्रो स्टेशन से सोमवार दोपहर एक व्यक्ति ने आत्महत्या के इरादे से नीचे छलांग लगा दी। युवक की पहचान कटवारिया सराय निवासी विक्रम शर्मा (45) के रूप में हुई है। घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ती देख उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यमुना बैंक मेट्रो थाना पुलिस युवक के परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।
पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब डेढ बजे एक लड़के के मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तब तक पीसीआर कर्मी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करा चुके थे। पुलिस ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। मेट्रो पुलिस के अनुसार पूछताछ में पता चला है कि विक्रम गुरुग्राम स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करते है। परिवार में पत्नी और बेटा-बेटी है।

# चलती कार में लगी आग, जिंदा जलकर युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिम जिले के कापसहेड़ा इलाके में चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। हादसे में टोयोटा ग्लैंजों के ड्राइवर की आग की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़िया मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया।
पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि बीती देर रात 10:25 बजे थाना कापसहेड़ा में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि गाड़ी में आग लगी है और गाड़ी में परिवार फंसा हुआ है। घटना बिजवासन फ्लाईओवर के पास की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटथास्थल पर पाया कि एक कार टोयोटा ग्लैंजा में आग लग गई है। मौके पर दमकल को बुलाया गया और आग पर काबू पाया गया। निरीक्षण करने पर पाया गया कि कार की चालक सीट पर एक अधजला शव है। स्थानीय राहगीरों से पूछताछ करने पर पता चला कि कार बिजवासन फ्लाईओवर से द्वारका-एक्सप्रेसवे की ओर जा रही थी और चलती कार में अचानक आग लग गई और चालक बाहर नहीं आ सका। पुलिस अधिकारी के अनुसार अभी तक की जांच में पता चला है कि मृतक संदीप परिवार के साथ पालम विहार में रहता था।




**काबू पाया**

**दमकल की दो गाड़िया मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया**

# एनआईए ने की गोल्डी बराड़ से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए की टीमों ने गोल्डी बराड़ और अमेरिका स्थित गैंगस्टर रणदीप मलिक से जुड़े संदिग्धों और आरोपियों के परिसरों में व्यापक तलाशी ली। एनआईए के मुताबिक आज सुबह हरियाणा और उत्तर प्रदेश के आठ स्थानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। एनआईए द्वारा इन सामग्रियों की जांच की जा रही है। मामला दिसंबर 2024 में गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब पर हुए ग्रेनेड हमलों से जुड़ा है। इसमें एनआईए ने 2 जनवरी को मामले दर्ज जांच शुरू की थी। ग्रेनेड हमले के तुरंत बाद कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जिम्मेदारी ली थी। एनआईए द्वारा की गई बाद की जांच में मलिक और नामित आतंकवादी गोल्डी बराड़ का नाम सामने आया था, जिन्होंने पहले क्लब मालिकों को धमकाया था।

# आरटीओ अधिकारी बनकर की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मध्य जिला की साइबर थाना पुलिस ने ऑन लाइन चालान के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी परिवहन अधिकारी (आरटीओ) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सहकारी नगर, चिरंजीव विहार, गाजियाबाद निवासी आशीष शर्मा (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से दो फोन बरामद किए हैं। शिकायत के अनुसार आशीष शर्मा ने मध्य जिला के एक कारोबारी के साथ ठगी की। आरोपित पीड़ित के कमर्शियल वाहन पर हुए चालान के बदले रुपये मांग रहा था। रुपये न देने पर आरोपित ने पीड़ित के वाहन का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की बात कही। पीड़ित ने डर की वजह से आरोपित को साढ़े 12 हजार रुपये दे दिए। शक होने पर मामले की शिकायत पुलिस से की गई। मध्य जिले के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने सोमवार को बताया कि पिछले दिनों एक कारोबारी ने साइबर थाने में ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को गाजियाबाद का आरटीओ बताकर कहा कि वह अपने बकाया चालान भर दें। ऐसा न करने पर उसकी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द होने की बात कही।



# दिल्ली सरकार की वेबसाइट को अधिक सुगम और उपयोगी बनाने के निर्देश

## दिल्ली के आईटी मंत्री पंकज कुमार सिंह ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा-पोर्टल पर दिल्ली सरकार के सौ से अधिक विभागों की जानकारी एक ही जगह पर मिल सकेगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सरकार की वेबसाइट को नागरिकों के लिए अधिक सुगम और उपयोगी बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के प्रस्तावित एडवांस वेब पोर्टल के होम पेज पर जनसेवाओं से संबंधी जानकारी को और आसानी से उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने सोमवार को आईटी विभागीय कार्यों की समीक्षा की। पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जल, सीवरेज, स्वास्थ्य, लोक निर्माण और जनकल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जनसेवाओं को दिल्ली सरकार के वेब पोर्टल पर और अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को सहज और पारदर्शी तरीके से सेवाओं की जानकारी उपलब्ध हो। इसके लिए पोर्टल का इंटरफेस सरल और समावेशी बनाया जाए। इस पोर्टल के डेवलप होने पर एक क्लिक से जनसेवाओं से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर दिल्ली सरकार के 100 से अधिक विभागों की जानकारी एक ही जगह पर मिल सकेगी। खास बात यह है कि इसमें दी गई जानकारियां लगातार अपडेट होती रहेंगी और पोर्टल अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। पोर्टल की विकास प्रक्रिया में सुरक्षा, स्पीड और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस पोर्टल को ओपन सोर्स ड्रुपल तकनीक का इस्तेमाल कर विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल को एस्केलेबल क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होस्ट किया जा सकेगा ताकि यह आसानी से उपल्बध हो सके। सभी विभागों की वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारियों को समय-समय पर अपडेट किया जाना आवश्यक है। विभागाध्यक्ष (एचओडी) यह सुनिश्चित करें कि वेबसाइट पर योजनाओं, सेवाओं और संपर्क से जुड़ी सूचनाएं हमेशा नवीनतम और प्रासंगिक रहें। उन्होंने वेबसाइट की प्रस्तावित अपडेट प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पोर्टल की डिजाइन को और अधिक सिटीजन फ्रेंडली एवं इंफोर्मेटिव बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



**दिशा-निर्देश**

**वेब पोर्टल के होम पेज पर जनसेवाओं से संबंधी जानकारी को और आसानी से उपलब्ध कराया जाएगा**

# कांग्रेस शासन में प्रदेश में बिजली व्यवस्था बदतर थी: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली बिलों को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे और रणदीप सिंह सुरजेवाला बिजली मंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली व्यवस्था की हालत बदतर थी। शहरों में पावर कट लगते थे, लोग परेशान थे। जबकि वर्तमान सरकार ने बिजली क्षेत्र में सुधार करते हुए लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। मुख्यमंत्री आज हिसार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल और रणधीर पणिहार उपस्थित रहे।
नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के नेता पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें फिर किसी पर उंगली उठाएं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला में तो होड़ लगी है कि कौन विपक्ष का नेता बनेगा। वे तो सिर्फ अपनी हाजिरी लगवा रहे हैं, उन्हें जनता से कोई लेना देना नहीं। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए वर्ष 2013- 14 में जब कांग्रेस सरकार थी उस समय 25 यूनिट तक बिजली की खपत करने पर 200 रुपए का बिल आता था। इसी तरह 50 यूनिट तक 200 रुपए, 100 यूनिट तक 378 रुपए, 150 यूनिट तक 603 रुपए, 200 यूनिट तक 828 रुपए, 250 यूनिट तक 1053 रुपए तथा 300 यूनिट तक बिजली खपत करने पर 1316 रुपए बिल आता था। जबकि हमारी सरकार में आज 2025- 26 में 25 यूनिट तक केवल 55 रुपए का ही भुगतान करना है। इसी तरह, 50 यूनिट तक 110 रुपये, 100 यूनिट तक 245 रुपये, 150 यूनिट तक 443 रुपये, 200 यूनिट तक 705 रुपये, 250 यूनिट तक 968 रुपये तथा 300 यूनिट तक 1230 रुपये का बिल है।
नायब सिंह सैनी ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सिंह सुरजेवाला को चुनौती देते हुए कहा कि वे जनता के बीच में आकर तथ्यों के साथ बात करें। जनता को झूठ बोलकर बरगलाने का काम करने की जरूरत नहीं है। पहले तथ्य जांचें, फिर बोलें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 24 घंटे बिजली देने को वायदे को पूरा किया लेकिन बिलों का बोझ आम जनता पर नहीं डाला। वर्ष 2013–14 में बिजली कंपनियों पर जितना कर्ज था, हमारी सरकार ने उस कर्ज को भी कम किया और 2027 तक यह कर्ज शून्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। अब तक 15,000 घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले सभी लोग अपने घरों में सोलर पैनल लगवाएं, उनका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा।



### वक्फ बिल पर विपक्ष कर रहा राजनीति: सीएम

**वक्फ** बिल पर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के साथ–साथ हर वर्ग के हित में है। कांग्रेस ने इस कानून को वोट बैंक के लिए हड़बड़ाहट में बनाया, जिसका खामियाजा उन्हें ही भुगतना पड़ा। हरियाणा निकाय चुनावों में कांग्रेस जीरो पर आउट हो गई। दिल्ली चुनावों में भी कांग्रेस तीसरी बार जीरो पर आउट हुई।
**आने वाले बड़े प्रोजेक्ट्स और भविष्य की योजना:** मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि अंबाला एयरपोर्ट से जुड़ी कुछ अनुमतियां शेष हैं, जो जल्द मिल जाएंगी। इसके अलावा भी प्रदेशवासियों को आने वाले समय में कई बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलने वाली है।

**विपक्ष को जवाब**

**वर्तमान सरकार ने बिजली क्षेत्र में किए सुधार– मुख्यमंत्री विपक्ष के नेता पहले अपने गिरेबान में झांके**

# हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बिजली विभाग की खामियों के चलते शिकायतकर्ता को 5,000 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने पाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते भिवानी निवासी ओम प्रकाश को वॉलंटरी डिस्क्लोजर स्कीम के तहत कृषि कनेक्शन की लोड बढ़ाने की सुविधा से वंचित होना पड़ा। निगम के प्रवक्ता ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने जांच में पाया कि ओम प्रकाश द्वारा 13 जुलाई 2024 को लोड बढ़ाने के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन बिजली विभाग द्वारा उनके नाम पर 28,000 रुपये की बिजली चोरी की राशि लंबित दिखाकर आवेदन रद्द कर दिया गया। बाद में जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बिजली चोरी उनके भाई वेद प्रकाश द्वारा की जा रही थी, जिन्होंने ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट सप्लाई ली थी। इसके बावजूद, जुमार्ना राशि ओम प्रकाश के खाते में ही दर्ज रही, जबकि उपयोगकर्ता वेद प्रकाश ने 26 सितंबर 2024 को यह राशि जमा कर दी थी।
प्रवक्ता ने बताया कि इसके बावजूद विभाग द्वारा उक्त राशि को रिकॉर्ड में अपडेट नहीं किया गया, जिससे शिकायतकर्ता को लोड बढ़ाने की वॉलंटरी डिस्क्लोजर स्कीम योजना का लाभ नहीं मिल पाया। आयोग ने इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा

**मुआवजा**

**बिजली विभाग की खामियों के चलते शिकायतकर्ता को 5,000 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है**

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा फिल्म महोत्सव में गुरुग्राम विवि के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग ने अप्रैल 4-5 को महर्षि दयानंद विश्विद्यालय रोहतक में आयोजित द्वितीय हरियाणा फिल्म महोत्सव-2025 में कई पुरस्कार जीते। सिने फाउंडेशन हरियाणा एवं विश्व संवाद केंद्र, हरियाणा द्वारा आयोजित इस फिल्म महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजकुमार राव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार योगी के मार्गदर्शन में बनी 18 फिल्मों में से 11 को फिल्म महोत्सव में प्रदर्शन के लिए चुना गया, जिनमें से 5 को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। विभाग के एनीमेशन एवं मल्टीमीडिया के विद्यार्थियों द्वारा स्टॉप मोशन तकनीक से निर्मित डिजिटल पैराडॉक्स फिल्म को नॉन-प्रोफेशनल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला। लघु फिल्म तमस के लिए बीएससी एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया के छात्र पुनीत को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक एवं एमएजेएमसी इंटीग्रेटेड की छात्रा रेहा फागना को लघु फिल्म उड़ान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनय का पुरस्कार मिला। लघु फिल्म लडकों एवं वृत्तचित्र गौरवशाली हरियाणा को नॉन-प्रोफेशनल श्रेणी में प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विवि के कुलपति प्रो. एसके तोमर तथा कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने मंगलवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा और कड़ी मेहनत पर गर्व है। हमें आशा है कि भविष्य में भी हमारे विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करेंगे।

### कैथल में जर्मनी भेजने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** जर्मनी भेजने के सब्जबाग दिखाकर लाखों रुपए ठगी करने के मामले में कलायत निवासी लक्ष्मी नारायण उर्फ विनोद को गिरफ्तार किया गया है। गांव सजूमा निवासी श्रीपाल की शिकायत अनुसार उसका बेटा कुलदीप विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसने एजेंट लक्ष्मी नारायण उर्फ विनोद, उसकी पत्नी सुशीला और विलेश निवासी कलायत से बात की। आरोपियों ने कुलदीप को जर्मनी भेजने की बात कही और उसके दस्तावेज ले लिए। इसके साथ ही अप्रैल और मई 2024 में उससे 12.50 लाख रुपए भी ले लिए। रुपए लेने के बाद आरोपियों ने कहा कि वे जल्द ही कुलदीप को जर्मनी भेज देंगे। काफी इंतजार करने के बाद जब आरोपियों ने उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा तो उसने इस संबंध में एजैंटों से बात की। फिर भी आरोपी उसे झांसा देते रहे। आरोपियों ने उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा। तंग आकर जब उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो वे भी नहीं दिए। उन्हें धमकी दी कि रुपए मांगे तो जान से मार देंगे। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। आरोपी के कब्जे से 20 हजार रुपए बरामद किए गए। आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कैथल पुलिस ने दो कैंटरों में लदे पकड़े 47 पशु, चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** दो कैंटरो में पशुओं को ठूंस-ठूंस कर क्रूरता पूर्वक लदान करके ले जा रहे चार व्यक्तियों को ढांड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 47 पशुओं को बरामद करके उन्हे रिहा करवाया गया। कैथल पुलिस ने मंगलवार को बताया कि थाना ढांड पुलिस के एएसआई सुरेश कुमार की टीम पंचमुखी चौक ढांड के पास मौजूद थी। दो आयशर कैंटर बड़ी तेज रफ्तार व लापरवाही से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा दोनों कैंटरो को रुकवाया गया। दोनों कैंटरो में डाला बॉडी के अंदर एक-एक व्यक्ति हाथ में डंडा लिए हुए मारपीट करता पाया गया। एक कैंटर में पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान हुसनपुर कलां जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी कादिर तथा दूसरे कैंटर में पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान जिला मुजफ्फरनगर युपी के गांव तावली निवासी मोहम्मद फुरकान के रुप में हुई। दोनो कैंटर चालकों की पहचान मलेरकोटला जिला संगरूर पंजाब निवासी मुनीष मोहमद तथा रामनगर मुंडकी जिला फिरोजपुर पंजाब निवासी हरजिंद्र सिंह के रूप में हुई। जांच के दौरान एक कंटेनर में भैंस, कटड़ा-कटड़ी सहित 25 पशु तथा दूसरे कैंटर में 22 पशु क्रूरता पुर्वक लदान करने पाए गए।

# '240 मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीनें स्थापित की जाएंगी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज यमुनानगर जिला के कस्बा रादौर और सरस्वती नगर की अनाज मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीनों का उद्घाटन किया। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले समय में हरियाणा की सभी 240 मंडियों में ऐसी कैंटीनें स्थापित की जाएंगी। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल किसानों और मजदूरों को सस्ती दरों पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराना है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। ये कैंटीनें महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि कैंटीन में दाल, सब्जी, चार रोटियां और चावल मात्र 10 रुपये में उपलब्ध होंगे। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगी, जिसमें एक समय में 50 से 60 लोगों को भोजन कराया जा सकेगा। कृषि मंत्री ने स्वयं इस कैंटीन में बना भोजन का स्वाद चखा और महिला समूहों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, यह केवल कैंटीन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण श्रमिकों की गरिमा को बढ़ाने का एक प्रयास है।

# सीएम सैनी ने पीएम के दौरे को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास तथा हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे।
प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर किए गए प्रबंधों की गहनता से समीक्षा की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल, रणधीर पनिहार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में सभी व्यापक प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आमजन को भी कोई दिक्कत न हो, इसके लिए वैकल्पिक सड़क मार्गों की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त स्वच्छ पेयजल शौचालय व पंखों इत्यादि की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए।



**वाहन पार्किंग के लिए हर जिले के लिए हो अलग व्यवस्था**
मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश के कई जिलों से लोग शामिल होने जा रहे हैं। इसलिए किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए प्रत्येक जिले के लिए अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाए।
**लोगों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल को सेक्टर में किया गया है विभाजित**
बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पूरे कार्यक्रम स्थल को सेक्टर में विभाजित किया गया है। मंच के सामने युवाओं तथा महिलाओं के बैठने के लिए सेक्टर बनाया गया है।
**एयरपोर्ट परिसर में नहीं होना चाहिए एक भी वन्य जीव**
मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट परिसर में वन्य जीव नहीं होना चाहिए। अगर कोई वन्य जीव यहां अब भी मौजूद है तो उसे तुरंत पकड़ कर उचित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में फीडबैक देते हुए कहा कि लगभग सभी वन्य जीवों को उचित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है।

# मैं मंत्री नहीं, स्वच्छता का हूं प्रहरी: विपुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर। शहरी स्था**नीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैं यमुनानगर में मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि स्वच्छता प्रहरी के रूप में आया हूं। स्वच्छता किसी अन्य व्यक्ति की जिम्मेवारी नहीं, यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिस तरह हम स्वच्छ रहने के लिए अपने शरीर को रोज साफ करते है, उसी तरह हम अपने आसपास के एरिया को साफ रख कर शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेवारी ले। स्वच्छता का काम हम सब मिलकर करें। मंत्री विपुल गोयल मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के आगमन पर शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी को हर साल सौ घंटे स्वच्छता के लिए देने की शपथ दिलाई। इससे पहले कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी, नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार व निगम पार्षदों के साथ मिलकर सब्जी मंडी में झाड़ू लगाकर सफाई की और कचरे को अपने हाथों से उठाकर डस्टबिन के माध्यम से निगम के वाहनों में डाला। साथ ही राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरानी सब्जी मंडी की छात्राओं द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली व प्रधानमंत्री सेल्फी प्वाइंट का अवलोकन किया। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12 साल बाद 14 अप्रैल को यमुनानगर में आ रहे है। जब नरेंन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने दिल्ली के लाल किले से स्वच्छ भारत बनाने का आह्वान किया था।
इस सामाजिक संदेश को उन्होंने एक मुहिम एवं क्रांति बनाने का काम किया। कोई सोच नहीं सकता था कि देश में 12 करोड़ शौचालय बनेंगे। लेकिन यह काम प्रधानमंत्री ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए करके दिखाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

# एसपीओ ने साथियों संग डॉक्टर पर किया हमला, फायरिंग का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** एक एसपीओ ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर होटल में खाना खा रहे डॉक्टर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ डॉक्टर के साथ मारपीट की, बल्कि हवाई फायरिंग भी की। पुलिस के मुताबिक, बामनीखेड़ा के अमृता अस्पताल के मालिक डॉ. अनिल पोसवाल ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी और सेना से सेवानिवृत्त एसपीओ परमिंदर से पुराना विवाद चल रहा था।
परमिंदर ने पांच हजार रुपए मांगे थे, जो डॉक्टर ने लौटा दिए।

# जलभराव की रोकथाम के लिए व्यवस्थाएं पूर्ण करें अधिकारी: राव



**टीम एक्शन इंडिया**
चण्डीगढ़: हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज गुरुग्राम में आगामी मॉनसून से पूर्व शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने को लेकर नगर निगम गुरुग्राम व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुग्राम में आयोजित इस बैठक में नगर निगम आयुक्त अशोक गर्ग, अतिरिक्त निगम आयुक्त वाई. एस गुप्ता सहित जीएमडीए के अधिकारी मौजूद रहे।
बैठक के दौरान राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के दौरान अतिवृष्टि एवं जलभराव की रोकथाम के लिए पहले से ही समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें।
उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी ड्रेनेज व सीवरेज की सफाई, मानसून से पूर्व निर्धारित समयावधि में पूरे की ली जाए। जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर के नालों का सफाई कार्य प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने नगर निगम व जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देष देते हुए कहा कि आगामी तीन साल में जलभराव की निकासी के लिए पंप व्यवस्था से हटकर स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़े। बरसात के समय ग्रीन बेल्ट में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कैबिनेट मंत्री ने सुझाव देते हुए कहा कि जीएमडीए के अधिकारी चिन्हित स्थानों पर ट्रायल के तौर पर एक निश्चित चौड़ाई का गड्ढा बनाकर, उसमें जमीन स्तर से एक फीट ऊपर तक ईंटों से भरवाना सुनिश्चित करें।

**दिशा-निर्देश**

**जलभराव की निकासी के लिए पंप व्यवस्था से हटकर स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़े संबंधित विभाग**

# गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाना सरकार का जनविरोधी फैसला: अभय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने केंद्र की बीजेपी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम 50 रूपए बढ़ाने पर कहा कि बीजेपी की केंद्र की सरकार और राज्य सरकार पिछले दस सालों से लगातार जनविरोधी नीतियां लागू करके आम जनता को महंगाई के बोझ के नीचे कुचलने का काम कर रही है। जहां केंद्र की बीजेपी सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम एक दम से 50 रूपए बढ़ा दिए, पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया वहीं राज्य की बीजेपी सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए और मकान बनाने पर एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्जेस(इडीसी) के रेट बढ़ा दिए हैं। जो बीजेपी की सरकार महंगाई जैसे मुद्दे को भुनाकर सत्ता में आई थी आज वहीं बीजेपी आम जनता को जबरदस्त महंगाई की मार मार रही है। आज क्रूड ऑयल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दाम पिछले बीस साल में सबसे कम हैं तब भी बजाय आम जनता को पेट्रोल और डीजल के रेट कम करके राहत देने के 2 रूपए उत्पाद शुल्क लगा दिया है। बीजेपी ने पिछले दस सालों में एक भी लोक भलाई का काम नहीं किया है उल्टा आम जनता के उपर कई तरह के टैक्स की मार दी है, टोल के रेट बढ़ाए हैं, महंगाई बढ़ाई है, बेरोजगारी बढ़ाई है, कानून व्यवस्था का दिवालिया पीटा है, किसानों को मंडियों में लूटा है, गरीबों से उनके हक छिनें हैं, बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ किए हैं, शिक्षा और शिक्षण संस्थानों का पूरी तरह भा बैठाया है और सरकारी विभागों को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर लूट मचाई है।
अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी की जनविरोधी नीतियों ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है।



# सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना थीम लेकर रेवाड़ी पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी। हम सबका** सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए साइक्लोथॉन-2.0 मंगलवार को रेवाड़ी जिला में प्रवेश कर गई। जिला से निकलने वाली दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत जिलावासियों द्वारा गरिमामयी ढंग से किया गया। रेवाड़ी जिला की सीमा में प्रवेश करने पर बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि, एसपी डा.मयंक, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीएसपी डा.रविंद्र, डीएसपी विनोद शंकर व जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठन प्रतिनिधियों व युवाओं ने सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। जिला के विभिन्न गांवों व शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने पर रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली सहित अन्य गणमान्य लोगों ने साइक्लोथॉन में भागीदार प्रतिभागियों का जोरदार अभिनंदन करते हुए नायब सरकार की इस सामाजिक सोच को समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में अहम बताया। साइक्लोथॉन के जिला में प्रवेश करने पर कार्यवाहक उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने कहा कि यह यात्रा सामाजिक कुरीति के विरूद्ध एक जन आंदोलन है, जिसमें पूरा हरियाणा मिलकर नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा कि नशे से परिवार व समाज विघटित होता है और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की नशे के विरूद्ध शुरू की गई साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सहभागी रहेगी।

# सम्मेलनों में नहीं दी गई पूर्व सीएम भजन लाल और बंसीलाल परिवारों को अहमियत

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़। हरियाणा में भाजपा के सक्रिय सदस्यो के मंगलवार से शुरू हुए दो दिन के सम्मेलन में पूर्व सीएम भजनलाल और बंसीलाल परिवार को अहमियत नहीं दी गई है। दोनों ही परिवारों के नेताओं को इन सम्मेलनों में वक्ता नहीं बनाया गया है। पूर्व सीएम बंसीलाल के गढ़ में तो वक्ता की जिम्मेदारी सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह को दे दी गई है, जिन्हें बंसीलाल परिवार का राजनीतिक विरोधी माना जाता है। हिसार में भी भजनलाल परिवार के बजाय उनके करीबी विधायक को वक्ता बनाया गया है। भाजपा मंगलवार और बुधवार को सक्रिय सदस्य सम्मेलन कर रही है। इसके लिए विधानसभा सीटवाइज 270 वक्ता बनाए गए हैं, लेकिन उनमें भी राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, उनकी मंत्री बेटी श्रुति चौधरी, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई और उनके पूर्व विधायक बेटे भव्य बिश्नोई को जगह नहीं मिल सकी है।
भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मबीर सिंह और बंसीलाल परिवार में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता पुरानी है। सांसद धर्मबीर सिंह और पूर्व सीएम बंसीलाल दोनों एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। उस चुनाव में धर्मबीर सिंह ने बंसीलाल को हराया, लेकिन बाद में चुनाव आयोग ने इसे रद्द कर दिया था।, सांसद धर्मबीर सिंह ने चुनाव में मंत्री श्रुति चौधरी के पिता एवं राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के पति चौ. सुरेंद्र सिंह को हराया था। इसके अलावा श्रुति चौधरी को भी वह चुनाव में हरा चुके हैं।
पूर्व सीएम भजनलाल का परिवार लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा ने हाशिए पर धकेला हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुलदीप बिश्नोई हिसार से लोकसभा टिकट मांग रहे थे। भाजपा ने रणजीत चौटाला को दे दिया था। इससे नाराज कुलदीप ने भाजपा का प्रचार नहीं किया।सीएम नायब सैनी को उन्हें मनाने के लिए जाना पड़ा। इसके बाद राज्यसभा में उनकी दावेदारी खारिज कर भाजपा ने कांग्रेस से आईं किरण चौधरी को उम्मीदवार बनाया। फिर 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में कुलदीप के बेटे भव्य बिश्नोई 71 साल बाद अपने गढ़ आदमपुर से चुनाव हार गए। इसके बाद फिर राज्यसभा का मौका आया तो भाजपा ने रेखा शर्मा को भेज दिया। इसके उलट भाजपा ने हर जगह से विधायकों और सांसदों के अलावा चुनाव हारे नेताओं को भी सम्मेलन का वक्ता बनाया है। पंचकूला जिले में कालका विधानसभा से विधायक शक्तिरानी शर्मा तो पंचकूला सीट से चुनाव हारे ज्ञानचंद गुप्ता को भी वक्ता बनाया गया है। अंबाला कैंट से अनिल विज भी वक्ता की सूची में पहले नंबर पर हैं। यमुनानगर में मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ चुनाव हारे कंवरपाल गुर्जर को भी रखा गया है। कुरुक्षेत्र में सीएम सैनी के साथ सांसद नवीन जिंदल को भी रखा गया है। थानेसर से चुनाव हारे सुभाष सुधा भी वक्ता लिस्ट में हैं। टोहाना से चुनाव हारे देवेंद्र बबली को भी वक्ता लिस्ट में रखा गया है। महम से चुनाव हारे दीपक हुड्?डा भी वक्ता की लिस्ट में हैं। अटेली से आरती राव भी वक्ता हैं।
भाजपा ने सदस्यता अभियान चलाकर बड़ी संख्या में सदस्यों को जोड़ा है। इनमें दो तरह से सदस्य जुड़े। कुछ सदस्यों ने फोन पर मिस कॉल के जरिए सदस्यता ली। कुछ पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों से जुड़कर पार्टी के सदस्य बने और जमीन पर सक्रिय हुए।
इस सक्रिय सदस्य सम्मेलन में जमीन पर कार्य करने वाले इन सदस्यों को ही सम्मानित किया जाना है। इसके लिए हर जिले में होने वाले सम्मेलन में पार्टी ने वक्ता ने नियुक्त किए हैं।

**कलह**

**सांसद धर्मबीर सिंह और पूर्व सीएम बंसीलाल दोनों एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं**

# फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के खिलाफ अब जुर्माने के साथ सीधे दर्ज होगी एफआईआर: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि रबी के सीजन में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के खिलाफ अब सीधी एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस एफआईआर के साथ फसल अवशेषों में आग लगाने पर 5 हजार से लेकर 30 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इस जिले में ब्लॉक स्तर पर निगरानी रखने के लिए टीमों का गठन किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि हर ग्राम पंचायत को सुपर सीडर मशीन खरीदने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही क्लस्टर लेवल पर बेलर की मशीने खरीदने के प्रोजैक्टर पर डीडीपीओ व बीडीपीओ काम करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में कृषि एवं कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित एक बैठक में बोल



रही थी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में रबी के सीजन में फसल अवशेषों में एक भी आगजनी की घटना सामने ना आए, प्रशासन लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीडीपीओ ब्लॉक स्तर पर और एसडीएम उपमंडल स्तर पर पूरी योजना तैयार करेंगे। इस योजना के तहत बीडीपीओ सुनिश्चित करेंगे कि हर ग्राम पंचायत सुपर सीडर मशीन खरीदे और क्लस्टर लेवल पर बेलन की मशीने खरीदे। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को मशीनें उपलब्ध होगी तो आग लगाने की घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। इस जिले में सभी अधिकारी उन गांव पर ज्यादा निगरानी रखेंगे जिन गांवों में पिछले सालों में फसल अवशेषों में आग लगाने के ज्यादा मामलें सामने आए है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार जो भी व्यक्ति फसल अवशेषों में आग लगाएगा उन लोगों के खिलाफ अब सीधा एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**सख्ती**

**जो भी व्यक्ति फसल अवशेषों में आग लगाएगा उन लोगों के खिलाफ अब सीधा एफआईआर दर्ज की जाएगी**

इसके लिए पुलिस प्रशासन को और एसडीएम को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए है। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा फसल अवशेषों में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर के साथ-साथ जुमार्ना भी किया जाएगा। सरकार के आदेशानुसार 2 एकड़ तक फसल अवशेषों में आग लगाने पर 5 हजार रुपए, 2 से 5 एकड़ फसल अवशेषों में आग लगाने पर 10 हजार रुपए और 5 एकड़ से ज्यादा फसल अवशेषों में आग लगाने पर 30 हजार रुपए जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ की तरफ से हर ग्राम पंचायत में समय रहते मुनियादी करवाकर लोगों को फसल अवशेषों में आग ना लगाने के प्रति जागरूक किया जाए। इसके लिए हर गांव में टीम का भी गठन किया जाए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने पिछले सीजन की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले रबी के सीजन में 172 आगजनी के केस सामने आए थे और इनमें से 90 प्रतिशत दुर्घटना से सम्बन्धित केस थे। इनमें से 7 केसों में चालान करने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज की गई थी।

इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम पंकज सेतिया, एसडीएम डा. चिनार चहल, एसडीएम कपिल शर्मा, एसडीओ डा. जितेन्द्र मेहत्ता,एसडीओ राजेश वर्मा सहित आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय योग संस्थान योगाश्रम मिर्जापुर में 13 को करवाएगा शंख प्रक्षालन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय योग** संस्थान (पंजी.) गांव मिजार्पुर से एक किलोमीटर आगे नहर से 200 मीटर पहले ढ़ांढ़ रोड़ स्थित अपने योगाश्रम में कुरुक्षेत्र व निकट के योग जिलों के अपने अधिकारियों, कार्यकताओं, साधकों व योग जिज्ञासु आम जनता के लिए शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया रविवार, 13 अप्रैल को प्रातः 6:00 से 10:00 बजे तक करवाएगा । इस शुद्धि क्रिया को करने के इच्छुक संस्थान के साधक शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 तक अपना नाम अपने योग जिले के प्रधान अथवा मंत्री को नोट करवा दें जो अपने जिले के साधकों की कुल सूचना कृष्ण जिला प्रधान श्री देवी दयाल सैनी जी को उनके व्हाट्सएप नंबर 94675-15206 पर लिखित संदेश भेजकर शनिवार, 12 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे तक नोट करवा देंगे ताकि सभी



के लिए गर्म पानी, नींबू, खिचड़ी इत्यादि की उचित व्यवस्था की जा सके । आम जनता के इच्छुक जिज्ञासु साधक सीधे देवी दयाल सैनी जी के पास 11 अप्रैल तक अपना नाम, पता व आयु नोट करवा कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं । शंख प्रक्षालन करने के इच्छुक साधक ढ़ीले परन्तु शालीन वस्त्र पहन कर एक चादर ( सफेद रंग की हो तो बेहतर) तथा देसी घी की खिचड़ी हेतु सहयोग राशि 100/- प्रति साधक ले कर प्रातः समय से 10 मिनट पहले योगाश्रम मिजार्पुर में उपस्थित हो जाएं । हृदय रोगियों, अधिक उच्च रक्तचाप, पेट के अल्सर, 6 माह पहले हुए ऑपरेशन वाले रोगियों और मासिक धर्म में महिलाओं, कमजोर आंतों व उनमें सूजन वाले रोगियों के लिए शंख प्रक्षालन निषेध है । शंख प्रक्षालन क्रिया करने वाले साधक 12 अप्रैल को पानी अधिक पीएं । सायं काल का भोजन या तो न करें या शाम को ताजा फलों का रस पीएं अथवा सूर्यास्त के 1 घंटे तक हल्का व सुपाच्य भोजन करके रात्रि में पूरी नींद लें ताकि उनकी क्रिया भली भांति संपन्न हो सके ।

# प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में टीम भावना का होता है विकास: डॉ. वीरेन्द्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना चाहिए जिससे कि उनके अंदर टीम भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता से विद्यार्थियों मे रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता विकसित होती है। वे मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार को आयोजित कॉमवर्स उत्सव में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का मानसिक, तार्किक एवं बौद्धिक विकास होता है जिससे उनमें जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास होता है। वाणिज्य विभाग की डीन प्रोफेसर प्रो. नीलम ढांडा ने भी छात्रों को इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के महत्व पर जोर दिया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर नरवाल ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन यह आयोजन टाटा एआईए इंश्योरेंस और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रायोजन से संभव हुआ। विभाग प्राध्यापक ने प्रायोजकों, टाटा एआईए इंश्योरेंस और बैंक ऑफ महाराष्ट्र को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अंत में, विभिन्न गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो नीलम ढांडा, प्रो. महावीर नरवाल, डॉ. अजय सुनेजा, डॉ. महाबीर नरवाल, डॉ. सुभाष चंद, डॉ. रश्मि चौधरी और डॉ. आशीष सांगवान सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

# चोरी करने वाले अंतरजिला चोर गिरोह का भंडाफोड़

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पानीपत पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर व अन्य उपकरण चोरी करने वाले अंतरजिला चोर गिरोह का भंडाफोड़ पर गिरोह के तीन आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान गुन सागर निवासी जमालपुर दरभंगा बिहार हाल किरायेदार आठ मरला, गुलबहार निवासी लडवा मुजफ्फरनगर यूपी हाल किरायेदार शास्त्री कॉलानी व साहिल निवासी सिसौली शामली यूपी हाल किरायेदार मनमोहन नगर बबैल रोड के रूप में हुई।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने



मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम ने सोमवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को काला आम्ब मोड़ से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने फरार अपने पांच अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर पानीपत के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर व अन्य उपकरण चोरी करने की 72 वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। इसके साथ ही आरोपियों ने जिला करनाल व कुरूक्षेत्र में 60 से अधिक वारदातों का अंजाम देने बारे स्वीकारा।

सोमवार को तीनों आरोपी फरवरी महीने में

डाहर गांव के खेतों में ट्यूबवेल से चोरी की केबल से तांबे का तार निकालकर उसे बेचने के लिए काला आंब मोड़ पर ग्राहक की फिराक में खड़े थे। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना इसराना में रामकरण पुत्र बलवान निवासी डाहर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। पानीपत की 72 वारदातों में थाना इसराना की 39, थाना समालखा की 22, थाना मतलौडा की 6, थाना सदर की 3 व थाना सनौली की 2 वारदातों का खुलासा हुआ है।

# डॉ. आशीष को मिला केयू हेल्थ सेंटर के एसएमओ का पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार केयू स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आशीष अनेजा को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का स्वास्थ्य केन्द्र केयू परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल के लिए समर्पित है। उन्होंने केयू स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं की भी सराहना की। केयू स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा ने इस कार्यभार को प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य केन्द्र में समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श केन्द्र लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डॉ. अनेजा ने कहा कि वे निरंतर मानवता के हित में पूरी लगन एवं सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।

# पूर्व विधायक के फर्जीवाड़े के खिलाफ समाधान शिविर में डीसी को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**समालखा के एक पूर्व** कांग्रेसी विधायक पर गलियाँ सड़कें कब्जा कर कोठी व पेट्रोल पम्प बनाने का आरोप लगाते हुए आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने समाधान शिविर में डीसी वीरेंद्र दहिया को सबूतों सहित लिखित शिकायत दी है । डीसी वीरेंद्र दहिया ने आरोपों की जांच करके कारवाई करने के लिए नगर निगम कमिश्नर को निर्देश दिये हैं । आरटीआई दस्तावेजो व सबूतों सहित समाधान शिविर में डीसी वीरेंद्र दहिया को दी शिकायत में आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि इस फजीर्वाड़े व जाल साजी के खेल में पूर्व विधायक के साथ हिन्दोस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन के अधिकारी, पेट्रोल पम्प डीलर व नगर पालिका के कई कर्मचारी भी साज बाज हैं । पूर्व कांग्रेसी विधायक ने समालखा में अपने प्लाटों के साथ लगती गलियों पर अवैध कब्जे करके इन पूरी गलियों को ही अपनी कोठी व पेट्रोल पंप में मिला लिया है । अवैध कब्जाई इन गलियों की यह भूमि करोड़ों रुपये की है । लेबर सेस चार्ज मे चूना लगते हुए पेट्रोल पम्प का नक्शा नगर पालिका से रिहायशी मकान के रूप मे पास करवा कर लिया ।नगर पालिका अधिकारियों ने पट्टेदार एवं पेट्रोल पम्प डीलर से मिलकर प्रॉपर्टी आईडी,नो ड्यूज सर्टिफिकेट व पेट्रोल पम्प के स्वीकृत नक्शे में पट्टेदार एवं पम्प डीलर को ही भूमि मालिक बता कर जालसाजी व घपला कर दिया।

# कुरुक्षेत्र देश का पहला टीबी मुक्त बनेगा जिला: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों से कुरुक्षेत्र देश का पहला टीबी मुक्त जिला बनेगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक कुरुक्षेत्र के 136 गांवों को टीबी मुक्त बनाया जा चुका है और शेष 267 गांव को टीबी मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इन गांव में लोगों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग करने का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस लक्ष्य को हासिल करने में ग्राम पंचायत की भूमिका अहम रहेगी। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा की तरफ से एक कदम टीबी भारत की ओर टीबी मुक्त पंचायत सम्मान समारोह व टीबी फोरम की बैठक में बोल रही थी। इससे पहले सीएमओ डा. सुखबीर सिंह व डिप्टी सीएमओ डा. संदीप अग्रवाल ने पावर प्रेजेंटेशन के जरिए कुरुक्षेत्र टीबी मुक्त अभियान के बारे में आंकड़ों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्ष 2025 में कुरुक्षेत्र को देश का पहला टीबी मुक्त जिला




बनाने के रोड मैप को प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2023 में 33 ग्राम पंचायतें और वर्ष 2024 में 136 गाम पंचायतें टीबी मुक्त पंचायतें हुई हैं। इनमें 25 पंचायतें दूसरी बार टीबी मुक्त की श्रेणी में शामिल हुईं हैं। प्रत्येक पंचायत में 1000 की आबादी पर 30 लोगों के सैंपल लिए गए। गांव की आबादी के हिसाब से प्रति हजार पर एक मरीज से कम की संख्या वाली पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला में करीब 6 टीबी यूनिट,14 डीएमसी यूनिट काम कर रही है जिसमें आदेश मेडिकल कॉलेज भी शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि टीबी की बीमारी का इलाज संभव है। इसके लिए खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में मुखिया को जागरूक करे। जो गांव में किसी भी व्यक्ति के अंदर टीबी के बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से सैम्पल करवाएं। खंड शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में बच्चों को बीमारियों के लक्षण से अवगत करवाएं ताकि वे खुद को और अपने परिवार को जागरूक कर सके। उन्होंने पंचायत

प्रतिनिधियों से अपील की कि वे टीबी के मरीजों को फूड बास्केट किट देने के लिए अडॉप्ट करे। इन सभी प्रयासों से टीबी की बीमारी पर संभवत काबू पाया जा सकता है।

इस मौके पर सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह, पीएमओ डा. सारा अग्रवाल, जिला टीबी एवं अक्षय रोग अधिकारी डा. संदीप अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पानीपत और यमुनानगर की टीम ने जीता पाइट क्वेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

पानीपत के आइबी कॉलेज के अयान अहमद और यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज की वाणी की टीम ने नेशनल पाइट क्वेस्ट (कॉलेज एडिशन) का खिताब जीता है। प्रतिस्पर्धा में 70 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दो हजार से अधिक चयनित छात्र-छात्राओं का पाइट कॉलेज में टेस्ट हुआ, जिसमें से छह टीमें फाइनल राउंड के लिए चयनित हुईं। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) के निदेशक कुणाल जीत सिंह ने विजेताओं को स्कॉलरशिप एवं



पुरस्कार वितरित किए। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई)के निदेशक कुणाल जीत सिंह ने कहा कि बच्चों को अधिक से अधिक सवाल पूछने चाहिए। क्लास में जितने अधिक एक्टिव रहेंगे, जीवन में उतने ही अधिक सफल होंगे। क्योंकि कॉलेज टाइम दोबारा नहीं आएगा। अभी सही समय होता है, जब आप जो बनना चाहते हैं, वो बन सकते हैं। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस का युग है। तकनीकी रूप से हम जितने अधिक कुशल होंगे, भारत उतनी ही जल्द विकसित होगा। रिसर्च वर्क पर फोकस करें। एआइसीटीई की ओर से काफी सकारात्मक पहल की जा रही हैं। बच्चों को स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राष्ट्रस्तरीय प्रतिस्र्धाएं हो रही हैं, जिनके माध्यम से देश में कई स्टार्टअप शुरू हो चुके हैं।

भिवानी के वैश्य कॉलेज मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर साइंस विभाग की निदेशक डॉ.प्रोमिला दहिया सुहाग ने कहा कि छात्र-छात्राएं कॉलेज के इवेंट्स में भाग लें। क्लब में शामिल हों। प्लेसमेंट विभाग से कॉर्डिनेट करें। नई स्किल सीखें, जिससे रोजगार एवं स्वरोजगार के द्वार खुल सकें। आपको कॉलेज में सभी सुविधाएं मिलती हैं, इनका सदुपयोग करके आगे बढ़ें। यह आप पर निर्भर करता है कि आप कितना सीखना चाहते हैं और कितना सफल होना चाहते हैं। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, कन्वीनर डॉ.दिनेश वर्मा ने भी विजेताओं को सम्मानित किया। प्रसिद्ध क्विज मास्टर अरिंदम भट्टाचार्य ने पाइट क्वेस्ट का संचालन किया।

**ये रहे विजेता**

टीम कल्पना से आइबी कॉलेज पानीपत से अयान अहमद एवं यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज की वाणी की टीम पहले स्थान पर रही। टीम ने 2 लाख 80 हजार की स्कॉलरशिप एवं लैपटॉप जीता।

# वसुंधराज होम्योपैथी द्वारा विश्व होम्योपैथी सप्ताह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः डॉ. वसुंधराज** होम्योपैथी द्वारा नव उद्घाटित एडवांस होम्योपैथिक हेल्थकेयर सेंटर में विश्व होम्योपैथी सप्ताह का आयोजन किया गया। होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन का जन्म दिवस 10 अप्रैल को देश-विदेश में वर्ल्ड होम्योपैथी डे के रूप में मनाया जाता है। उद्घाटन समारोह की शोभा ए.डी.जी. हरियाणा पुलिस हरदीप सिंह दुहून ने बढ़ाई। दुहून ने स्वास्थ्य शिविर में सहभागिता की और आयोजकों के प्रयासों के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर निःशुल्क



स्वास्थ्य जांच शिविर की शुरूआत की गई, जो 6 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के पहले दिन लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इसमें लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. वसुंधरा ने जानकारी दी कि इस स्वास्थ्य शिविर में ग्लोबल इवेंट्स आग्रेनाइजेशन ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र और वैली पब्लिक स्कूल, एमडीसी सेक्टर 5, पंचकूला का सहयोग प्राप्त हुआ है।

# सरकारी विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला कुरुक्षेत्र में** सरकारी विद्यालयों में मिल रही सुविधाओ को जन जन तक पहुँचाने के लिए शुरू हुआ ह्यशिक्षा-रथह्ल आज थानेसर खण्ड के गाँव भिवानीखेड़ा, धुराला,अजराना कलां, सलपानी कलां,और कम्बोजमाजरा पहुँचा जहाँ के ग्रामीणों ने शिक्षा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया क शिक्षा रथ के 7 सारथी अध्यापक श्री जीतेन्द्र, महावीर आत्रे, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, रमेश कुमार और विजय पंघाल शिक्षा रथ के साथ शिक्षा विभाग हरियाणा के सन्देश को लेकर गाँव बिशनगढ़, सिंहपुरा, भिवानीखेड़ा,धुराला, अढ़होन,अजराना कलां,गाँव



सलपानी कलां, गाँव मलिकपुर और कम्बोजमाजरा गाँव पहुँचे और ग्रामीणों को गली-गली और चौपाल पर सन्देश दिया कि हरियाणा के विद्यालय बदलते परिवेश में सभी सुविधाओं से युक्त होकर बच्चों के सर्वांगिण विकास में उत्तरोत्तर प्रयासरत है और जन -जन से अपील करता है कि अपने सभी बच्चों को हरियाणा के सरकारी विद्यालय में दाखिला कराएं और सरकारी स्कूलों में बदलाव का हिस्सा बने कशिक्षा रथ यात्रा में गाँव बिशनगढ़ के सरपंच श्री अमित कुमार ने गाँव वालों से अपने बच्चों का हरियाणा सरकारी विद्यालय में दाखिला करवाने का आग्रह किया और पुरजोर रथ यात्रा के उद्देश्य को साकार हेतु समर्थन किया कगाँव भिवानीखेड़ा के सरपंच श्री प्रवीन सैनी ने प्राइवेट विद्यालयों से बच्चों को हटाकर हरियाणा के सरकारी विद्यालय में दाखिला करवाने हेतु गाँव वालों को प्रेरित किया कगाँव सिंहपुरा की महिला सरपंच श्री मती सुदेश कुमारी ने गाँव की सभी बहनों को इकठ्ठा करके अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने बारे पुरजोर समझाया और सरकारी विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी कगाँच धुराला के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य श्री मती निशा रानी,विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्यों और विद्यालय के बच्चों ने शिक्षा रथ यात्रा के साथ पैदल मार्च में ग्रामीणों को समझाया कि सरकारी विद्यालय सुविधाओं से संपन्न हैं और हर माता-पिता एवं अभिभावक को इन सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए और बच्चों के सर्वांगिण विकास में योगदान देना चाहिए क शिक्षा रथ यात्रा आगे बढ़ी तो पहुँची गाँव अढहोन जहाँ राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मुखिया श्री रमेश चन्द, स्टाफ और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने गाँव की सभी महिलाओं को घर द्वार जाकर अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने का आह्वान किया कगाँव अजराना कलां के लोगों का उत्साह सरकारी विद्यालय के प्रति काफी देखने को मिला क हाल ही में यहाँ के लोगों ने प्राइवेट विद्यालय से अपने बच्चों को हटाकर हरियाणा सरकारी विद्यालय में करवाया जिनका यहाँ के शहीद रामेश्वर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूषण लाल शर्मा ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया।

## संपादकीय

# जिबली-जिबली खेलें, मगर संभलकर !

**गिबली** है कि जिबली है, यह तय करने में काफी गफलत थी। वैसे भी किसी ने कहा है कि नाम में क्या रखा है। बेशक, बात तो काम की होनी चाहिये। तो यह सोशल मीडिया में गदर काट रहा गिबली... गिबली या जिबली... जिबली का चक्कर क्या है। कहीं इसके चक्कर में हम घनचक्कर तो नहीं बने जा रहे हैं। यूं तो सोशल मीडिया ट्रेंड की भरमार हमेशा रहती है। लेकिन बात जिबली ट्रेंड की करें, तो इसकी बात बिलकुल जुदा ही है। यह जिबली क्या है, शायद अब यह बताने वाली बात नहीं रह गई है। बच्चे, युवा, बूढे. सभी जिबली.... जिबली खेल रहे हैं। वैसे तो जिबली एक अनोखा जापानी आर्टवर्क है, जिसे जापान के एक स्टूडियो जिबली ने विकसित किया था। इस एनीमेशन स्टूडिया की स्थापना हायाओ मियाजाकी और उनके दोस्तों ने 1985 में की थी जिसने एनीमेशन फील्ड में कई मशहूर फिल्मों का निर्माण किया था। यहां निर्मित हर फिल्म के हर फ्रेम को हाथों से बनाया जाता था। इसे खासतौर पर डिटेल्ड बैकग्राउंड, वॉटरकलर रंगों, ड्रीम लाइक सीनरी और इमोशनल कैरेक्टर डिजाइन के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में जिबली तस्वीरें नजर आ रही हैं। ये सभी तस्वीरें एनीमेटेड फॉर्म में हैं। 24 मार्च को ओपन एआई ने जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर लांच किया था। ओपन एआई के चैट जीपीटी का प्रयोग करके अपनी असली तस्वीरों को जिबली एनीमेटेड तस्वीरों में चेंज कर शेयर करने का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसा नहीं है कि इस ट्रेंड में युवा ही भाग ले रहे हैं, सिनेमा के सितारे, और राजनेताओं ने भी इस ट्रेंड को बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा की। इन तस्वीरों का लुक हूबहू असली तस्वीरों से मिलता-जुलता रहता है, लेकिन एनीमेटेड फॉर्म में होता है। इन तस्वीरों का लुक इतना आकर्षक लगता है कि लोगों की दिलचस्पी कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी इसी दिलचस्पी को भांपते हुये ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमस ने एक बार में तीन तस्वीरों को जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर इस्तेमाल का अश्वासन दे दिया है। सवाल है कि इस ट्रेंड यानी भेड़चाल का किसे नफा और किसे नुकसान होगा। जिबली... जिबली का खेल किस पर भारी पड़ने वाला है। जिस तेजी से हम खेल और मनोरंजन के लिये अपनी फोटो ओपन एआई को सौंप रहे हैं, उनका होगा क्या। ऐसा करके हम क्या खतरा मोल ले रहे हैं, इस बात पर सोचने का वक्त सोशल मीडिया के जमाने में हमारे पास कम ही बचा है, क्योंकि यह तो सब कर रहे हैं। वास्तव में एआई का पूरा कारोबार डेटा पर टिका हुआ है। एआई उतना ही काम कर सकता है जितना उसके पास सटीक उपलब्ध डेटा उसे अलाउ करेगा। जिबली के इस खेल में हमारे फेशियल डेटा हम खुशी से एआई को सौंप रहे हैं। सवाल है कि एआई इससे क्या करेगा। तो बात दें कि इससे कमाल की टेक्नोलॉजी विकसित की जाती है, जिसे फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी कहते हैं। फेशियल रिकॉग्निशन एक बायोमेट्रिक तकनीक है, जो इंसान के चेहरे को स्कैन करके उसकी पहचान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग करती है। इसके लिये डेटा कलेक्शन का काम किया जाता है।

# पौरुष के प्रतीक संकट मोचन वीर हनुमान





शैलेन्द्र दुबे –

> "हनुमान के भोलेपन का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वे अपने स्वामी श्रीराम की मंगल कामना एवं उनके दीर्घ जीवन की कामना के लिए मांग में सिंदूर भरती हैं। कुछ देर बाद श्री हनुमान अपने पूरे शरीर पर सिंदूर का लेप करके मां जानकी के समक्ष पहुंचे। मां सीता उनका यह रूप देखकर आश्चर्यचकित हो गई। तब श्री हनुमान माँ जानकी से बोले कि हे मां, मैं भी तो अपने स्वामी श्रीराम का सेवक हूं, इस नाते उनके जीवन की मंगल कामना करना मेरा भी कर्तव्य है- अत: मैंने अपने पूरे शरीर पर सिंदूर का लेप कर लिया तभी से श्री हनुमंत लाल जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है।"

**भारत सहित** दुनिया में ऐसे अनेक देव स्थान हैं। जहां मूर्ति रूप में ईश्वर की सर्वांगमयी सत्ता से साक्षात्कार होता है। मनुष्य यहां पर सासांरिक प्रपंचों को विस्मृत कर अलौकिक परमानंद की अनुभूति प्राप्त करता है इसीलिए हिन्दू उपासना पद्धति में मूर्ति स्वरूप की पूजा अनुष्ठान का विशेष महत्व है। सांगोपांग विधि से प्रतिष्ठापित विग्रह में साक्षात ईश्वरीय अंश अवतारित होकर साधक भक्त को अभीष्ट सिद्धि प्रदान करते हैं। पौरुष प्रतीक सूत्र अंजनी पुत्र मारुति नंदन का उल्लेख हिन्दू धर्म ग्रंथों में श्रीराम सीता एवं अनुज लक्ष्मण के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य सेवक के रूप में वर्णित है। वानर श्रेष्ठ हनुमंत लाल जी अतुलनीय बल-बुद्धि के सागर हैं। चैत्र पूर्णिमा के दिन मंगलवार को श्री हनुमान जी का जन्म हुआ था। चैत्र पूर्णिमा को महावीर मारुति नंदन का जन्मोत्सव हिन्दू समुदाय द्वारा सारे विश्व में बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है।

हिन्दू धर्म में बाल ब्रह्मचारी, संयम एवं पौरुष के प्रतीक महाबली हनुमान जी को ईश्वरीय दर्जा प्राप्त है। हनुमान जी के आराध्य देव श्रीराम हैं। श्री हनुमान के हृदयरुपी मंदिर में धनुष-बाण धारण किये श्रीराम-सीता निवास करते हैं। सीता हरण के बाद रावण का वध करने में लंका विजय के दौरान श्रीराम को वीर हनुमान जी का योगदान महत्वपूर्ण रहा। युद्ध भूमि में लक्ष्मण को शक्ति की मूर्च्छा से जगाने संजीवनी बूटी के लिए महाबली हनुमान पूरा पर्वत ही उठा लाए थे।

**श्री हनुमान जी की जन्मकथा**

श्री हनुमान जी के जन्म की कथा विचित्र है। उन दिनों हिमालय पर्वत पर आश्रम में कश्यप मुनि अन्य ऋषि-मुनियों के साथ तपस्या किया करते थे। एक दिन आश्रम में एक मदमस्त हाथी अचानक घुस आया। उन्मुक्त हाथी के भय से आश्रम के ऋषि-मुनि किसी तरह अपने प्राणों की रक्षा कर भागे। उस समय इस क्षेत्र पर वानरों के राजा केसरी का राज्य था। केसरी ने मदमस्त हाथी का वध करके ऋषियों के प्राणों की रक्षा की तब ऋषियों ने प्रसन्न होकर केसरी से वरदान मांगने को कहा। वरदान स्वरूप केसरी ने पवन के समान तेज चलने वाले, बुद्धिबल, चातुर्य और रूप की खान के समान पुत्र की कामना ऋषि मुनियों से की। मुनियों ने यह वरदान केसरी को दे दिया।

केसरी की पत्नी और हनुमान जी की माता अंजनी एक दिन श्रृंगार करके पर्वत पर बैठी थी उस समय उनके स्वरूप को देखकर पवन मुग्ध हो गया और उनके वस्त्र को उड़ाकर अंजनी को स्पर्श किया। इस पर कुपित होकर पतिव्रता अंजनी पवन को श्राप देने तत्पर हो गईं। अंजनी को क्रोध में जानकर पवन ने कहा कि हे अंजनी, मेरा अपराध क्षमा करो, तुम्हारे पति केसरी ने मुनियों से मेरे समान पुत्र की कामना की है- अतः मुनिश्वरों की बातें झूठी नहीं हो सकती इसीलिए तुम मुझसे पुत्र प्राप्त करो। इस प्रकार शुभ घड़ी में हनुमान जी का जन्म हुआ।

**श्री हनुमान का नामकरण**

एक दिन श्री हनुमान की माता अंजनी शिशु हनुमान को गोद में लिए दुलार रही थीं। आसमान में सूर्य को उदय हुआ देखकर और सूर्य को खेलने की वस्तु समझकर अकस्मात श्री हनुमान स्वर्ग जा पहुंचे। जैसे ही सूर्य को पकड़ने उन्होंने अपना हाथ बढ़ाया, देवों के राजा इंद्र ने बालक हनुमान पर वज्र प्रहार कर दिया। बालक हनुमान वज्र प्रहार से मूर्च्छित हो गए। वज्र के प्रहार से श्री हनुमान की ठोड़ी पर निशान बन गया, जिससे उनका नाम हनुमान पड़ गया।

श्री हनुमान की मूर्च्छा जब भंग हुई तो उन्होंने समूचे सूर्य को अपने मुख में निगल लिया। जिसके फलस्वरूप संसार में अंधेरा छा गया। ऐसी संकट की घड़ी में देवतागण महादेव श्री शंकर के पास पहुंचे। देवताओं ने सूर्य को हनुमान से मुक्त करने को शिव से अनुरोध किया। श्री शंकर ने देवताओं को केसरी के पास जाने की आज्ञा दी। देवतागण घबराकर केसरी के पास पहुंचे। उधर पवन देव ने क्रोधवश अपनी सांस रोक ली, जिससे संसार वायुविहीन हो गया। संसार में चारों तरफ हा-हाकार मच गया। तब केसरी व पवन से सभी देवताओं ने माफी मांगी और सूर्य को श्री हनुमान जी के मुख से मुक्त करने की प्रार्थना की। देवताओं ने सूर्य की मुक्ति पर प्रसन्न होकर केसरी से वरदान मांगने को कहा। तब केसरी ने देवताओ से श्री हनुमान को अजर-अमर करने का से वरदान मांगा। उन्होंने देवताओं से यह भी वरदान मांगा कि हनुमान के बराबर संसार में दूसरा कोई बलशाली न हो और हनुमान श्रीराम की भक्ति में लीन रहें।

**श्रीराम-हनुमान मिलन**

श्रीराम का हनुमान के प्रति स्नेह सर्वविदित हैं।

अयोध्या के राजा दशरथ के द्वार पर एक दिन मदारी बंदर का खेल दिखा रहा था। बालक श्रीराम मदारी का खेल देखकर बंदर लेने की जिद कर मचल उठे, श्रीराम के पिता राजा दशरथ ने बहुत से बंदर मंगवाए लेकिन बालक श्रीराम को एक भी बंदर पसंद नहीं आया।

तब गुरु वशिष्ठ के कहने पर पंपापुर के युवराज सुग्रीव के पास से श्री हनुमान जी को बुलवाया गया। बालक राम ने श्री हनुमान को गले से लगा लिया और उन्हें अपना मित्र बनाया। श्रीराम-लक्ष्मण सहित विश्वामित्र के साथ उनके यश की रक्षा करने जब वन में जाने लगे, तब उन्होंने हनुमान को वापस सुग्रीव के पास जाने की आज्ञा दी और कहा कि जब वे सीता की तलाश में आयेंगे तब हमारी पुनः भेंट होगी।

इस तरह भगवान राम के चौदह वर्ष वनवास के दौरान रावण द्वारा सीता का हरण कर लिए जाने पर श्रीराम जब सीता की खोज करने किष्किंधा पर्वत पर पहुंचे, श्रीराम और श्री हनुमान में पुनः भेंट हुई, लंका विजय अभियान पर वीर हनुमान सहित वानर सेना का श्रीराम को सहयोग आज भी सर्वज्ञात है।

श्री हनुमान को सिंदूर लेपन

श्री हनुमान मंदिरों में स्थापित संकट मोचन हनुमान की प्रतिमा को सिंदूर लेप किया जाता है। प्रतिमा को सिंदूर के लेपन के संदर्भ में यह मान्यता है कि एक समय माता जानकी को श्री हनुमान ने मांग में सिंदूर भरते हुए देखा। अचानक श्री हनुमान के मन में कौतुक जागा और उन्होंने माता सीता से मांग में सिंदूर भरने का कारण जानना चाहा। श्री हनुमान की उत्सुकता जानकर मां सीता हंस पड़ी। हनुमान के भोलेपन का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि वे अपने स्वामी श्रीराम की मंगल कामना एवं उनके दीर्घ जीवन की कामना के लिए मांग में सिंदूर भरती हैं। कुछ देर बाद श्री हनुमान अपने पूरे शरीर पर सिंदूर का लेप करके मां जानकी के समक्ष पहुंचे। मां सीता उनका यह रूप देखकर आश्चर्यचकित हो गईं। तब श्री हनुमान माँ जानकी से बोले कि हे मां, मैं भी तो अपने स्वामी श्रीराम का सेवक हूं, इस नाते उनके जीवन की मंगल कामना करना मेरा भी कर्तव्य है- अतः मैंने अपने पूरे शरीर पर सिंदूर का लेप कर लिया तभी से श्री हनुमंत लाल जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है। अतुलित बलशाली संकट मोचन श्री हनुमान को पौरुष, संयम एवं बल का प्रतीक अखाड़ों-व्यायामशालाओं में कसरत एवं कुश्ती लड़ने वाले पहलवान मानते आए हैं, अखाड़ों में पहलवान श्री हनुमान की गदाधारी, लंगोट एवं मुकुटधारी प्रतिमा को साक्षी मानकर लाल मिट्टी पर मुगदर एवं झूलों पर कसरत, व्यायाम एवं कुश्ती का अभ्यास करते हैं।

## कविता

हाले दिल पे मेरे मुस्कुराते हो।

क्यों हाले दिल पर मेरे मुस्कुराते हो
ख्वाबों में ही दिख मुझे जलाते हो।

तुमने ही कहा नित मिला करेंगे हम
मालिक हो वादे से मुकर जाते हो।

मिलन जुदाई का गजब खेल सब
खुद ब खुद शर्म से लिपट जाते हो।

नजरों से मेरी खुद को देखो संजीव
कलियों सा हंसकर हमें भरमाते हो।

मिला के नजर,कभी झुका के नजर
क्यूं हम पर इतना सितम ढाते हो।

संजीव

# ..आखिर जनता को सच्चाई कौन बताए

**लोकतंत्र** में दो महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। एक सत्ता पक्ष और एक विपक्ष। निसंदेह सत्ता पक्ष का कार्य जनता का हित करना और जनहित के कानून बनाना होता है,जनता को रोजगार देना,रोटी का प्रबंध करना, उनकी स्वास्थ्य,शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना होता है।साथ ही अपनी नीतियों का प्रचार-प्रसार करना भी..।ठीक ऐसे ही विपक्ष का काम सरकार की नीतियों में अगर कहीं कमी है,तो उसे निकालकर जनता के सामने रखना होता है और जो कानून सरकार बनाती है,उनमें जनता के हित के लिए संशोधन करवाना भी....।साथ ही सरकार की नीतियों की आलोचना करना भी और उनमें बदलाव करवाना भी...और जनता के मूल मुद्दों यथा...रोजी-रोटी के मसले,स्वास्थ्य,शिक्षा और सुरक्षा के मुद्दों को उठाना भी। कल्पना कीजिए यदि विपक्ष हर बात में सत्ता की हाँ में हाँ मिलाए,तो फिर विपक्ष काहे का...वह तो पक्ष ही हो गया और जैसे ही ऐसा हो जाएगा,यकीन मानिए तैसे ही लोकतंत्र खात्मे की ओर बढ़ेगा ही...लोकतंत्र की आत्मा मर जाएगी और सत्ता पक्ष निरकुंश हो जाएगा अर्थात तानाशाह हो जाएगा? क्योंकि दोनों को ही जनता चुनती है यानि कि पक्ष को भी और विपक्ष को भी..और पक्ष को इसलिए चुना जाता है कि वो सरकार में बैठकर जनता के हित के काम करे और विपक्ष को इसलिए कि वो विपक्ष में बैठकर सरकार की किसी भी प्रकार की तानाशाही,मनमानी पर लगाम लगाने का काम करे।इस संदर्भ में यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र में सत्ता में चाहे कोई भी हो..वह अपनी बात को,अपनी नीतियों को,अपने द्वारा बनाए गए किसी भी कानून को अनुचित तो नहीं बताएगा और बताना भी नहीं चाहिए?वैसे भी कहावत है कि अपनी छाछ को खट्टी कौन बताता है?ठीक ऐसे ही विपक्ष भी यह नहीं कहेगा कि जो भी वह कह रहा है,वह सब अनुचित है।तो अब सवाल यह है कि आखिर जनता को कैसे पता लगे कि सच्चाई क्या है?हकीकत वह है जो सत्ता पक्ष कह रहा है या हकीकत वह है जो विपक्ष कह रहा है?और यकीन मानिए सवाल भी यही मौजू है क्योंकि आज सबसे ज्यादा दरकार इसी बात की है क्योंकि नेता चाहे पक्ष का हो या फिर विपक्ष का हो...विश्वसनीय नहीं कहा जा सकता और आज के दौर में तो कतई नहीं क्योंकि यह दौर ही ऐसा है और लोकतंत्र में यह भी सत्य है कि राजनेता को तो सत्ता प्राप्त करनी होती है बाय हुक-बाय क्रुक।अत: वह कुछ भी करेगा और करना भी चाहिए क्योंकि गुहियाँ छिलने के लिए तो नेता,राजनीति में आते नहीं है।वो दौर गुजर चुका है जब नेता,सच्चे नेता हुआ करते थे,देश के प्रति,जनता के प्रति जबाबदेह होते थे? वर्तमान दौर में यह बात बेमानी है।तो सवाल वही कि आखिर जनता को सच बताए कौन? तो इसका जबाब है लोकतंत्र का चौथा खम्बा...यानि कि प्रेस,मीडिया,पत्रकार,लेखक बताएं।विशेषकर मीडिया .चाहे वह प्रिंट हो या इलेट्रॉनिक हो या फिर आज के दौर में सोशल मीडिया।सोशल मीडिया को यहाँ से हटा देना चाहिए क्योंकि इस पर तरह-तरह के लोग हैं और इसके लिए अभी गाइडलाइन बनाने का काम जारी है लेकिन प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की बड़ी जिम्मेदारी है,जो उसे निभानी चाहिए मगर दुर्भाग्य से मीडिया पक्षकार बनता दिखाई दे रहा है,तभी तो आज के दौर में मीडिया के लिए नया शब्द शब्दकोश में आया है और वह है 'गोदी मीडिया'।जबकि किसी भी सूरत में मीडिया को पक्षकार नहीं बनना चाहिए...ना पक्ष का और ना ही विपक्ष का और यदि पक्षकार बनना ही है तो जनता का बनना चाहिए जो कि लोकतंत्र में उसकी नैतिक,व्यवसायिक जिम्मेदारी होती है।

## विचार

# भगवान महावीर स्वामी के संदेश और अपरिग्रहवाद

**डॉ. श्रीरंजन सूरिदेव**

**महावीर** स्वामी के वचन या उनकी प्रेरक वाणी सम्पूर्ण मानवीय जीवन दर्शन या जीवन-संस्कृति से अनुगुंजित है, जो मुख्यतया अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्त की त्रयी पर आधारित है। महावीर स्वामी के वचनों के अनुसार दृष्टि निपुणता तथा सभी प्राणियों के प्रति संयम ही अहिंसा है। दृष्टि निपुणता का अर्थ है सतत जागरुकता तथा संयम का अर्थ है मन वाणी और शरीर की क्रियाओं का नियमन। जीवन के स्तर पर जागरुकता का अर्थ तभी साकार होता है, जब उसकी परिणति संयम में हो। संयम का लक्ष्य तभी सिद्ध हो सकता है, जब उसका जागरुकता द्वारा सतत दिशानिर्देश होता रहे। लक्ष्यहीन और दृष्टिगत संयम अर्थहीन काया क्लेश मात्र बनकर रह जाता है। महावीर स्वामी के सन्देशों में प्रतिबिम्बित श्रमण संस्कृति के संदर्भ में, ज्ञान दृष्टि के आधार पर जीवन चर्चा का संयमन ही तात्विक संयम है। जीवन चर्चा के संयमन के बिना मानव जाति में एकता की प्रतिष्ठा तथा विलास वैभव का नियंत्रण सम्भव नहीं। एकता और समता, संयम और नियंत्रण के अभाव की स्थिति में हिंसा की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलता है, जिससे जनता का दुःख बढ़ता है। इसलिए महावीर स्वामी ने दूसरों के दुःख को दूर करने की धर्मवृत्ति को अहिंसा धर्म कहा है 'परस्स अदुक्खकरणं धम्मो।' (वसुदेवहिण्डी)

महावीर स्वामी ने अपनी वाणी से सम्पूर्ण मानव जाति को एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा है जन्म से कोई किसी जाति का नहीं, कर्म से उसकी जाति का निर्धारण होता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और शूद्र ये सब जन्मना नहीं, कर्मणा होते हैं (उतराध्ययन सूत्र)। तात्पर्य यह कि कर्म की शुचिता और अशुचिता के आधार पर ही मनुष्य की उच्चता या नीचता निर्भर होती है। उसमें जन्म से हीन या उच्च जैसा भाव नहीं है। प्रत्येक वाणी, चाहे वह छोटा-सा कीड़ा हो या आदमी, आत्मसत्ता के स्तर पर समान है, उसमें अनुर्निहित सम्भावनाएं समान हैं। महावीर के वचनों में अनुध्वनित अपरिग्रह तथा अहिंसा के संदेश मनुष्य की वर्तमान आर्थिक और सामाजिक आकांक्षाओं को ऊपर उठाने में अधिकाधिक कामयाब सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने अपरिग्रह के व्रत पर इसलिए बल दिया है कि वह जानते थे कि आर्थिक असमानता और आवश्यक वस्तुओं का अनुचित संग्रह सामाजिक जीवन को विघटित करने वाला है। महावीर स्वामी ने ऐसे समाज घातक परिग्रहवाद के विरोध में आवाज उठाई और अपरिग्रह के सामाजिक मूल्य की स्थापना की। 'परस्परोग्रहों जीवानाम' अर्थात जीवों के प्रति परस्पर उपकार की भावना ही उनकी साधना का लक्ष्य था और उसका प्रतिफलन उनके मूल्यवान वचनों में हुआ है।

महावीर स्वामी का वचन है कि सत्य अनन्तमुख है। अपने को ही एकान्तिक रूप से सही मानना और दूसरे को गलत समझना सत्य का अनादर करना है। किसी को सर्वथा गलत मानना वैचारिक स्तर पर हिंसा है, उनकी जीवन सत्ता को अस्वीकार करना है। उनका कथन है कि सापेक्ष स्तर पर सत्य को उसके सन्दर्भों में देखा जाए और उन सन्दर्भों में उन्नत हित रूपों द्वारा उसे सम्मानित किया जाए। एकत्व में अनेकत्व तथा अनेकत्व में एकत्व यानी उभयात्मक दृष्टि ही वास्तुसत्य के सही अभिज्ञान या सम्यग्ज्ञान में समर्थ होती है। हाथी के पैर, पूंछ, सूंड और कान को टटोलकर एक-एक अवयव को ही हाथी मानने वाले जन्मान्ध लोगों का अभिप्राय मिथ्या होता है पर हाथी के समस्त अवयवों के समुदाय को हाथी के रूप में पहचान करने वालों की दृष्टि होती है। महावीर स्वामी के वचनों में निहित अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्त के तत्व निश्चय ही उनके द्वारा किए गए सामाजिक विकास के तथ्यान्वेषण की युगान्तरकारी परिणति है। कोई भी आत्मसाधक महापुरुष लौकिक सामाजिक व्यवस्था के आधारभूत तत्वों की उपेक्षा नहीं कर सकता। महावीर स्वामी ने पददलित लोगों को सामाजिक सम्मान देकर उनमें आत्माभिमान को जगाया। उन्होंने अपने वचनों को बराबर अपने ही जीवन में उतारने का प्रयास किया। वह बराबर आत्मपर्यवेक्षण और आत्मपरीक्षण के दौर से गुजरते रहे। उ


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**खजागुड़ा** जैसे जंगलों को शहरीकरण के नाम पर नष्ट किया जा रहा है, जिससे न केवल पेड़, बल्कि वन्यजीव और स्थानीय समुदाय भी प्रभावित हो रहे हैं। यह विनाश पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु संकट और सामाजिक अन्याय को बढ़ावा देता है। आज न्याय के दोहरे मापदंड है – जहाँ आम आदमी पेड़ काटे तो अपराध, परंतु सरकार या कंपनियाँ जब हजारों पेड़ काटें तो वह ह्वविकासह्व कहलाता है। हमें ऐसे विकास मॉडल की जरूरत है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो। अन्यथा, यह "विकास" हमें एक अंधकारमय भविष्य की ओर ले जाएगा। "किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे"–यह पंक्ति सुनने में भले ही काव्यात्मक लगे, लेकिन इसके पीछे छिपा दर्द, पीड़ा और चेतावनी आज के तथाकथित विकास के मॉडल पर करारी चोट करती है। जब हम हैदराबाद के जंगलों की कटाई और अंधाधुंध शहरी विस्तार की तरफ देखते हैं, तो यह सवाल और भी प्रासंगिक हो जाता है: क्या हम सचमुच बसा रहे हैं, या उजाड़ने की प्रक्रिया को ही "विकास" कहकर महिमामंडित कर रहे हैं?

**जंगलों की चीख और शहरी बहरापन**

हैदराबाद का खजागुड़ा रिजर्व फॉरेस्ट, जो कभी वन्य जीवन, जैव विविधता और स्थानीय समुदायों के लिए एक सुरक्षित आश्रय था, अब क्रेनों और बुलडोजरों की चपेट में है। वहाँ अब पेड़ों की जगह कंक्रीट खड़े हो रहे हैं, और पक्षियों की चहचहाहट की जगह मशीनों की कराह सुनाई देती है। यह केवल एक क्षेत्र की बात नहीं, बल्कि पूरे भारत में फैली उस प्रवृत्ति का प्रतिबिंब है जहाँ प्रकृति के मूल तत्वों को मिटाकर गगनचुंबी इमारतों को प्रगति का प्रतीक माना जाने लगा है।

**विकास या विनाश?**

यह सच है कि शहरीकरण आवश्यक है। बढ़ती आबादी, रोजगार के अवसर और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सुविधाओं की जरूरत होती है। परंतु जब यह विकास जंगलों की आहुति लेकर आता है, जब हजारों पेड़ कटते हैं और वन्यजीव बेघर हो जाते हैं।

# बाबूजी की बेमिसाल बायोग्राफी

**डॉ. सुरेश**

**गाँव** के चौपाल पर बैठे बुजुर्गों की मंडली में आज एक नई हलचल थी। बाबूजी, जो हमेशा अपने अनुभवों का पिटारा खोलकर बैठते थे, आज कुछ खास उत्साहित दिख रहे थे। उनके हाथ में एक मोटी किताब थी, जिसका शीर्षक था, "मेरी जीवन गाथा: बाबूजी की जुबानी"। रामू काका ने चुटकी ली, "अरे बाबूजी, ये क्या? अपनी ही बायोग्राफी लिख डाली?" बाबूजी ने मुस्कुराते हुए कहा, "हाँ भई, अब हमारे जीवन के किस्से भी तो जानना चाहिए नई पीढ़ी को।" श्यामलाल ने हँसते हुए कहा, "बाबूजी, कहीं इसमें वो किस्सा तो नहीं जब आप कुएँ में गिर गए थे?" बाबूजी ने आँखें तरेरते हुए कहा, "अरे, वो तो बचपन की बात थी। असली मजेदार किस्से तो बाद में आए।" मंडली के सभी लोग हँस पड़े। बाबूजी ने किताब खोलकर पढ़ना शुरू किया, "तो सुनो, जब मैं पहली बार शहर गया, तो सोचा कि बड़े लोगों की तरह सूट-बूट पहनूँ। लेकिन जैसे ही ट्रेन में चढ़ा, किसी ने कहा, 'भाईसाहब, आपका कोट उल्टा है।' मैंने झेंपते हुए कहा, 'अरे, स्टाइल है भाई, स्टाइल।'" रामू काका ने ठहाका लगाते हुए कहा, "बाबूजी, आपका स्टाइल तो निराला है!" बाबूजी ने गर्व से कहा, "और सुनो, एक बार मैंने सोचा कि अंग्रेजी सीख लूँ। टीचर ने पूछा, 'हाउ आर यू?' मैंने जवाब दिया, 'आई एम फाइन, थैंक यू।' फिर उसने कुछ और पूछा, तो मैंने वही जवाब दिया। आखिर में टीचर ने कहा, 'तुम्हें और कुछ नहीं आता?' मैंने कहा, 'आई एम फाइन, थैंक यू।'" श्यामलाल ने पेट पकड़कर हँसते हुए कहा, "बाबूजी, आपकी अंग्रेजी तो गजब है!"

बाबूजी ने मुस्कुराते हुए कहा, "अरे, वो तो पुरानी बातें हैं। अब तो मैं 'हैलो' और 'बाय-बाय' भी जानता हूँ।" मंडली के सभी लोग हँसी से लोटपोट हो गए। बाबूजी ने फिर से किताब में झाँकते हुए कहा, "और वो दिन याद है जब मैंने पहली बार सिनेमा देखा। हीरोइन ने हीरो से कहा, 'आई लव यू।' मैंने बगल वाले से पूछा, 'ये क्या कह रही है?' उसने कहा, 'प्यार का इजहार कर रही है।' मैंने सोचा, 'अरे, ये तो हमारे गाँव में सीधे शादी कर लेते हैं, यहाँ पहले इजहार करना पड़ता है।'"

## न्यूज फ्लैश

### उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ सामान चुराया

**गन्नौर।** पुगथला उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ हजारों का सामान चोरी कर ले गए। केंद्र में तैनात एमपीएचडब्लू ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खेड़ी गुज्जर गांव के शिव कुमार ने बताया कि वह पुगथला उप स्वास्थ्य केंद्र में एमपीएचडब्लू के पद पर कार्यरत हैं। 7 अप्रेल की सुबह जब वह ड्यूटी पर आया तो उसने देखा कि केंद्र के गेट की कुंडी टूटी हुई थी। उसने अंदर जा कर देखा तो वहां से डबल बैटरी का इन्वर्टर, एलसीडी, डीवीआर, वेट मशीन, बीपी आपरेटर मशीन, डेथ रजिस्टर गायब थे। पुलिस ने शिव कुमार की शिकायत अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्किल हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने ली ट्रेनिंग



**गन्नौर। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुज्जर से स्किल हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने एनसी मेडिकल कालेज, इसराना में चार दिवसीय आन जाब ट्रेनिंग पूरी की। इसमें स्वास्थ्य शिक्षिका शशिबाला, एबीआरसी कुसम, पीजीटी निकिता व वीटी ज्योति भी शामिल रही। संस्थान से कर्नल रामकुमार, दलबीर सिंह ढिल्लन ने विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल वर्क कर उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को रोगी के साथ व्यवहार करने, उसका ईलाज व उपकरणों के प्रयोग के बारे जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे व बच्चों के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। समापन पर बच्चों को संस्थान की ओर से प्रमाण-पत्र भेंट किए गए।

### कुपोषित बच्चे दिमागी तौर पर नहीं हो पाते परिपक्व : यश जालुका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त यश** जालुका ने कहा कि कुपोषण के शिकार बच्चे दिमागी तौर पर परिपक्व नहीं हो पाते, जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास कम होता है, बल्कि कई बीमारियां भी उन्हें जकड़ लेती हैं, जो कि एक गंभीर विषय है। कुपोषण के शिकार बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी हम सब की है। उन्होंने पोषण अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अविकसित एवं गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों में सुधार लाने के लिए सांझा प्रयास करें और ऐसे बच्चों की पहचान करके उनके पोषण में सुधार लाएं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोरियों में भी पौष्टिक आहार लेने के लिए जागरूक करें। अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित बैठक में पोषण अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारीध्कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी एक्शन प्लान के तहत कार्य करें, ताकि कुपोषण से बच्चों को बचाया जा सके। उन्होंने सीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे हर माह की सात तारीख पोषण ट्रैकर से डाटा कलेक्ट करेंगी और इसके बाद सुपरवाइजर संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से बच्चे के माता-पिता का मोबाइल नंबर लेकर उनके निरंतर संपर्क में रहेंगी और बच्चों के पोषण में सुधार लाने के लिए प्रेरित करेंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने पीपीटी के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसका शुभारंभ हो चुका है। इस पखवाड़े के अंतर्गत प्रत्येक दिन में अलग.अलग थीम पर गतिविधियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओंए स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोरियों तथा छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेहतरीन पोषण लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान के दौरान बच्चों के जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित कर, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए उचित पोषण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार से पोषण सेवाओं के स्व-पंजीकरण और डिजीटल ट्रेकिंग को प्रोत्साहित किया जाए, कम्युनिटी बेस्ड मेनेजमेंट

# सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में 11 संकल्पों की अनुपालना पर दिया जोर : कृष्णा

## विधायक कृष्णा गहलावत व माईराम कौशिक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते जिलाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई हलका विधायक** एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भाजपा के जिला कार्यालय में राई हलके के सक्रिय कार्यकताओं के सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 संकल्पों की जानकारी देते हुए उनकी अनुपालना पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यकताओं में नये उत्साह का संचार किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 संकल्प लिए हैं, जिनमें कर्त्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस, कानून के शासन का



सम्मान, औपनिवेशिक की मानसिकता से मुक्ति, वंशवादी राजनीति का अंत, संविधान का सम्मान, आरक्षण की सुरक्षा, महिलाओं के नेतृत्व में विकास तथा राज्य केंद्रित विकास और एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प शामिल है। विधायक कृष्णा गहलावत ने हर संकल्प पर विस्तृत मंथन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शासन और नागरिकों में कर्त्तव्य के महत्व पर जोर दिया है। देशभर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 100 मिलियन घरेलू शौचालयों का निर्माण कराया गया, साठ हजार से अधिक बच्चों की वार्षिक मृत्यु दर में कमी आई। इस मिशन से न केवल स्वच्छता में सुधार आया बल्कि नागरिकों को जिम्मेदारी का अहसास कराया। प्रधानमंत्री ने अमृतकाल को कर्त्तव्यकाल घोषित करते हुए राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक के योगदान पर बल दिया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजनीति में योग्यता और समर्पण पर जोर देते हुए वंशवादी राजनीति के अंत की बात करते हुए एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने की योजना बनाई। संविधान का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में संवैधानिक मूल्यों और संघवाद की भावना को मजबूत बनाये रखने के लिए लगातार काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आरक्षण को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाये है। इस दौरान कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए प्रोत्साहित किया।

## हैफेड के अधिकारियों से खरीद एवं गेहूं के उठान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नगर** निगम मेयर राजीव जैन ने अनाज मंडी में पहुंचकर गेहूं खरीद का जायजा लिया और मार्केटिंग बोर्ड, भारतीय खाद्य निगम तथा हैफेड के अधिकारियों से खरीद एवं गेहूं के उठान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बेचने के लिए आयी गेंहू की ढेरी से मशीन लगवाकर नमी की जाँच भी की। राजीव जैन ने मंगलवार को मंडी प्रधान पवन गोयल तथा व्यापार मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व वाईस चेयरमैन संजय वर्मा के साथ खरीद व्यवस्था देखने के बाद व्यापारियों से बैठक कर समस्याएं सुनी। ढुलाई के ठेकेदार सतीश माथुर ने भारतीय खाद्य निगम के गोदाम के सामने सड़क पर डिवाइडर होने के कारण बड़े ट्रक मुड़ने की समस्या रखी, जिसपर राजीव जैन ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत कौशिक से बात की और समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। आढ़तियों ने मंडी का जर्जर हो चूके एक नंबर शेड को नया बनवाने, मंडी में पीने के मीठे पानी की वयवस्था, टूटी हुई चारदीवारी बनवाने की मांग रखी, जिस पर राजीव जैन ने मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवनीत सैनी को फोन करके इन समस्याओं का समाधान करवाने के निर्देश दिए।

## एक्सीडेंट में उड़े बाइक के परखच्चे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कस्बा** असंध में कॉलेज रोड पर बीती देर रात एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। यहां एक बाइक और एक्सयूवी कार की सीधी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला पहिया पूरी तरह से टूट गया। इस हादसे में बाइक पर सवार एक व्यक्ति और तीन बच्चे घायल हो गए। घायलों को तुरंत असंध के अस्पताल ले जाया गया, जहां से एक व्यक्ति और एक बच्चे को करनाल के सरकारी अस्पताल रेफर किया गया है।

## सकारात्मक जीवनशैली से व्यक्ति का उत्थान होता हैः कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों के समक्ष जीवन कौशल व्याख्यान किया। कुलपति अशोक ने कहा कि सकारात्मक सोच के माध्यम से व्यक्ति का विकास होता है और नकारात्मक सोच के कारण वह विनाश को प्राप्त करता है। ज्ञानेंद्रियों के द्वारा व्यक्ति को वातावरण से तरह-तरह के विचार मिलते हैं और इन विचारों पर सोचकर वह निश्चय करता है कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं। कभी-कभी इन विचारों पर सोचते-सोचते वह इतना उलझ जाता है कि उसको पता ही नहीं




चल पाता कि क्या सही है या गलत है। जैसा कि महाभारत युद्ध में अर्जुन के साथ हुआ। अर्जुन नकारात्मक विचारों में घिर गए थे, यदि उस समय भगवान कृष्ण मार्गदर्शक न देते तो हो सकता था कि महाभारत युद्ध का परिणाम कुछ ओर होता। आपको जीवन में सफलता पाने के लिए अनगिनत हार एवं असफलताओं का सामना करना पड़ेगा। यदि आप उन चुनौतियों को डट कर मुकाबला करते है तथा अपने लक्ष्यों के प्रति ध्यान केंद्रित रखते है तो सफलता एक दिन आपके कदमों पर होगी। सकारात्मक इंसान वही होता है जिसमें टीम का कुशल नेतृत्व करने की समता हो, दोस्ताना, आत्मविश्वासी, संतुष्ट, मददगार, दूसरों को खूश करने वाला हो। हमें अपने जीवन का उदेश्य निर्धारित करना चाहिएं, तभी हम अपने जीवन में सफल हो पायेगें। कुलपति अशोक कुमार द्वारा विधि विश्वविद्यालय के छात्र स्पर्श गोयल, संचिता जिंदल और नेहा दहिया को प्रथम सी.सी.आई.-सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नागपुर राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विजेता होने पर कर सम्मानित किया। उनके साथ विधि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आशुतोष मिश्रा, डॉ. पूजा जायसवाल आदि मौजूद थे।

## नहर में मिला युवक का शव, तीन दिन से था लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में कैथल** रोड पुल के पास नहर में एक युवक का शव मिला। शव की पहचान करनाल निवासी 28 वर्षीय हरदीप के रूप में हुई है, जो बीते 5 अप्रैल से लापता था। हरदीप बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार 5 अप्रैल को हरदीप अपने दोस्त टोनी के साथ गया था। हरदीप के भाई ने बताया कि टोनी ने घर के पास ही स्थित दुकान खुलवाई और स्कूटी ठीक करवाई। मरम्मत के बाद टोनी ने हरदीप से कहा कि वह पैसे देने के लिए उसे साथ चले। हरदीप ने दुकान की चाबी भाई को दी और कहा कि वह 10-15 मिनट में लौट आएगा। इसके बाद वह नहीं लौटा। भाई ने कुछ समय बाद कॉल किया, लेकिन हरदीप का फोन बंद था। जब टोनी से बात की गई तो उसने कहा कि हरदीप उसकी स्कूटी और उसकी मां का मोबाइल लेकर चला गया है और उसे कुछ नहीं पता। बाद में जब भाई टोनी के घर पहुंचा तो वह खुद स्कूटी पर बैठा था और उसके हाथ में मोबाइल था। टोनी ने बताया कि हरदीप किसी और की बाइक पर चला गया था, लेकिन वह उस लडके को नहीं जानता। परिजनों का कहना है किए टोनी की बातों में झोल है और वह हरदीप के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा।

## संरक्षित क्षेत्रों के भीतर मूल जैव विविधता और विरासत आवयश्यकः श्यो प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः गांव ताजपुर में लोगों को अपने** अधिकार क्षेत्र में विरासत या सौंदर्य संबंधी मूल्यों के साथ प्रमुख जैव विविधता स्थलों,जैव विविधता समृद्ध क्षेत्रों की जानकारी बारे में ग्रामीणों के साथ एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता गांव की सरपंच सुदेश कुमारी ने की। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर श्यो प्रसाद ने सभा में शामिल लोगों को बताया की भारत के जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 37 के तहत परिकल्पित जैव विविधता विरासत स्थलों (बीएचएस) की अवधारणा, इन विलुप्त जैव विविधता समृद्ध क्षेत्रों की रक्षा के लिए उठाए गए सबसे कल्पनाशील कदमों में से एक थी। जैव विविधता प्राधिकरण ने ऐसी साइटों को घोषित करने और प्रबंधित करने के लिए दिशानिर्देश और सूचीबद्ध प्रबंधन नुस्खे जारी किए, इस प्रकार पूरे देश में अवधारणा को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया। और विशेष बल देते हुए बताया की जैव विविधता अधिनियम के प्रावधानों को लागू करना और इसके संरक्षण के लिए आंदोलन करने के बजाय इसकी जल धारण क्षमता को उजागर करके एक उच्च ऊंचाई वाले उपवन का संरक्षण करना संभव होगा।

## कूलर के गोदाम में लगी आग, लाखों का माल जला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा की** रेलवे रोड पर स्थित दीपचंद मंडी में सोमवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे एक कूलर के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते गोदाम के ऊपर और नीचे रखे सामान ने आग पकड़ ली। हादसे में गोदाम में रखे लाखों रुपए के कूलर और निर्माण सामग्री जलकर खाक हो गई। आग की लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की गाड़ी ने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। पानी की तेज बौछार के बाद भी आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया।

## बिना अनुमति होर्डिंग लगाया तो भरना पड़ेगा जुर्माना, नपा ने दिया टैंडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** शहर में अब कही भी मनचाही जगह पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगाया तो नगरपालिका उस पर जुमार्ना लगाएगी। जगह-जगह पर शहर में होर्डिंग लगाने वालों की मनामानी पर रोक लगाने के लिए नगरपालिका ने एक एंजेसी को टैंडर दिया है और एजेंसी द्वारा होर्डिंग लगाने के लिए शहर में जगह भी चयनित कर दी है। अब होर्डिंग लगाने से पहले ठेकेदार के पास पैमेंट जमा करानी पड़ेगी और उसके बाद चयनित जगह पर होर्डिंग लगेगा। हालात ये है कि अब शहर की सड़कें और मुख्य चौराहे अवैध पोस्टरों से अटे पड़े हैं। नियम के अनुसार शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाने के लिए विज्ञापन का ठेका लेने वाली एजेंसी से अनुमति लेनी होती है। हालांकि फिलहाल जहां अवैध पोस्टर लगाए हुए हैं, वहां नगरपालिका की तरफ खानापूर्ति की कार्रवाई की जाती है। नपा की तरफ से शहर की चयनित विज्ञापन साइटों के लिए एजेंसी को ठेका दे दिया है। इसे नगरपालिका की आमदनी में बढोतरी होगी। वहीं टेंडर की शर्तो के अनुसार अगर एजेंसी से बिना अनुमति लिए पोस्टर लगवाए जाते हैं, तो एजेंसी संबंधित व्यक्ति पर एफआइआर भी दर्ज करवाएगी।

**विज्ञापन लगाने के लिए एजेंसी को दी 6 जगह**

एजेंसी द्वारा होर्डिंग, विज्ञापन लगाने के लिए बीएसटी रोड पर मोहनलाल एंड संस, बीएसटी कालोनी रोड नजदीक फ्लाई ओवर, शुलभ शौचालय नजदीक पुलिस स्टेशन, वार्ड 8 खेल स्टेडियम,, बादशाही रोड पर खेल स्टेडियम वार्ड 2 में, सिविल अस्पताल रोड, नजदीक जनस्वास्थय विभाग की जगह चयनित की है।

## नहर में मिला बुजुर्ग का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के सांभी** गांव के पास मंगलवार को एक राहगीर को नहर में बहता हुआ शव मिला। शव देखने में करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग का लग रहा था, जिसने भगवा रंग के कपड़े पहन रखे थे। मृतक के कपड़ों से 1500 रुपए मिले हैं। राहगीर ने तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। गोताखोर प्रगट सिंह ने नहर में उतरकर शव को बाहर निकाला। मृतक की वेशभूषा और कपड़ों को देखकर अनुमान लगाया गया कि वह कोई बाबा हो सकता है। जब पुलिस ने शव की तलाशी ली तो कपड़ों में से कोई भी पहचान संबंधित दस्तावेज नहीं मिला।

## दर्जन वाहनों के पुलिस ने काटे चालान

**टीम एक्श इंडिया**

**गन्नौर। मंगलवार की** दोपहर को जी टी रोड चौकी प्रभारी एसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी व सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने वाले 3 प्राईवेट स्कूल बसो सहित दर्जन वाहन चालकों के चालान किए। वहीं अभिभावकों ने स्कूल बस में नियमों की अवहेलना करने पर चालान करने पर सराहना की। पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान सिपाही प्रदीप राठी के साथ टीम ने वाहन चालकों को पकड़ने का अभियान चलाया। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालक चालान की कार्रवाई के दौरान इधर-उधर से भागते नजर आए। चौकी प्रभारी ओमप्रकाश ने चेताया कि



अगर स्कूल बस चालक सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना कर बच्चों को स्कूल लेकर जाते है तो सख्त कार्रवाई होगी। वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे। अभियान आगे भी जारी रहेगा। एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि आज प्राईवेट स्कूलों की तीन बसों के चालान किए है। उनमें बस चालक बिना वर्दी व सीट बैल्ट नही लगाए हुए थे। इसके अलावा बस चालकों के लाईसैंस की भी जांच की है। उनमें से एक के पास लाईसैंस भी नही मिला। उन्होंने चेताया कि स्कूल बसों के चालक भविष्य में अगर कोई गलती करते है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा दुपहिया वाहन चालक भी अगर बिना हैलमेट व अन्य कोई कमी करते मिला तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से एक तो आपके जीवन की रक्षा के साथ स्कूल आने वाले छात्रों की भी सुरक्षा होती है। स्कूल बस में अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों में आपके भरोसे भेजते है। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है।

**चैकिंग करने के बाद भी स्कूल बसों में कोताही**

पुलिस द्वारा स्कूल बसों की पिछल्ले दिनों स्कूलों में जाकर स्कूल वाहन पालिसी की जांच व जागरूकता के बाद भी स्कूल बसों में कोताही मिली।

## विधायक राणा ने मंडी का दौरा कर गेंहू खरीद कार्य करवाया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध के विधायक** योगेन्द्र राणा ने मंगलवार को असंध की नई अनाज मंडी का दौरा कर गेंहू खरीद कार्य शुरू करवाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसल खरीद को लेकर मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी फसल खरीद सीजन में तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी न आए और तय समय पर उनके खाते में पेमेंट का



भुगतान हो। विधायक ने अपने दौरे के दौरान मंडी के गेट पर किसानों के गेट पास की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गेट पास काटे जाने के दौरान किसी तरह की कौताही न बरती जाए। इसके बाद उन्होंने गेहूं की ढ़ेरियों पर पहुंचकर फसल खरीद का जायजा लिया और गेहूं की नमी चैक करवाई व गेंहू तुलाई को भी जांचा। उन्होंने इस दौरान किसानों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि फसल खरीद कार्य में उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि

**दिशा-निर्देश**

**निरीक्षण के दौरान मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं। उन्होंने मंडी अधिकारियों से कहा कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी परिसर में साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई प्रतिदिन सुचारू रूप से होनी चाहिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को कहा कि जो भी गेहूं खरीदा जाए, उसे 48 घंटे के अंदर मंडी से उठाया जाए। फसल के उठान के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रांसपोर्टेशन भी होना चाहिए और फसल के उठान और उतरवाने के लिए पर्याप्त संख्या में श्रमिक भी होने चाहिए। विधायक ने इस दौरान मार्केट कमेटी द्वारा की गई तैयारियों की भी समीक्षा की और खरीद एजेंसियों व आढ़तियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि बारदाने व फसल तुलाई संबंधी कोई समस्या न आए। इस मौके पर मार्किट कमेटी सचिव कृष्ण धनखड़, मंडी प्रधान नरेन्द्र कुमार, सभी खरीद एजेंसियों के अधिकारी, मंडी आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

## भाजपा पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता होना गर्व की बातः जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**(भंवर सिंह)**

**गोहाना के राजकीय कन्या** कॉलेज के निकट स्थित बरोदा से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान के कार्यालय पर भाजपा पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं का सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का संयोजन प्रदीप सांगवान ने किया। समारोह में गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक उर्फ मल्ला पहुंचे। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता होना गर्व की बात है। भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। राष्ट्र हित के लिए कार्य करती है। जिस कार्यकर्ता ने सौ लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई,




वह सक्रिय कार्यकर्ता है। सक्रिय कार्यकताओं के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया है। पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। प्रदीप सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। डॉ.ओमप्रकाश शर्मा, मोहित वाल्मीकि, जितेन्द्र शर्मा, ओमवीर वत्स, डॉ.राममेहर राठी, राजेश शर्मा, सूरत सिंह, सरपंच इंद्रपाल, प्रदीप मलिक, सुमित कक्कड़, आजाद जागसी,अमित वाल्मीकि,सत्यवान आर्य,डिंपल देवी, विक्की जसराना,रामनिवास सांगवान,मंगलाराम,शीतल, पंकज,देवेन्द्र,रामबीर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सट्टेबाजी करते हुए युवक गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट ने सरेआम सट्टेबाजी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित धर्मबीर निवासी दिल्ली कैंप का है। आरोपित के पास से पुलिस ने सट्टे में लगाई गई राशि भी बरामद की है। थाना सेक्टर-27 पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-27 की क्राइम यूनिट को सूचना मिली थी कि दिल्ली कैंप का रहने वाला धर्मबीर हुड्डा पार्क के पास सट्टा खाइवाली कर रहा है। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची। जहां युवक आने जाने वालों को कह रहा है कि किसी नंबर पर किस्मत आजमाओ, नंबर पर पैसा लगवाओ। नंबर आने पर 10 रुपये के 100 रुपये मिलेंगे। जिसके बाद टीम ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेजा। बोगस ग्राहक बने सिपाही ने नंबर पर रुपये लगाए। जिसके बाद इशारा मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। आरोपित धर्मबीर को मौके पर ही पकड़ लिया। उसके पास से टीम ने सट्टा पर्ची और 4080 रुपये की नकदी बरामद की। आरोपित के पास मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सलमान निवासी नांगल कला सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही नरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मैपस्को सिटी में मौजूद थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नांगल कला के पास से संदिग्ध हालत में युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास एक पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ सेक्टर-27 थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला था युवती का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

**सोनीपत:** सैक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने सेक्टर-14 में नेपाल कयुवती मकान मालिक के घर के अंदर बाथरूम में संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकी मिली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मूलरूप से नेपाल की रहने वाली लक्ष्मी (21) सोनीपत के सेक्टर-14 में रहती थी। रविवार को लक्ष्मी का शव मकान मालिक के बाथरूम के अंदर फंदे पर लटका मिला है। मकान मालिकों ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग सका है। युवती के कानों में इयरफोन लगे मिले है। जिससे अंदेशा है कि वह किसी से बात करते हुए फंदे पर लटकी है। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाई गई है। परिजन किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रहे है। विसरा जांच के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# बीज अधिनियम को लेकर किसानों ने अपना रुख स्पष्ट किया

## किसानों को हर वर्ष होने वाले करोड़ो रुपए के आर्थिक नुकसान बचाया जा सकेगा

**सुधार की मांग**

**▶ कसानों ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा की हम किसी के खिलाफ नही परंतु व्यवस्था सुधरनी चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बीज (हरियाणा संशोधन ) विधेयक 2025 बीज अधिनियम, 2025 को लेकर हरियाणा के किसानों ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा की हम किसी के खिलाफ नही परंतु व्यवस्था सुधरनी चाहिए वह अधिनियम फसल के बीज व दवाई की गुणवता सही पैमाने रखने में कारगर सिद्ध होगा किसानों को हर वर्ष होने वाले करोड़ो रुपए के आर्थिक नुकसान बचाया जा सकेगा प्रति वर्ष काफी किसानों की गुणवता से कम यानि घटिया किस्म के बीज व दवाईया को लेकर शिकायते आती है उनकी फसले खराब हो जाती है जिसे लेकर किसानों को लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद भी कानून में गुणवता से कम यानि घटिया किस्म के बीज व दवाईया के उत्पादन व बेचने के अपराध सिद्ध होने के उपरांत भी दोषी मात्र 500 रुपए जुर्माना देकर छूट जाते थे या मात्र 15 दिनो के लिए लाईसंस कैसल किया जाता था इसके अलावा कानून मे कोई ठोस सजा का प्रावधान नही था जिससे प्रदेश में गुणवता से कम यानि घटिया किस्म के बीज व दवाईया का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा था इसपर रोक लगानी जरूरी थी किसानों को हर वर्ष होने वाले करोड़ो रुपए का आर्थिक नुकसान से बचना जरूरी था किसानों को इस नुकसान से बचाने के लिए किसान संगठनो द्वारा इस कारोबार को रोकने के लिए कई बार धरने, प्रदर्शनों व ज्ञापनों के माध्यम से बार बार कठोर सजा के प्रावधान की माँग सरकार से करते रहे है

किसानों ने कहा की इस अधिनियम में मात्र सजा का प्रावधान बढ़ाया गया है बाकी सारा कानून के नियम ज्यो का त्यो है जोकि पहले से चले आ रहे है उहोने माँग की दुकानदार काफी मात्रा में किसान को बिना सिफारिश की हुई दवाए व बीज बेचते है काफी कपनिया गाँव गाँव जाकर किसानो को बहकाने में लगी रहती है और उन्हे बिना किसी कृषि विश्वविद्यालय की सिफारिश के अपने उत्पादन बेच देते है जिसके ऊपर भी रोक लगनी चाहिए और कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए इसके लिए भी कानून बनाया जाना चाहिए की कोई भी उत्पादन बिना कृषि विश्वविद्यालय की सिफारिश के प्रदेश में बिकने नही दिया जाए उन्होने माँग की हर जिले में गुणवता जाँच केंद्र (कृषि लैब) खोले जाने चाहिए ताकि किसान आसानी से खरीदे गए कृषि उत्पादन की जाँच करवा सके।

## दीपक ने अधिकारियों से मुलाकात कर स्मति चिन्ह भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**चर्चा की**

**▶ नेपाली समुदाय के लोगों को आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए आपसी चर्चा की**

**अम्बाला:** अंबाला नेपाली समुदाय हरियाणा राज्य के चेयरमैन बनते ही दीपक वोहरा ने 24 घंटे के अंदर सभी प्रशासन के अधिकारियों एवं समाजसेवी लोगों से मिलकर नेपाली समुदाय के लोगों को आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए आपसी चर्चा की। अब हरियाणा के सभी नेपाली समुदाय के लोगों को यदि सरकारी काम में बाधा आए तो वह नवयुक्त चेयरमैन से अपने सभी सरकारी कागजो को वैरिफाइड करने के बाद उसे गोरखा हरियाणा का वैरिफाइड पत्र दिया जाएगा । अब नेपाल से आए नेपाली नागरिक को यदि भारत की नागरिकता न हो उसके बाद भी हरियाणा सरकार के सभी विद्यालयों में मिलेगा पढ़ने का मौका उसके लिए चेयरमैन द्वारा वैरिफाइड पत्र दिया जाएगा जिसकी मान्यता भारत के हर राज्य में होगी । अम्बाला डीसी अजय सिंह तोमर, अम्बाला एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया,रामा अंकित महाराज, समाजसेवी व वेब न्यूज के संपादक विकास अग्रवाल, नेपाली एकता समाज के प्रेम रसाली, सांध्य दैनिक के संपादक नरेन्द्र सिंह भाटिया, महिला एसएचओ सतविंदर कौर से मिलकर नेपाली समुदाय के बारे विस्तार से चर्चा की।

## अलग-अलग स्थानों से ट्रक व स्कूटी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जांच जारी**

**▶ थाना कुंडली पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी**

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दो-पहिया वाहन व ट्रक के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध मुकदमें दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। प्याऊ मनियारी कुंडली निवासी मुन्ना ने बताया कि वह सूरज कॉलोनी पेपर मिल के पास रह रहे थे। वहां पर ट्रक खड़ा कर काम से चले गए। वापस लौटे तो ट्रक नहीं मिला। आसपास के लोगों से भी ट्रक के बारे में पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। ट्रक को कोई चोरी कर ले गया। वहीं, दूसरे मामले में चोर सेरसा में खाली प्लाट में खड़ी स्कूटी चोरी कर ले गए। स्कूटी मालिक राकेश ने बताया कि उन्होंने स्कूटी को प्लाट में खड़ा किया था। बाद में देखा तो वहां स्कूटी नहीं मिली। अपने स्तर पर स्कूटी का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। मामले को लेकर थाना कुंडली पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी।


## गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ में वित्तीय सशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित

**जागरूक किया**

**▶ छात्रों को स्मार्ट बैंकिंग और निवेश की प्रभावी रणनीतियों की जानकारी प्रदान करना था**







**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**गीता** इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, समालखा के सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट ने "निवेश के माध्यम से वित्तीय सशक्तिकरण" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का आयोजन, कॉलेज की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा डावर की देखरेख में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कॉलेज स्टाफ और छात्रों को स्मार्ट बैंकिंग और निवेश की प्रभावी रणनीतियों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रहे भारतीय बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान के चार्टर्ड एसोसिएट सूर्यकांत शर्मा। मुख्य वक्ता के साथ उनकी सहयोगी डॉ. निशा खुराना भी मौजूद रही। सूर्यकांत शर्मा ने विभिन्न निवेश विकल्पों, जोखिम मूल्यांकन, और प्रारंभिक वित्तीय योजना के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने स्मार्ट बैंकिंग उपकरणों और तकनीकों के प्रभावी उपयोग की महत्ता पर भी जोर दिया। वित्तीय क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव और गहन ज्ञान ने व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी बना दिया। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज स्टाफ और छात्रों ने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञ से विस्तृत उत्तर प्राप्त किए। कार्यशाला में गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के स्टाफ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. जे. आर. शर्मा, प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार, हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. आइना, और अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कॉलेज के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल ने भी इस पहल की सराहना की।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपयों की ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**रिमांड पर भेजा**

**▶ पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**

**सोनीपत:** जिले की क्राईम यूनिट वेस्ट टीम ने गन लाइसेंस बनवाने, बीजा लगवाने व प्लॉट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की राशि ठगने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित निवासी मॉडर्न कॉलोनी गुरुग्राम का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव टांडा निवासी प्रहलाद ने गत 27 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी मुलाकात वर्ष 2023 में रोहित यमुनानगर हाल सेक्टर-37 सी गुरुग्राम के साथ हमारे गांव के हरिश के माध्यम से हुई थी। उसके बाद उसकी दोस्ती हो गई। रोहित ने उसे विश्वासन में लेकर रुपयों का लेनदेन शुरू कर दिया। वह 12 जनवरी 2024 को वह रोहित, हरिश शॉपिंग के लिए करने के लिए कच्चे क्वाटर में गया हुआ था। जो रोहित ने हमारे पास नकद पैसे देखकर मुझे बोला की कि मेरा केएमपी रोड झज्जर के पास पेट्रोल पम्प का काम चला हुआ है। जल्दी पेट्रोल पम्प का काम शुरू होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में अच्छी जानकारी और जल्दी से तेरा गन लाईसेंस बनवा देगा। उसे अपने पेट्रोल पम्प पर अच्छी सैलरी दिला देगा। उसके लिए उसने 50 हजार रुपये की मांग की। उसके बाद फिर से एक लाख रुपये की डिमांड की। उक्त राशि पेटीएम से खाते में डाल दिया। उसके बाद अलग-अलग समय पर उसे झांसे में लेकर राशि लेता रहा। कभी प्लॉट लेने के नाम पर व बीजा लगवाने के नाम पर कुल बारह लाख रुपये की राशि को ऐंठ लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सतीश की टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## भारत विकास परिषद के अध्यक्षता में विशेष बैठक का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/ कुलदीप सिंह**



भारत विकास परिषद समालखा के अध्यक्ष सर्वजीत बंसल की अध्यक्षता में पट्टी कल्याणा में विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समालखा शाखा के चुनाव पर्यवेक्षक योगेश गोयल से चर्चा करके उनकी अनुमति से वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए आनंद प्रकाश आर्य, सचिव पद के लिए पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील मित्तल का नाम बैठक में रखा गया, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की, भारत विकास परिषद समालखा शाखा के संयोजक राजीव गुप्ता ने बताया कि शेष अन्य पदों के लिए आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा, नई कार्यकारिणी को आज जिम्मेवारी सौंपी गई , इस अवसर पर सर्वजीत बंसल, राजीव गुप्ता, रवि सचदेवा, आनंद प्रकाश आर्य सुनील मित्तल, पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा, पदम गोयल एवं आनंद शरण मौजूद थे।

## दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि चोरी

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सेरसा निवासी विकास शर्मा ने बताया कि उसने गांव में परचून की दुकान खोल रखी है। वह सुबह छह बजे अपनी दुकान पर पहुंचा। दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। उसने सामान की जांच की तो सामान ठीक मिला, लेकिन गल्ले में रखी 20 हजार रुपये की राशि गायब मिली।

## नागरिक अस्पताल में महिला शौचालयों में गंदगी, संक्रमण का बन रहा खतरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गंदगी का अंबार**

**▶ महिलाओं के लिए बनाए गए शौचालयों की बदहाल स्थिति अब गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं**

**सोनीपत:** जिला नागरिक अस्पताल में महिलाओं के लिए बनाएं शौचालय गंदगी का सबक बनकर रह गए है। शौचालयों में अंदर जाते ही महिलाओं को बदबू के साथ गंदगी का सामना करना पड़ता है। शौचालयों की सीटों से लेकर जमीन पर गंदगी व दरवाजों की कुंडियां तक टूटी हुई है। खासतौर से गर्भवती महिलाओं व अस्पताल में उपचार के लिए आने वाली महिलाओं में जो शौचालय का इस्तेमाल करना चाहे उन्हें संक्रमण का डर सता रहा है। मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन बेखबर है। वहीं पुरुषों के शौचालय में भी छत पानी टपकने व पाइप टूटे पड़े है। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत में महिलाओं के लिए बनाए गए शौचालयों की बदहाल स्थिति अब गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। जहां एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान और महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बात कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत नागरिक अस्पताल में इससे बिलकुल अलग है। अस्पताल परिसर में स्थित महिला शौचालय में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। फर्श पर फैली गंदगी, टूटी हुई सीटें, बदबू और साफ पानी की व्यवस्था न होने के कारण शौचालय का इस्तेमाल करना किसी सजा से कम नहीं है। वहां मौजूद महिलाओं ने बताया कि कई बार मजबूरी में भी टॉयलेट में जाना मुश्किल हो जाता है। इससे संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है।

**महिला बोली, अंदर जाते ही उल्टी पड़ने लग जाएं, सीट पर संक्रमण का खतरा:** मामले को लेकर समाचार में फोटो न छापने की शर्त पर एक महिला मरीज ने बताया कि अंदर जाते ही बदबू से उल्टियां आने लग जाती है। अंदर सीट व फर्श की हालत देखकर तो बीमार व्यक्ति और ज्यादा बीमार हो जाए। अगर अस्पताल में ही स्वच्छता नहीं है तो इलाज किस भरोसे से करवाएं। महिला ने बताया कि केवल सुविधा की बात नहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य और गरिमा का प्रश्न है। खराब साफ-सफाई से शौच संबंधित संक्रमण, स्किन इंफेक्शन और अन्य कई गंभीर बीमारियों के फैलने का अंदेशा है। खासकर मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को अतिरिक्त मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मामला संज्ञान में आया है। महिलाओं की सुविधाओं के लिए हर संभव कदम उठाने का कार्य किया जायेगा। जल्द से जल्द खराब सीटों व ब्लॉक सीवर की सफाई करवाई जायेगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी व अधिकारी को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## खेल स्पर्धाओं के लिए उत्कृष्ट छात्रों का किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**





**रोशन किया**

**▶ विद्यार्थियों ने लगन और समर्पण से इन प्रतिष्ठित खेलों और ओलंपियाड में सफलता प्राप्त कर पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया**

**समालखा:** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में एसओएफ द्वारा आयोजित विभिन्न ओलंपियाड में और खेल प्रति स्पर्धाओं के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अपने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस समारोह में विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर अजीत भारद्वाज और प्रबंधक समिति के सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें प्रेरित किया। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को ताइक्वांडो और कराटे के लिए दिक्षा को और एसओएफ ओलंपियाड के लिए राध्या, अशमन गर्ग, आयुष और अक्षित कादयान,आरव मक्कर को जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और जोनल स्तर पर विभिन्न एसओएफ ओलंपियाड जैसे कि राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड (एनएसओ), अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएमओ), अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड (आईईओ) और अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड (आईजीकेओ) में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त किए थे। प्रत्येक विजेता को प्रिंसिपल और प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉक्टर अजीत भारद्वाज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के लिए अत्यंत गौरव का दिन है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से इन प्रतिष्ठित खेलों और ओलंपियाड में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा में प्रयास किया जाए तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पूरा दिल्ली वर्ल्ड परिवार इन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। हमारा विद्यालय हमेशा अपने छात्रों को उनकी शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार से प्रोत्साहित करता रहेगा।

प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से अत्यंत प्रसन्न हैं।

## तेज रफ्तार बाइक दूसरी बाइक से अनियंत्रत हुई, हादसे में एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**उपचार**

**▶ घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां एक युवक की मौत हो गई**

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली बॉर्डर पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। ढाबे पर खाना-खाकर दिल्ली वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवक बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पमानंद कॉलोनी दिल्ली निवासी मुकेश ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन का बेटा हिमांशु (31) व उसका दोस्त रितिक कुंडली बॉर्डर पर हादसे का शिकार हो गए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। जहां घायलों को दिल्ली के अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। बालाजी अस्पताल में हिमांशु की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एसआई कृष्ण ने बताया कि दोनों मुरथल ढाबे से खाना खाकर वापस लौट रहे थे। बाइक तेज रफ्तार होने के चलते बार्डर के पास बाइक से टकरा गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। उपचार के दौरान हिमांशु की मौत हो गई। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हादसा तेज रफ्तार के चलते हुआ है। परिजनों ने ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की जांच की जा रही है।

# बीज (हरियाणा संशोधन) विधेयक 2025 पूर्ण रूप से किसानों के पक्ष में है: प्रिंस वड़ैच

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :हरियाणा** सरकार द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान लाए गए बीज(हरियाणा संशोधन) 2025 के समर्थन में भाकियू उतर आई है।पिहोवा के किसान रेस्ट हाउस में भाकियू(पिहोवा) के बैनर तले ब्लॉक प्रधान कवल विर्क व युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा की अध्यक्षता में किसानों की मीटिंग हुई जिसमे उक्त बिल के समर्थन में प्रस्ताव पास किया गया।भाकियू प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि बीज विधेयक में संशोधन कर हरियाणा सरकार ने किसानों की



बरसो पुरानी माँग को पूरा किया है क्योंकि प्रदेश के किसान वर्षों से डुप्लीकेट बीज की रोकथाम के लिए सख़्त कानून की माँग कर रहे थे क्योंकि इस संशोधन से पहले हरियाणा बीज विधेयक में केवल 500 रूपए तक जुमार्ना का प्रावधान था व कोई अन्य सजा का प्रावधान नहीं था जिसका फायदा उठाकर कुछ लालची कि स्म के बीज उत्पादक व विक्रेता नकली व मिलावटी बीज किसानों को बेच कर मोटा मुनाफा कमाते थे व नकली बीज के कारण किसान को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करता पड़ता था व अन्नदाता की 6 महीने की मेहनत पर पानी फिर जाता था।प्रिंस वड़ैच ने कहा की किसानों द्वारा लंबे संघर्ष के बाद सरकार ने ये कानून बनाया है जिसमें नकली बीज बेचने पर 6 महीने से 3 वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है किंतु बड़े दुःख की बात है कि प्रदेश के कुछ बीज उत्पादक व व विक्रेता बीज संशोधन का विरोध कर रहे है जबकि उक्त बिल में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है।आंदोलनरत बीज उत्पादकों व विक्रेताओं को बताना चाहिए व क्या व नहीं चाहते कि किसानों को असली बीज मिले।अगर कोई बीज विक्रेता या उत्पादक नकली बीज का काम नहीं करता है तो उसे सख़्त कानून से किस चीज का डर है।किसान नेता ने कहा की भाकियू पूर्ण रूप से इस बिल के समर्थन में है और उनका सरकारसे निवेदन है कि दबाव में आकर बिल्कुल भी बिल को वापस ना ले और बीज विक्रेताओं द्वारा की जा रही हड़ताल को समाप्त करवाये।और अगर सरकार दबाव में आकर बीज संशोधन विधेयक को वापिस लेती है तो किसान सड़को पर उतरने को मजबूर होंगे।

# ईंट-भट्ठे पर रहने वाले बच्चों को पाठ्य सामग्री सामग्री का किया वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : रोटी बैंक शाखा** कुरुक्षेत्र द्वारा लाडवा सड़क पर स्थित मथाना के ईंट भट्ठे पर रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य एवं लेखन सामग्री वितरित की गई। इससे पूर्व भी रोटी बैंक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रचार प्रसार में सहायता कर रही है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। आज रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, उप प्रधान पंकज ठकराल, महासचिव कर्म



चंद और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह ईंट भट्ठों पर पहुंचे और स्कूल बैग एवं अन्य लेखन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। लेकिन पिछले दिनों रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा ही फरीदाबाद से विद्यार्थियों को जूते आदि वितरण का कार्य आरम्भ किया गया था जो अब कुरुक्षेत्र में भी आरम्भ किया गया है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### गांव पाली में लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में हुई तोड़फोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। जिला नगर योजनाकार** टीम द्वारा सोमवार को नियंत्रित क्षेत्र इर्द-गिर्द सैंट्रल यूनिवर्सिटी जांट व पाली में राजस्व संपदा गांव पाली में लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई हैं। इस कार्रवाई में लगभग 35 डीपीसी तथा सात चारदीवारी व तीन अवैध निर्माण, दुकान के साथ- साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ गए हैं। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार नारनौल गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, अनूप सिंह, डीईओ योगेंद्र कुमार, विकास के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी गुंजन वर्मा ने लोगों से अपील की है कि नियत्रिंत क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करे तथा महानिदेशक नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग चंडीगढ़ से लाईसेंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करे अन्यथा चूककताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएंगी। इसीलिए आम जन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार नारनौल ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

### भाजपा सरकार की महगाई व बेरोजगारी की मार से जूझ रही है आम जनता- डॉ0 ओमवीर

**पानीपतः , ( कमाल हुसैन ) भाजपा सरकार** की महगाई, बोरोजगारी की मार से जूझ रही है आम जनता उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ ओमवीर सिंह पंवार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में हुई ?50 रुपये की वृद्धि से सीधे तौर पर करोड़ों परिवारों के रसोई बजट पर वार है वही पैट्रोल-डीजल की कीमतों में ?2 रुपये का इजाफा करने से आम जनमानस की जेब डांका डाले का कार्य सरकार द्वारा किया गया है । डॉ पवार ने कहा कि यह निर्णय उस समय लिया गया है जब आम जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है। भाजपा सरकार की नीतियाँ जनहित की बजाय जनविरोधी साबित होती जा रही हैं। उन्होंने दावे की साथ कहा कि भाजपा की डबल ईंजन सरकार की कुनीतियों के कारण हर मोर्चे पर आम नागरिकों को निराशा ही मिलती जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार भाजपा सरकार की कड़े शब्दों में प्रहार करते हुये कहा कि आज हालात ऐसे हो गए हैं कि आम आदमी के लिए चूल्हा जलाना भी बहुत मुश्किल होता जा रहा है। ।

### दुकान के बाहर मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मंगलवार को हांसी** रोड पर दुकानों के बाहर एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में मिला। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने शव देखा। व्यक्ति को उठाने की कोशिश की गई, लेकिन उसमें कोई हलचल नहीं थी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अशोक के रूप में हुई, जो गली नंबर 11 में रहता था और दिहाड़ी मजदूरी करता था। पुलिस परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। उनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवा कर शव सौंपा जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासी पवन, रोहित व अन्य ने बताया कि अशोक गली नंबर 11 में रहता था और मजदूरी का काम करता था। वह रोजमर्रा के कामों से घर से निकलता था, लेकिन आज वह सडक किनारे संदिग्ध अवस्था में मृत मिला। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसकी मौत कैसे हुई।

# खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं बेहतरीन:वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : एक समय था** जब माता- पिता अपने बच्चों को कहते थे कि खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब,पढ़ोगे - लिखोगे तो बनोगे नवाब लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा अपने खिलाड़ियों को दी जाने वाली सम्मान राशि और सुविधाओं ने आज इस कहावत के प्रति जन-साधारण के नजरिए को बदल दिया है। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम से भेंट के पश्चात व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप में हरियाणा के युवा व ऊजार्वान खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम से भेंट की



और उनको श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति ' यथार्थ गीता ' भेंट की जिसे स्वीकार करते हुए मंत्री जी ने बहुत आध्यात्मिक भाव और सम्मान व्यक्त किया जो उनकी विनम्रता और शालीनता का परिचायक है। अनिल वर्मा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार में प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं और पुरस्कार देश के अन्य राज्यों के लिए अपनी मिसाल आप हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि आज ऐसी स्थिति है कि अन्य राज्यों के खिलाड़ी हरियाणा के खिलाड़ियों के भाग्य की सराहना करते नहीं थकते। अनिल वर्मा ने कहा कि आज जितनी धनराशि,बढ़िया सम्मानजनक नौकरी और खेल की तैयारी के लिए सरकारी सुविधाएं हरियाणा सरकार दे रही है वो पूरे देश में किसी भी राज्य सरकार द्वारा नहीं दी जाती। यह सभी हरियाणवासियों के लिए गर्व का विषय है।अनिल वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही सम्मान राशि और बेहतर नौकरियों की बदौलत ही अब लोग कहने लगे हैं कि ' खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब' । अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रदेश के खिलाड़ियों से वायदा है कि खिलाड़ी प्रदेश के लिए मैडल लाएं बाकि उनके सम्मान और सुरक्षित भविष्य की जिम्मेवारी उनकी। अनिल वर्मा ने कहा कि अपनी कथनी के धनी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इस वायदे से प्रदेश के खिलाड़ियों में भी नव-उत्साह का संचार हुआ है और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों ने सबसे अधिक मैडल जीत कर हरियाणा और सभी हरियाणवियों को गौरवान्वित किया है।

# अफसर रावल बने पर्यावरण परिषद हरियाणा के वाईस चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पर्यावरण, वन एवं** जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद की बैठक में पानीपत निवासी अफसर रावल को हरियाणा राज्य का वाईस चेयरमैन नियुक्त किया गया। परिषद अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने यह घोषणा की। इस मौके पर अफसर रावल ने भूपेंद्र यादव पर्यावरन मंत्री , केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, परिषद अध्यक्ष राहुल द्विवेदी और निदेशक सुनील मुदगिल का आभार जताया। अफसर रावल ने हरियाणा में हर साल 1 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने जनता से भी इस अभियान से जुड़ने और अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए जानकारी दी कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को दो बड़ी सौगातें देंगे जिसमें हिसार स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की यूनिट का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री का दिल खोलकर स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत किया है और एक विजन लेकर विकसित भारत के मिशन में लगे हैं।

# विद्यार्थियों के लिए दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग** के तत्वावधान में डॉ. रेखा मलिक के निर्देशन में बी.ए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।।प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने किया । उन्होंने बच्चों को प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । इन्हें सामने लाने के लिए मंच की आवश्यकता है । इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉलेज विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का निर्माण करना है। बच्चों में आत्मविश्वास वृद्धि के साथ ही भाषा और साक्षरता कौशल विकसित करने में मदद मिलती है । विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए उनका शिक्षा के साथ-साथ अतिरिक्त गतिविधियों में भाग लेना जरूरी है । इस प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । प्रतियोगिता में तनु ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा रिया ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.सुनीता ढांडा व डॉ. पूजा मलिक ने निभाई ।

# अमीन में हुआ नवीन संकल्प शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : नवीन जिन्दल** फाउंडेशन द्वारा अमीन में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में गांव वासियों की कई महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान किया गया। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए जा रहे नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है , जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं लोगों को प्रदान की जा रही हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के गांवों में लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में



सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने इस अवसर पर बताया कि इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। आज के नवीन संकल्प शिविर में 98 लोगों को परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 14 लोगों के

**संकल्प**

**नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है**

युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए।

आज के नवीन संकल्प शिविर में 74 लोगों की समस्याओं का समाधान और छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि ये नवीन संकल्प शिविर लोगों के जीवन में उपयोगी एवं सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

# रतनमोहिनी का 101 साल की उम्र में देवलोकगमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः ब्रह्माकुमारीज संस्था** की प्रमुख और प्रसिद्ध राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का सोमवार देर रात 1:20 बजे अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया।उनके पार्थिक शरीर को शांतिवन लाया गया है। जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंबाला सब जोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने दादी जी के बारे में बताते हुए कहा की दादी जी मात्र 12 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा



जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। दादी जी का अंबाला सेवाकेंद्र पर हुए आगमन का अनुभव बताते हुए दीदी ने कहा दादी के सानिध्ये में शीतलता, शांति व सरलता थी। दादी ने हम सबके दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3.30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थी। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में दैवी स्वरूपा बेटी ने जन्म लिया। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कल यही बेटी अध्यात्म और नारी शक्ति का जगमग सितारा बनकर सारे जग को रोशन करेगी। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। दादी वर्ष 1937 में ब्रह्माकुमारीज की स्थापना से लेकर आज तक 88 वर्ष की यात्रा की साक्षी रही हैं। पिछले 40 से अधिक वर्ष से दादी जी ने संगठन के ही युवा प्रभाग की अध्यक्षा की भी जिम्मेदारी संभाली। दादी के नेतृत्व में अब तक 6000 सेवाकेंद्रों की नींव रखी गई। दादी जी के मार्गदर्शन में 50 हजार ब्रह्माकुमारी पाठशाला संचालित की गई व दादी जी लगभग 50 हजार ब्रह्माकुमारी बहनों की नायिका थे। वर्ष 1954 में दादी जी ने जापान में विश्व शांति सम्मेलन में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। दादी के ही नेतृत्व में वर्ष 1985 में भारत एकता युवा पदयात्रा निकाली गई। इस वर्ष में दादी ने की 13 पैदल यात्राएं की।

# ग्राहकों के लिए भारी डिस्काउंट के लिए का किया ऐलान- डॉ नवीन नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**गंगा फिलिगं स्टेशन** भालसी (जिला पानीपत) पर डॉ नवीन नैन भालसी के साथ चौधरी प्रेम सिंह भालसी व नायरा एनर्जी पेट्रोल-पम्प कम्पनी के डिविजनल मैनेजर रमेश राय व एरिया मेनेजर वरूण पावहा के साथ मिलकर पैट्रोल खरीद पर डिस्काउंट स्कीम लॉन्च की गई। इस दौरान नायरा एनर्जी कम्पनी के जिला पानीपत के एरिया इंचार्ज वरूण पाहवा ने बताया कि 599 से 3000 तक पैट्रोल की खरीद पर 2 रूपए प्रति लीटर व 3000 रूपए से 5000 तक की खरीद पर 3 रूपए प्रति लीटर का कैशबैक लाभ मिलेगा। इस दौरान गंगा फिलिगं स्टेशन भालसी के मालिक चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि नायरा कम्पनी के तेल से ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करते है बतौर दूसरी कम्पनी की अपेक्षा। हमें नायरा कम्पनी से जुड़े 8 वर्ष हो चुके है,कम्पनी समय समय पर ग्राहकों के लिए अच्छी अच्छी स्कीम लेकर आती रहती है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय संतुष्ट ग्राहकों की संख्या में नायरा कम्पनी सबसे अग्रिम श्रेणी में आ चुकी हैं व यहाँ गंगा फिलिगं स्टेशन भालसी (पानीपत) के साथ साथ सभी नायरा पम्पों पर शुद्ध पेयजल,स्वच्छ शौचालय,हवा आदि की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

# योगीराज बाबा लाल दयाल जी का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : वशिष्ठ कॉलोनी** स्थित श्री लालद्वारा मंदिर में मंगलवार को वैष्णवाचार्य, अन्नतविभूषित योगीराज बाबा लाल दयाल जी महाराज का वार्षिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संकीर्तन,गुरु महाराज ध्यानपुर धाम (पंजाब) के गद्दीनशीन महंत रामसुंदर दास जी द्वारा संगत को नाम दान,लंगर हाल का उदघाटन और भंडारे का आयोजन किया गया।मंदिर कमेटी के प्रधान केवल कृष्ण पाठक और सभी पदाधिकारियों ने महंत रामसुंदर दास और मुख्यातिथि सुधा का स्वागत किया। इस मौके पर सचिव वेद आनंद और गायक बब्बू चावला द्वारा सुनाए गए भजन बुहा



खोल दे मंदरां दे पहरेदारा कि असां वी दीदार करना और अज्ज जन्मदिन सतगुरू जी दा, संगता देन वधाईयां, वेख के मुखड़ा सतगुरू जी दा, सबने रौणकां लाईयां..... सुनाकर समां बांधा। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए गुरु महाराज ध्यानपुर धाम (पंजाब) के गद्दीनशीन महंत रामसुंदर दास जी से आशीर्वाद लिया। भक्ति प्रवचनों में महंत राम सुंदरदास ने कहा कि सतगुरू बाबा लाल दयाल जी ऐसे महापुरूष हुए है, जिनका चिंतन और दर्शन विश्व के लिए नवीन मार्ग प्रशस्त करता है। महान विद्वान, परोपकारी व महायोगी लाल दयाल जी का जन्म लाहौर के निकट कसूर प्रांत (अब पाकिस्तान)में सम्वत 1412 में हुआ। कहा जाता है कि वें अपनी भक्ति एवं योग विद्या के बल से 300 वर्ष तक जीवित रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता की भलाई में समर्पित कर दिया। धर्म प्रचार हेतु मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) में रहकर 100 वर्ष तक कठोर तपस्या की। उनकी ओजस्वी वाणी और उपदेश से प्रभावित होकर हजारों की संख्या में लोग उनके अनुयायी बने। बाबा जी ने धर्म प्रचार के लिए अपने 22 शिष्यों को विभिन्न स्थानों पर गद्दीनशीन किया। जिसमें अफगानिस्तान के शहर काबुल, गजनी, पाकिस्तान के शहर सरगोधा, गुजरांवाला, लाहौर, मुलतान, झंग, सनखेतरा और पेशावर प्रमुख है। भारत के भी कई स्थानों पर इनके अनुयायी बने, जिसमें पंजाब के ध्यानपुर साहिब, रामपुर-दातारपुर और अमृतसर में 3 सक्रिय गद्दियां स्थापित हैं। प्रवचनों के बाद महंत रामसुंदर दास ने लंगर हाल उदघाटन किया और मुख्यातिथि सुधा ने संगत को भंडारा वितरित किया। इस अवसर पर प्रधान केवल कृष्ण पाठक, उप प्रधान अशोक भारद्वाज, सचिव वेद आनंद, कैशियर कुलदीप भास्कर, आडिटर एस के कपिला,जगदीश भास्कर,ओम प्रकाश लालका,राकेश शर्मा,गुलशन भाम्बा,सतीश गुलाटी,शिवकुमार शर्मा,आर.के.गुलाटी,दर्शन खन्ना,सुरेश पुंज,श्याम जुनेजा,कृष्ण लाल अरोड़ा,राकेश सूरी,सुनील छाबड़ा मौजूद रहे।

# प्रतिभा ईश्वरीय देन है, बस जरूरत है इसे उभारने की...

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
प्रतिभा ईश्वरीय देन है - बस जरूरत है इसे उभारने की। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर अनेक गतिविधियां करवाई जाती हैं। विशेषकर नए विद्यार्थियों के लिए

मंगलवार को चंदन बाल विकास पब्लिक आट्टा में 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं के नए छात्रों ने बड़ी उमंग के साथ बढ़- चढ़ कर भाग लिया। इसके अंतर्गत एकल नृत्य , सामूहिक नृत्य, गीत ,भाषण,




कविताएं, प्रश्नोत्तरी, रैंप वॉक आदि को प्रस्तुत किया गया ।
हरियाणवी लोक नृत्य ने तो समा ही बांध दिया। देश भक्ति गीत आंखों को नम कर देने वाला रहा ।इसके साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । इसी के साथ कक्षा पहली से बारहवीं के बच्चों की 'नोटबुक कवर एक्टिविटी' भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों की डायरी में स्वपरिचय सहित नोटबुक को अच्छी तरह से कवर करने के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।

# नरेला: मेन बाजार व्यापार मंडल ने किया भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में भगवान राम के जन्मोत्सव, रामनवमी के शुभ अवसर पर मेन बाजार व्यापार मंडल ने नरेला के मेन बाजार स्थित नारायण मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति और सेवा का अनुपम संगम देखा। यह पहल व्यापार मंडल की ओर से हर साल की तरह इस बार भी सामाजिक एकता और धार्मिक उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। भंडारे की शुरुआत दोपहर 12 बजे हुई, जहां व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भगवान राम की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छोले-पूरी, हलवा और कई तरह का प्रसाद तैयार किया गया था, जिसे व्यापार मंडल पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं ने बड़े ही प्रेम और श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं में वितरित किया। भंडारे में शामिल होने के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो देर शाम तक जारी रही।भंडारे के दौरान नारायण मन्दिर को रंग-बिरंगे झंडों और गुब्बारों से सजाया गया था, जिससे हर कोई राममय हो गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और रामायण के भजनों की मधुर धुनें गूंज रही थीं, जिसने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। कई श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल भूखे को भोजन देता है, बल्कि लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है।इस भंडारे में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने हिस्सा लिया। कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को कुछ घंटों के लिए बंद रखकर इस सेवा कार्य में योगदान दिया। आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए स्वच्छता और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया।मेन बाजार व्यापार मंडल का यह प्रयास हर साल की तरह इस बार भी लोगों के दिलों में बस गया। यह भंडारा न केवल धार्मिक उत्सव का हिस्सा बना, बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ। श्रद्धालुओं ने इसे एक यादगार अनुभव बताते हुए अगले साल भी ऐसे आयोजन की उम्मीद जताई।व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय बंसल ने बताया, "रामनवमी का यह पर्व हम सभी को मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस भंडारे के माध्यम से हम न केवल प्रभु राम के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करते हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने का भी प्रयास करते हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि इस आयोजन में व्यापारियों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सहयोग किया। भंडारे में मेन बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, प्रधान संजय बंसल, महासचिव नीरज चौहान, कोषाध्यक्ष पवन सिंघल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।


## दिल्ली सरकार के पास हीटवेव से निपटने के लिए क्या तैयारियां हैः देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पूछा कि दिल्ली सरकार की समय से पहले आने वाले हीटवेव से निपटने के लिए क्या तैयारियां है? क्योंकि मौसम विशेषज्ञों ने इस वर्ष हीटवेव जल्दी आने की चेतावनी दी है और 8-9 अप्रैल को भीषण गर्मी होने मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों सावधान किया है कि भीषण गर्मी से बचे क्योंकि पिछले वर्ष हीट स्ट्रोक के कारण 25 लोगों की मौत हुई थी जबकि कई संगठनों के मुताबिक हीट स्ट्रोक से दम तोड़ने वाले मरीजों का आंकड़ा 193 के करीब था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मौसम विभाग ने इस वर्ष तेजी से गर्मी बढ़ने की चेतावनी दी है और कल सोमवार को दिल्ली का तापमान 41 डिग्री तक पहुँच गया और 8-9 अप्रैल को 42 डिग्री तक तापमान पहुँचने की आशंका जताई है। पिछले 15 वर्षों में दूसरी बार है जब अप्रैल में लू वाली भीषण गर्मी देखी गई है, 2022 में अप्रैल में लगातार 4 दिनों तक लू चली थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हीटवेव के साथ यहां वायु की गुणवत्ता भी खराब चल रही है, सोमवार दिल्ली का एक्यूआई 261 खराब श्रेणी का दर्ज किया गया। भाजपा सरकार को दिल्ली की जनता को हीटवेव और खतरनाक प्रदूषण दोनो से बचने के उपाय करने होंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हीटवेव के दुष्प्रभावों का जोखिम अधिक हो सकता है।

## 10 अप्रैल को रहरा गांव में मनाई जाएगी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश** के अमरोहा रहरा गांव के प्रकाश वीर शास्त्री ग्राउंड में ज्योतिबा फुले आर्मी पंजीकृत द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह आयोजित किया गया है। ज्योतिबा फुले आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सुपारी ने बताया कि आगामी 10 अप्रैल को आयोजित इस समारोह में हरियाणा के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ किशोर सैनी, भागीरथी सैना के सुप्रीमो सोनू सुदर्शन, अमरोहा बीजेपी के नेता राम सिंह सैनी, हसनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी, हसनपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह सैनी, अमरोहा



जिला पंचायत के पूर्व सदस्य हरिश सैनी, धनोरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश सैनी, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा अमरोहा के जिला अध्यक्ष गंगा शरण सैनी, हरियाणा कैथल के प्रसिद्ध समाजसेवी पालराम सैनी, अमरोहा सैनी समाज के प्रसिद्ध नेता चंद्रपाल सैनी, अमरोहा के प्रसिद्ध समाजसेवी



के सी सैनी, हसनपुर के युवा नेता रवि शंकर सैनी के अतिरिक्त समाज के अनेक गणमान्य बंधुओं को इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। सभी समाज बंधु इस अवसर पर अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराकर अपने कुल पुरोधा महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे। ज्योतिबा फुले आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सुपारी ने बताया की रहरा क्षेत्र के ग्रामीण वासी महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को पावन पर्व के रूप में मनाएंगे। ज्योतिबा फुले आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सुपारी ने बताया की सहारनपुर हरिद्वार बिजनौर अमरोहा बदायूं हरियाणा के साथ-साथ दिल्ली के समाज बंधुओ को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। जितेंद्र सुपारी ने बताया की समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय सैनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी करेंगे और मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार सैनी इस समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

रहरा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर शिवशरण सैनी के मार्गदर्शन में सभी कार्यकर्ता जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए तत्परता से जुटे हुए हैं। ज्योतिबा फुले आर्मी के राजेश सैनी ने बताया इस अवसर पर विभिन्न कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जितेंद्र सुपारी एवं युवा नेता मोनू सैनी ने बताया कि समारोह में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सैनी, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के युवा नेता राकेश सैनी, हरियाणा समालखा के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर सूरजभान सैनी, अमरोहा के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर दिनेश सैनी, अमरोहा देहात के पूर्व प्रधान सुभाष सैनी जी अमरोहा देहात के प्रधान संजीव सैनी को भी इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# यह अनजाने में हुई अनदेखी नहीं, बल्कि सिख भावनाओं का जानबूझकर किया गया अपमान हैः सिरसा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार राजधानी की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। इसी दिशा में माननीय पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के कुछ महत्वपूर्ण स्थलों का ग्राउंड लेवल इंस्पेक्शन किया, जिनमें गुरु तेग बहादुर मेमोरियल, महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट फॉर कॉम्बैटिंग क्लाइमेट चेंज और भलस्वा लैंडफिल के पास NH-1 शामिल हैं। यह दौरा तीन प्रमुख लोकेशन्स पर केंद्रित रहा, सिंघु बॉर्डर पर स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल, गांव बकौली में स्थित महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट फॉर कॉम्बैटिंग क्लाइमेट चेंज, और भलस्वा लैंडफिल के पास NH-1 का महत्वपूर्ण रोड स्ट्रेच, जो दिल्ली के इंटरस्टेट कनेक्टिविटी के लिए बेहद अहम है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और कला, संस्कृति व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने सिंघु बॉर्डर स्थित गुरु तेग बहादुर मेमोरियल का दौरा किया और वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। जैसा की यह मेमोरियल 11.87 एकड़ में फैला है और सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी की महान शहादत को समर्पित है। इस कंप्लेक्स में 24 मीटर ऊंचा एक सेंट्रल पायलन है, एवं इसके दोनों ओर तीन 'C' शेप की आर्चेस हैं, वहीं परिसर में स्थापित दस मोनोलिथ पर दसों सिख गुरुओं की शिक्षाएं अंकित की गई हैं। आज गुरु तेग बहादुर मेमोरियल की दयनीय स्थिति देखकर मेरा मन अत्यंत व्यथित और क्षुब्ध है। 'हिंद दी चादर' गुरु तेग बहादुर साहिब जी को समर्पित यह पवित्र स्थल आज टूटा-बिखरा, उपेक्षित और भुलाया हुआ नजर आता है। जो स्थान गौरव और श्रद्धा का प्रतीक होना चाहिए था, वह आज पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण दयनीय स्थिति में पहुंच गया है। आप सरकार ने अपने प्रचार और पीआर की नौटंकियों पर करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए एक रुपया भी खर्च नहीं किया। यह मात्र लापरवाही नहीं है - यह सिख भावनाओं का जानबूझकर किया गया अपमान है। अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने बार-बार सिख भावनाओं का सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया है, लेकिन इस पवित्र मेमोरियल के संरक्षण के लिए कभी कोई ठोस प्रयास नहीं किया। अब समय है कि देश इस सच्चाई को देखे और समझे," - माननीय मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा गे माननीय मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि एक समय यहां का लाइट एंड साउंड शो इस मेमोरियल की खास पहचान हुआ करता था, लेकिन अफसोस की बात है कि यह कई वर्षों से बंद पड़ा है। साथ ही, पूरे परिसर की लाइटिंग व्यवस्था भी पूरी तरह से निष्क्रिय है, जिससे यहाँ की भव्यता प्रभावित हो रही है और यहाँ पर्यटकों का आवागमन भी ना के बराबर है। उन्होंने आगे कहा, हमम इस मेमोरियल को इस प्रकार विकसित करना चाहते हैं, जिससे पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश जैसे नजदीकी राज्यों से आने वाले टूरिस्ट व दर्शनार्थी यहां रुकें, इस स्थान को देखें, गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, बलिदान और सिख परंपरा के गौरव को समझें। यह मेमोरियल नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है, जिससे लोगों को यहां तक पहुंचना बेहद आसान होगा। पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, यह जगह एक कल्चरल और स्पिरिचुअल सेंटर बननी चाहिए। हम यहां लेजर शो, कल्चरल परफॉर्मेंस, हेरिटेज टूर और विज़िटर की सुविधा को अपग्रेड करने जैसे कई पहल की शुरुआत करेंगे, ताकि यह एक प्रमुख धार्मिक और टूरिस्ट डेस्टिनेशन बने।

## दिल्ली सरकार 'विकसित दिल्ली' की संकल्पना को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्धः कपिल मिश्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** सरकार विकसित दिल्ली की संकल्पना को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में पूर्वी दिल्ली स्थित खजूरी चौक का मंत्री कला, संस्कृति एवं पर्यटन कपिल मिश्रा ने स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें उनके साथ केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी और घोंडा क्षेत्र से विधायक अजय महावर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कपिल मिश्रा ने खजूरी खास क्षेत्र के वृहद विकास के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए जिसमें खजूरी चौक के पास यातायात को तेज और सुगम बनाने, सौंदर्यीकरण और अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा शामिल है। साथ ही खजूरी पुलिस स्टेशन और सभापुर इलाके में जगह जगह हो रहे जलभराव की समस्या का भी तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। पिछले लम्बे समय से ये क्षेत्र भयंकर ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण और जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, सरकार लोगों की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है।

## बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवश्य ही अगवत कराये अभिभावकः तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र** के समाजसेवी संजय तिवारी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और जरूरतमंद, निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है, इसलिए मैं सभी अभिभावकों से कहना चाहता हूं कि सभी



अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराये, जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति को बेहतर तरीके से जान सके। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को भारतीय इतिहास, पुराण, भागवत कथा और रामायण के बारे में बताये जिससे की बच्चे संस्कारी बनें।



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र स्थित हैदरपुर गांव में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा के दौरान समाजसेवी राजकुमार चौधरी व अन्य गणमान्य लोग।

# शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने नाईट शेल्टर का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के शहरी विकास मंत्री** आशीष सूद ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा द्वारका सेक्टर 3, फेज- 3 में संचालित 4 नाईट शेल्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ DUSIB के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि आज का औचक निरीक्षण इन शेल्टर होम की वास्तविक स्थिति जानने के लिए रखा गया था। मंत्री महोदय ने DUSIB के सीईओ, इंजीनियर तथा रखरखाव करने वाली संस्था को निर्देश दिए की इन सभी नाइट शेल्टर में रहने वाले बेघरों को मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के लिए स्वच्छ पानी, टॉयलेट, मौसम अनुसार बिस्तर, लाइट तथा इनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए पंखे और कलर की भी उचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिल्ली में सभी बेसहारा लोगों को आश्रय देने के साथ साथ जीवन यापन के लिये जरूरी मूलभूत सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम समय-समय पर इन नाईट शेल्टर का दौरा करेंगे और यहां दी जा रही सुविधाओं की जांच भी की जाएगी। उन्होंने नाईट शेल्टरों को संचालित करने वाली एजेंसी को निर्देश दिए कि वह गुणवत्ता के सभी मानकों को पूरा करें अन्यथा उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। मंत्री महोदय ने नाइट शेल्टर में रह रहे बेघर पुरुष और महिलाओं से बातचीत भी की और उनसे वहां की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। वहां रहने वाले लोगों ने वहां की व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की।

# योगी सरकार ने पीआरडी जवानों का बढ़ाया ड्यूटी भत्ता

## सीएम योगी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः योगी सरकार** ने प्रदेश में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवानों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 34 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। मुख्यमंत्री योगी की अगुआई में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ



इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है।

**30 दिन की ड्यूटी पर 3150 रुपये की होगी वृद्धिः** मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने के निर्णय को भी मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते को 395 रुपये 500 रुपये किये जाने पर अपनी

**मंजूरी**

**प्रमोशन के पद थे वो ज्यादा थे और नीचे के पद कम थे। अब इस पिरामिड को ठीक किया गया है**

सहमति दी है। ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जायेगी। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। प्रस्ताव के क्रियान्वयन के बाद पीआरडी स्वयंसेवकों की 30 दिन की उपस्थिति के आधार पर ड्यूटी भत्ते में 3150 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो जायेगी।

**अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली में पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरीः** मंत्रिमंडल की बैठक में वित्त विभाग का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो प्रमोशन के पद थे वो ज्यादा थे और नीचे के पद कम थे। अब इस पिरामिड को ठीक किया गया है।

# जिलाधिकारी ने पोषण पखवाड़ा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौरः जिलाधिकारी** जसजीत कौर ने पोषण अभियान के अन्तर्गत (ह्लपोषण पखवाड़ाह्ल) पोषण रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा के प्रभावी क्रियान्वयन एंव जन-जागरूकता के लिए आज जनपद स्तरीय ह्लपोषण रैली निकाली गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत बच्चों, किशोरी बालिकाओं एंव महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए प्रत्येक वर्ष ह्लपोषण पखवाड़ाह्ल आयोजित किया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पोषण अभियान के अन्तर्गत ह्लपोषण पखवाड़ेह्ल के अंतर्गत आयोजित होने वाले




कार्यक्रमों में पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, शीतल वर्मा ने बताया कि 08 अप्रैल से आगामी 22 अप्रैल तक पोषण अभियान के अन्तर्गत ह्लपोषण पखवाड़ाह्ल मनाया जाएगा। पोषण पखवाड़े के दौरान विकास खण्ड स्तर, ग्राम स्तर एंव आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर तिथिवार विभिन्न गतिविधियां कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय से आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन, सीडीपीओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कार्यकर्त्रियां मौजूद थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### संभल हिंसाः सांसद जियाउर्रहमान बर्क से एसआईटी ने तीन घंटे की पूछताछ

**संभलः जिले** में हुई हिंसा मामले में विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क नखासा थाने पहुंचे। सांसद से एसआईटी ने तीन घंटे तक पूछताछ की। एसआईटी के पूछताछ प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 24 नवम्बर 2024 को जो घटना हुई थी, उसमें जो अभियोग दर्ज हैं, उसकी जांच एसआईटी कर रही है। इस मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए सांसद को समन भेजा गया था। मंगलवार को कई अधिवक्ताओं के साथ सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। इस दौरान उनसे कई सवाल पूछे गये। तीन घंटे की लम्बी पूछताछ के बाद सांसद घर के लिए रवाना हो गये। पत्रकारों से सपा सांसद ने बताया कि जांच प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए मुझे बीएनएसएस की धारा 35 का नोटिस भेजा गया था। उसी के तहत मैं यहां पर जांच में सहयोग करने के लिए पहुंचा हूं। उनके बयान दर्ज किए गए हैं। यह कानूनी प्रक्रिया है। मैं जांच टीम का पूरा सहयोग करूंगा।

### मुरादाबाद में आजमीनों को 7 केंद्रों पर दी गई हजयात्रा की ट्रेनिंग

**मुरादाबादः हजयात्रा** 2025 के लिए चयनित आजमीनों का प्रशिक्षण मंगलवार को जिले के सात केंद्रों पर प्रारंभ हुआ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि इस बार हजयात्रा के लिए जिले से 1579 आजमीनों का चयन हुआ है। प्रशिक्षण के लिए जिले के सात मदरसों को केंद्र बनाया गया है। इसमें मदरसा जामे उल हुदा गलशहीद, मदरसा बशीरूल उलूम कुंदरकी, मदरसा नूरूल कुरान गुईयांबाग, मदरसा एमएच इस्लामिया लालबाग ठाकुरद्वारा, मदरसा अब्दुल गफूर नईमी पाकबड़ा, मदरसा नासिर उल उलूम कांठ, मदरसा अंसार उल्लाह फैजुल उलूम मिलक बुजपुर मूंढापांडे शामिल हैं। जहां आजमीनों को प्रशिक्षण दिया गया।

### लखनऊः शहर के चौक में दहशत फैलाने वाले पकड़े गए सियार

**लखनऊः लखनऊ** शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके चौक में दो सियारों के घूमने से दहशत का माहौल बना रहा। इस दौरान दोनों सियारों को चौक के पटनाला क्षेत्र के लोगों ने पिंजरे में पकड़ लिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पिंजरे सहित दोनों सियारों को वन क्षेत्र के लिए रवाना कर दिया। वन विभाग के कर्मचारियों के अनुसार बीते 24 घंटे से चौक के सरार्फा बाजार से लेकर पटनाला के बीच सियारों के होने की सूचना मिल रही थी। आज सुबह के वक्त मस्जिद के निकट लोगों ने सियारों को दबोच लिया। वन विभाग की ओर से सियारों को बड़े पिंजरे में रखकर वहां से रवानगी करायी गयी है। चौक कोतवाली के निरीक्षक नागेश उपाध्याय ने कहा कि चौक इलाके के प्रमुख क्षेत्र पटनाला के निकट मस्जिद में दो सियार दिखायी दिये थे। इसमें एक सियार को स्थानीय लोगों ने तत्काल ही जाल में फंसा दिया। वहीं दूसरा सियार कुछ दूरी पर पकड़ा गया। बाद में वन विभाग की टीम फंसे सियारों को पकड़ कर अपने साथ ले गयी। सीसीटीवी कैमरों की मदद से चौक पुलिस ने सियारों के मूवमेंट की जानकारी साझा की थी।

### संभल : विवादित शाही जामा मस्जिद अब जुमा मस्जिद कहलाएगी

**मुरादाबादः उत्तर** प्रदेश के जनपद संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद अब जुमा मस्जिद कहलाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने शाही जामा मस्जिद के बदले नाम का बोर्ड भिजवा दिया है, जो अभी दो दिन पहले शुरू हुई सत्यव्रत चौकी में रखा हुआ है। हरिहर मंदिर पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने हाईकोर्ट से विवादित स्थल कहने की मांग की थी।संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ नाथ मंदिर में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई थी। यहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था।

# झुमका लेकर भागे ह्यजालसाजह्न, 3 लाख की ठगी

**मीरजापुर**

**मंगलवार** दोपहर करीब 2 बजे हलिया कस्बे में स्थित काली मंदिर के पास नारायण सोनार की आभूषण दुकान पर दो बाइक सवार उचक्के ग्राहक बनकर पहुंचे और लगभग 3 लाख रुपये मूल्य के आभूषण लेकर फरार हो गए। दुकान पर मौजूद महिला अर्चना देवी से आरोपियों ने पहले दो सोने के झुमके (लगभग 37 ग्राम) और एक चांदी का पायल (ढाई सौ ग्राम) दिखाने को कहा। जब महिला अंदर से और आभूषण लाने के लिए गई, तभी दोनों उचक्के पहले से तैयार खड़ी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

# राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 साल की उम्र में देवलोकगमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः ब्रह्माकुमारीज** की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में आज रात्रि 1.20 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को शांतिवन लाया जा रहा है, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण को समर्पित कर दिया। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3.30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह



परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थी। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में उन्होंने जन्म लिया। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तीकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया।

**दुखद**

**शांतिवन लाया जा रहा है, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा**

- ब्रह्माकुमारीज की 87 वर्ष की यात्रा की रहीं साक्षीदादी वर्ष 1937 में ब्रह्माकुमारीज की स्थापना से लेकर आज तक 87 वर्ष की यात्रा की साक्षी रही हैं। पिछले 40 से अधिक वर्ष से आप संगठन के ही युवा प्रभाग की अध्यक्षा की भी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। आपके नेतृत्व में युवा प्रभाग द्वारा देशभर में अनेक राष्ट्रीय युवा पदयात्रा, साइकिल यात्रा और अन्य अभियान चलाए गए। दादी के ही नेतृत्व में 1985 में भारत एकता युवा पदयात्रा निकाली गई। इससे 12550 किमी की दूरी तय की गई। यात्रा का शुभारम्भ तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने किया था।

कन्याकुमारी से दिल्ली (3300 किमी) की सबसे लंबी यात्रा रही। भारी बारिश और तूफान के दौरान भी मिशन पूरा किया। 24 अक्टूबर 1985 को दिल्ली में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। दादी के निर्देशन में करीब 70 हजार किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्राएं निकाली गईं।

# इंजीनियरिंग संकाय के तीन छात्रों का डीआरडीओ में चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः वीर बहादुर** सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के तीन प्रतिभाशाली छात्रों का चयन देश के प्रतिष्ठित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। छात्रों के चयन से विश्वविद्यालय का मान बढ़ा है।

इन छात्रों का चयन डीआरडीओ के देहरादून स्थित इंस्ट्रूमेंट्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट (आईआरडीई) प्रकोष्ठ में आठ सप्ताह की ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र अंशु शुक्ला, उज्ज्वल द्विवेदी और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र रोशन कुमार सिंह शामिल हैं। इस इंटर्नशिप के दौरान छात्र अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही रक्षा से जुड़ी परियोजनाओं पर प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अनुभव भी प्राप्त करेंगे।छात्रों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मंगलवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस चयन से यह सिद्ध होता है कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में सशक्त रूप से अग्रसर हैं।

# करंट लगने से युवक की मौत

**जालौनः** जालौन के रेंढर थाना क्षेत्र के गांव कुठौदा में मंगलवार को अजय कुमार (28) की हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से मौत हो गई। अजय प्राथमिक विद्यालय के पास सहजन के पेड़ से फली तोड़ने के लिए चढ़ा था, तभी पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पूरा मामला ग्राम कुठौदा का है। यहां का निवासी अजय कुमार अविवाहित था और अपने पिता राजकिशोर और छोटे भाई विजय कुमार के साथ रहता था।

# सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः समाजवादी** पार्टी (सपा) सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर हिन्दू संगठन नाराज है। सांसद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा समेत प्रदेश के लगभग 36 हिंदू संगठनों के लोग 1090 चौराहे पर एकत्र हुए। इस चौराहे से महासंग्राम यात्रा अन्य चौराहों पर निकलनी थी। पुलिस ने रास्ते में विरोध कर रहे लोगों को रोका, तो तीखी नोकझोंक हुई। मौके पर डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव , एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह के साथ भारी पुलिस बल भी तैनात है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह के आहवान पर मंगलवार को यात्रा में 36 हिन्दू संगठन एकत्र हुए। यात्रा 1090 चौराहे से होकर गांधी प्रतिमा की ओर चलने लगी। प्रदर्शनकारियों ने रामजी लाल सुमन और सपा पार्टी के मुखिया के

**नाराजगी**

**सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर हिन्दू संगठन नाराज है**

खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कोई डिवाइडर पर चढ़कर प्रदर्शन कर रहा है तो कोई वाहन पर। महिलाएं हाथ में तलवार लेकर विरोध कर रही थी। प्रदर्शनकारी उग्र हो गये और पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर विधान भवन और मुख्यमंत्री आवास की ओर भागने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोका। इस दौरान पुलिस की प्रदर्शनकारियों की तीखी झड़प हुई। सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पीएसी जवान और पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को बस में भरकर ईको गार्डन भेजना शुरू कर दिया। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।

# लोकभवन में आयोजित बैठक में 13 प्रस्ताव पास हुए

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में 13 प्रस्ताव पास हुए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 15 प्रस्ताव आये। उसमें से 13 प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी गई। इसमें प्रमुख रूप से हाथरस में मेडिकल कालेज के लिए जमीन का हस्तांतरण, पीआरडी जवानों के मानदेय वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही अयोध्या में दिव्यांग बच्चों के लिए बचपन डे-केयर सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या जिले में तीन वर्ष से सात

**मंजूरी**

**अयोध्या में दिव्यांग बच्चों के लिए बचपन डे-केयर सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया**

वर्ष तक आयुवर्ग के श्रवण बाधित दृष्टि बाधित, मानसिक रूप से असक्त छात्रों हेतु बचपन डे-केयर सेंटर स्थापना हेतु तहसील सदर की नजूल भूमि को निशुल्क दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को हस्तांतरित करने को मंजूरी दी गई है। अयोध्या में ही प्रस्तावित 300 शैया वाल? चिकित्सालय निर्माण हेतु पुराने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय की 12,798 वर्गमीटर भूमि को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने के लिए स्वीकार कर लिया गया। इसके अलावा कैबिनेट ने प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवान के मानदेय में 105 रुपये बढ़ाये जाने का निर्णय लिया। पहले 395 रुपये मिल रहे थे। अब 500 रुपये हर दिन मिलेंगे। इस निर्णय से करीब 34 हजार जवानों को लाभ होगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि वित्त विभाग- सहकारी समितियों एवं पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली के पुनर्गठन प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, वहीं उत्तरप्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां व पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 (संशोधन) को भी स्वीकार कर लिया गया। यमुना एवं ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे की क्रॉसिंग अफजलपुर में इंटरचेंज का निर्माण किया जाएगा। इसकी समस्त धनराशि का वहन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) करेगा। इसी तरह हाथरस में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी देने, आगरा-अलीगढ़ मार्ग पर दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लिमिटेड सासनी के परिसर में से 6.675 हेक्टेयर भूमि मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# प्रदेश के अस्पतालों को मिला एनक्वास तो पुख्ता हुई भरोसे की दीवार

## एनक्वास ने बदल दी प्रदेश के सीएचसी, पीएचसी और डिस्ट्रिक्ट अस्पताल की तकदीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः बरगदी** गांव की राबिया खातून बक्शी का तालाब (बीकेटी) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की कार्य प्रणाली से बहुत खुश हैं। अपने बच्चे को दिखाने आईं राबिया ने बताया कि अब इस अस्पताल में फिजिशियन के अलावा बच्चों, महिलाओं व सर्जरी के डॉक्टर मिल जाते हैं और दवाएं व लैब टेस्ट भी हो जाते हैं इसलिए अब हम लोगों को बार-बार शहर का रुख नहीं करना पड़ता है। इलाज के साथ जांच भी हो जाती है, दवाओं के लिए भी नहीं भटकना पड़ताराबिया की तरह ही माल ब्लॉक से आईं रामस्नेही भी बीकेटी सीएचसी के विकास से बहुत संतुष्ट दिखीं। उन्होंने बताया कि पांच साल पहले तक यहां इलाज भी नहीं मिलता था, लेकिन अब यहां पर सामान्य बीमारियों का उपचार मिल जाता है। जांच भी हो जाती है और अधिकतर दवाएं भी मिल जाती हैं इसलिए हम लोग 18 किलोमीटर दूर से यहां दिखाने आते हैं।

लखनऊ का पहला बीकेटी सीएचसी, जहां ब्लड बैंक हो रहा संचालितराबिया और रामस्नेही जैसे हर रोज बीकेटी सीएचसी में आने वाले 350 से अधिक मरीज इस

**व्यवस्था**

**अब इस अस्पताल में फिजिशियन के अलावा बच्चों, महिलाओं व सर्जरी के डॉक्टर मिल जाते हैं**

बात की तस्दीक करते हैं कि यहां बेहतर इलाज मिल रहा है। बीकेटी सीएचसी प्रदेश का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसे वर्ष 2022 में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र मिला। बीकेटी सीएचसी लखनऊ का पहला सीएचसी है, जहां ब्लड बैंक स्थापित है। यहां पर मौजूद कंगारू मदर केयर (केएमसी) सेंटर, एक्सरे टेस्ट होना, आनलाइन लैब रिपोर्ट मिलना और मरीजों से बेहतर व्यवहार बीकेटी सीएचसी को दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से अलग बनाता है। सीएचसी के अंदर की साफ सफाई और रखरखाव भी शानदार है।

**सीएम योगी की पहल से अब तक प्रदेश की 507 स्वास्थ्य इकाइयां एनक्वास से लैसः** एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। इसी के तहत अब तक प्रदेश की 507 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिल चुका है। इनमें अयोध्या एवं प्रयागराज मंडल में बेहतर काम हुआ है। आगरा, अलीगढ़, बरेली व सहारनपुर मंडल में एनक्वास के लिए काम किया जा रहा है। वहीं योगी सरकार ने इस साल के अंत तक प्रदेश की 50 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाण पत्र दिलाने का लक्ष्य रखा है।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः अदलहाट** थाना क्षेत्र के सिकिया गांव के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक की पहचान ग्राम डेहरी निवासी बेचू प्रजापति (45) पुत्र बाबूलाल के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी, बच्चों और अन्य महिला रिश्तेदारों को एक टोटो में बैठाकर, खुद बाइक से अपने दो रिश्तेदारों के साथ कैलहट स्थित माता शिवशंकरी धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सिकिया पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी सोनभद्र की ओर से आ रहे गिट्टी लदे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। घटना में बेचू प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके रिश्तेदार अमर (22) पुत्र नंदू निवासी अधवारे और नंदू (32) पुत्र कुम्ही निवासी चहनियां गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

मृतक बेचू प्रजापति एक पैर से विकलांग थे और दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करते थे। उनके परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। घायलों का इलाज नरायनपुर में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। नरायनपुर चौकी प्रभारी जयदीप सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## 60 लाख से अधिक माताओं को मिला मातृ वंदना योजना का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है। प्रदेश में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, उनके सम्मान की रक्षा करने और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से प्रदेश की 60 लाख से अधिक माताओं को लाभ पहुंचाया गया है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जिससे उनके पोषण और स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।

**दो लाख से अधिक महिलाओं ने पीएम स्वनिधि योजना से उठाया लाभ**

पीएम स्वनिधि योजना से प्रदेश की दो लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। इस योजना के तहत महिलाओं को लोन और प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में विभिन्न विभागों के साथ समाज सेवी संस्थाएं भी जुड़ी हुई हैं।

**महिलाओं में जागरूकता के प्रसार पर किया जा रहा फोकस**

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वरोजगार, कानूनी अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है जिससे महिलाएं निडर होकर अपने सपनों को पूरा कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाकर एक नए समाज के निर्माण में जुटी है जहां नारी शक्ति को पूरी आजादी और सम्मान मिल रहा है।

## सूट बेचने के नाम पर 50 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** अब साइबर ठग ऑनलाइन सूट बेचने के नाम पर भी चूना लगा रहे हैं। गुरुग्राम पुलिस ने मंगलवार को इसी तरह की ठगी में साइबर ठगों को मोबाइल सिम उपलब्ध कराने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी 2025 को थाना साइबर अपराध दक्षिण गुरुग्राम में एक शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित ने शिकायत में कहा गया कि इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन सूट खरीदने के लिए सूट बुक करने के नाम पर 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। इस शिकायत पर थाना साइबर अपराध दक्षिण में पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की।

# पीआरडी स्वयंसेवकों का बढ़ाया ड्यूटी भत्ता

### सीएम योगी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में पीआरडी स्वयंसेवकों को सौगात देते हुए इनके ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 34 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा। सीएम योगी की अगुवाई में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। सरकार के इस कदम से प्रदेश के पीआरडी जवानों में खुशी लहर है।



**30 दिन की ड्यूटी पर 3150 रुपए की होगी वृद्धि**

मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने के निर्णय को भी मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि मंत्री परिषद ने पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते को 395 रुपये 500 रुपए किये जाने पर अपनी सहमति दी है। ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस पर प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। प्रस्ताव के क्रियान्वयन के बाद पीआरडी स्वयंसेवकों की 30 दिन की उपस्थिति के आधार पर ड्यूटी भत्ते में 3150 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो जायेगी।

> **लाभ**
>
> ▸▸ सरकार के फैसले से प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी स्वयंसेवकों को होगा लाभ

**अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली में पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी**

मंत्री परिषद की बैठक में वित्त विभाग का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो प्रमोशन के पद थे वो ज्यादा थे और नीचे के पद कम थे। अब इस पिरामिड को ठीक किया गया है। इसके अंतर्गत अब नीचे वाले पद ज्यादा किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत कुल 1307 पदों में से 150 पदों को उच्चीकृत करते हुए सहायक लेखा परीक्षाधिकारी के पूर्व सृजित 255 पदों में सम्मिलित कर सहायक लेखा परीक्षाधिकारी के कुल 405 पद एवं 1307 पदों में से 464 पद निम्नीकृत करते हुए लेखा परीक्षक के रूप में सृजित 436 पदों में सम्मिलित कर लिया गया है। यानी नीचे के पद कुल 900 हो गए। पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत नीचे के पद ज्यादा होंगे और ऊपर धीरे-धीरे कम होते चले जाएंगे।

## कांग्रेस का अनोखा विरोध, घरों के बाहर बनाई सिलेंडर की रंगोली

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर। केंद्र** सरकार द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ाए जाने के विरोध में कांग्रेस सेवादल ने मंगलवार को इंदौर में अनोखा प्रदर्शन किया। यहां कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल ने अपने घर के बाहर सिलेंडर की रंगोली बनाकर महंगाई पर आक्रोश व्यक्त किया। इस रंगोली पर लिखा, ह्यमंहगाई की मार, मोदी सरकारह्ल।

इंदौर में कांग्रेस नेताओं से लेकर कार्यकताओं के घर के बाहर रंगोली बनाई गई। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पर भी दो रुपये भाव बढ़ाने पर आपत्ति दर्ज कराई है।

## स्वास्थ्य सचिव ने चारधाम यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून: चारधाम** यात्रा 2025 को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने युद्धस्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड शासन के सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, सिंचाई एवं चारधाम यात्रा हेतु बद्रीनाथ के नोडल अधिकारी डॉ. आर. राजेश कुमार ने मंगलवार को चमोली जनपद का दौरा किया। उन्होंने कमेड़ा से लेकर बद्रीनाथ तक के यात्रा मार्ग में स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़कों की स्थिति, पार्किंग स्थलों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और रजिस्ट्रेशन व स्क्रीनिंग केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-




निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम चमोली राजकुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता, एनएच, बीआरओ और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ. आर राजेश कुमार ने सबसे पहले गौचर स्थित रजिस्ट्रेशन सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (च्ब्), मेला मैदान तथा कर्णप्रयाग स्थित ट्रॉमा सेंटर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों में मरीजों के लिए पर्याप्त दवाओं का भंडारण, डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयाँ, उपकरण और मेडिकल स्टाफ हर समय तैनात रहें। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने जानकारी दी कि आगामी यात्रा में श्रद्धालुओं की बेहतर स्क्रीनिंग और प्राथमिक उपचार के लिए कुल 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट (एमआरपी) और 50 स्क्रीनिंग पॉइंट्स स्थापित किए जाएंगे।

> **दिशा-निर्देश**
>
> ▸▸ रजिस्ट्रेशन व स्क्रीनिंग केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

## कैबिनेट : स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति स्वीकृत



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में निराश्रित गौवंश की समस्या के निराकरण के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत "मध्य प्रदेश राज्य में स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति : 2025" की स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया है।

**गौ-शालाओं को प्रति गाय 40 रुपये प्रति दिवस किये जाने का निर्णय**

मंत्रि-परिषद द्वारा गौशालाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने और मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुक्रम में गौ-शालाओं को 20 रुपये प्रति गौवंश प्रति दिवस से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गौवंश प्रति दिवस किये जाने का निर्णय लिया गया।

**"मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना" को "डॉ. अम्बेडकर विकास योजना" किये जाने की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य में पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित गतिविधियों में रोजगार के नवीन अवसर बढ़ाने, उत्पादकता बढाने, किसानों की आय बढने से जीएसडीपी में वृद्धि और राष्ट्र की जीडीपी में योगदान बढाने के लिए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना की निरन्तरता (वर्ष 2024-25 तथा 2025-26) रखते हुए योजना का नाम "डॉ. अम्बेडकर पशुपालन विकास योजना" रखे जाने का निर्णय लिया गया। स्वीकृति अनुसार सहकारिता के माध्यम से पशुपालन गतिविधियों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसान को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करायें जायेंगे। नस्ल सुधार के लिए भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उत्पादन कार्यक्रम, प्रदेश की मूल गौवंशीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम तथा पशुपालकों को योजनाओं की जानकारी प्रदाय करने एवं उन्मुखीकरण के लिए प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की निरन्तरता पर स्वीकृती दी गयी।

> **मल्हारगढ़ (शिवना) दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की स्वीकृति**
>
> मंत्रि-परिषद द्वारा पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना अंतर्गत मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ (शिवना) दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना लागत राशि 2932 करोड़ 30 लाख रुपए, सैंच्य क्षेत्र 60 हजार हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के 32 ग्राम एवं मंदसौर तहसील के 115 ग्राम लाभान्वित होंगे।मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश की विद्युत कंपनियों के लिए कार्यशील पूंजी ऋण या नगद साख सुविधा के लिए शासकीय प्रत्याभूति प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी। परीक्षण और प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया हैं।

## मप्र में साक्षरता दर वृद्धि के लिए संचालित किया जा रहा है उल्लास-नव साक्षरता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

भोपाल: मध्य प्रदेश में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप साक्षरता कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। साक्षरता कार्यक्रम वर्ष 2022 से 2027 तक की अवधि के लिये तैयार किया गया है। प्रदेश में निरक्षरता उन्मूलन के लिये उल्लास-नव साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत यह कार्यक्रम पांच व्यापक उद्देश्य को लेकर संचालित किया जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना महत्वपूर्ण जीवन कौशल बुनियादी शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा और सतत शिक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के व्यक्तियों के लिये है। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने मंगलवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के परिदृश्य को ध्यान में रखकर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा अक्षर पोथी नाम से प्रवेशिका बनाई गई है।

यह प्रवेशिका सीखने की परिष्कृत गति एवं विषय वस्तु पर आधारित है। इस प्रवेशिका में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल जैसे वित्तीय, कानूनी, डिजिटल साक्षरता और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न मुद्दों को शामिल किया गया है।

> **शिक्षा नीति**
>
> ▸▸ नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार वर्ष 2027 तक तैयार किया गया है कार्यक्रम




## मप्र में पीपीपी मॉडल पर खुलेंगे मेडिकल कॉलेज, पशुपालन योजना भी होगी लागू

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाने के प्रस्ताव को मंजूर दी। इसके साथ ही गौशालाओं को प्रति गाय प्रतिदिन दिए जाने वाला सहायता अनुदान 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये करने का



निर्णय लिया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर पशुपालन योजना लागू की जाएगी। 25 गाय या भैंस रखकर दुग्ध उत्पादन का काम करने वालों को अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा अनुसूचित जाति जनजाति के हितग्राहियों को 33 फीसदी और अनारक्षित वर्ग के हितग्राहियों को 25% अनुदान मिलेगा।

> **मंजूरी**
>
> ▸▸ प्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाने के प्रस्ताव मंजूर

## असक्षम अधिकारी के जारी आरोप पत्रों पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर:** राजस्थान हाईकोर्ट ने नागौर जिले के मेड़ता तहसील निवासी सुशील कुमार की रिट याचिका को विचारार्थ स्वीकार करते हुए ग्राम विकास अधिकारी को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत दिए गए आरोप पत्रों पर रोक लगाई। सुशील कुमार वर्तमान में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर ग्राम पंचायत डाबरियानी कला तहसील मेड़ता जिला नागौर में कार्यरत है।

**लोगों में गुस्सा** गुस्साए लोगों ने जलाए टायर, छोटी चौपड़ व आस-पास के बाजार बंद, आरोपी उस्मान है कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष

# जयपुर हिट एंड रन केस: अब तक तीन की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** जयपुर हिट एंड रन केस में अब तक तीन की मौत हो गई है। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने बवाल कर दिया। भारी संख्या में आक्रोशित लोगों की ओर से मंगलवार को नाहरगढ़ पुलिस थाने का घेराव किया गया। लोगों द्वारा गणगौरी बाजार व आस पास के बाजारों को बंद करा दिया गया। छोटी चौपड़ पर गुस्साए लोगों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। जगह जगह टायर जल दिए गए। पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारी अलर्ट मोड पर है। जयपुर पुलिस ने कार ड्राइवर उस्मान खान के खिलाफ गैर इरादान हत्या का



मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने भी उस्मान खान को जिला उपाध्यक्ष पद से हटाकर पार्टी से निलंबित कर दिया है। सोमवार रात हुए इस हादसे में नाहरगढ़ रोड निवासी ममता कंवर (50), लालदास का खाड़ा निवासी अवधेश पारीक (37) की मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह शास्त्री नगर निवासी वीरेंद्र सिंह (48) की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार सुबह लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। मृतकों के परिजन और स्थानीय लोग नाहरगढ़ थाने के सामने धरने पर बैठे गए और पचास लाख रुपये के मुआवजे और प्रत्येक पीड़ित परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग करने लगे। हवा महल सीट से भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य भी उनके साथ धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि भाजपा और सरकार पीड़ित परिवार के साथ है।

भाजपा और युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल रहे। भारी संख्या में आक्रोशित लोगों की ओर से नाहरगढ़ पुलिस थाने के बाहर घेराव किया गया है। लोगों की ओर से गणगौरी बाजार व आस पास के बाजारों को बंद करा दिया गया है।